आषाढ़ कृष्ण पक्ष द्वितीया 03:19 उपरांत तृतीया विक्रम संवत 2082

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 13 जून 2025

वर्ष 6, अंक 75, पृष्ठ 14

2 राज्य, 6 संस्करण

मूल्य 6 रुपये

www.amritvichar.com

# अमृत विचार

मुरादाबाद

एक सम्पूर्ण अखबार

### एक करोड़ रुपये की मदद देगा टाटा समूह

मुंबई। टाटा समूह ने विमान हादसे में मारे गए लोगों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये सहायता राशि प्रदान करने की घोषणा की है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने एक्स पर कहा कि टाटा समूह इस त्रासदी में प्राण गंवाने वालों के परिजनों को एक-एक करोड़ रुपये देगा, घायलों के इलाज का पूरा खर्च उठाएगा।




हादसे के बाद मौके पर जारी बचाव अभियान

# अहमदाबाद में विमान क्रैश

## 200 से ज्यादा मौतें

**विमान में सवार थे 12 क्रू मेंबर सहित कुल 242 लोग जिसमें 169 भारतीय**

**अहमदाबाद से लंदन के गैटविक जा रही थी एयर इंडिया की फ्लाइट एआई 171**

**टेकऑफ करने के कुछ देर बाद ही डॉक्टरों के आवासीय परिसर से टकराया विमान**

अहमदाबाद, एजेंसी

लंदन जा रहा एयर इंडिया का एक विमान गुरुवार दोपहर अहमदाबाद हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद यहां एक आवासीय इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। विमान में दो पायलट और चालक दल के 10 सदस्य सहित 242 लोग सवार थे। हादसे में 200 से ज्यादा लोगों के मारे जाने की आशंका है।

विमान गुरुवार दोपहर सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के निकट मेघाणी नगर में शहर के सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों एवं नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।

नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से दोपहर 1:39 बजे रनवे 23 से उड़ान भरी। इसने एटीसी को मेडे (आपातकालीन संदेश देने के लिए) कॉल किया, लेकिन उसके बाद एटीसी द्वारा की गई कॉल का विमान से कोई जवाब नहीं मिला। मृतकों और घायलों का कोई आधिकारिक अनुमान नहीं है। बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान (एआई171) उड़ान भरने के तुरंत बाद तेजी से नीचे आया और यह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि एक बहुमंजिला इमारत बुरी तरह प्रभावित हो गई।

डीजीसीए ने बताया कि उड़ान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के हाथों में थी। उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर भी थे। दोनों काफी अनुभवी थे। कहा कि उड़ान भरने के तुरंत बाद विमान हवाई अड्डे की परिधि के बाहर गिर गया। लंदन के गैटविक जा रही उड़ान में 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, एक कनाडाई और सात पुर्तगाली नागरिक सवार थे। विमानन सूत्रों ने बताया कि विमान जमीन पर गिरने से पहले महज 600 से 800 फुट ऊपर चढ़ा था। अहमदाबाद में गुरुवार को हुई विमान दुर्घटना इस शहर में दूसरी हवाई दुर्घटना है। 19 अक्टूबर 1988 को इंडियन एयरलाइंस का एक विमान अहमदाबाद हवाई अड्डे पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था, जिसमें 130 लोग मारे गए थे।

### विमान में थे सवार

- 169 भारतीय यात्री
- 53 ब्रिटिश नागरिक
- 07 पुर्तगाल के यात्री
- 01 कनाडा का यात्री
- 12 विमान क्रू सदस्य

### अपार्टमेंट से निकाले छह डॉक्टरों के शव

प्रत्यक्षदर्शी हरेश शाह ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सिविल अस्पताल और बीजे मेडिकल कॉलेज के चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर से टकरा गया। वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जो चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ के आवासीय क्वार्टर हैं। उन अपार्टमेंट में रहने वाले कई लोग घायल हुए हैं जबकि छह चिकित्सकों के शव निकाले गए हैं, विमान के साथ इमारतों में भी आग लग गई। परिसर में मौजूद कई वाहन भी आग की चपेट में आ गए।



उड़ान भरने के कुछ देर बाद ही आग का गोला बना विमान।



अहमदाबाद हवाईअड्डे के समीप एक आवासीय भवन पर गिरा विमान का मलबा।

**787**
बोइंग ड्रीमलाइनर विमान

**1.39**
बजे दोपहर में भरी थी उड़ान

**600**
फीट की ऊंचाई से गिरा

### दुर्घटना की कराएंगे विस्तृत जांच : नायडू

नई दिल्ली। नागरिक उड्डयन मंत्री के राम मोहन नायडू ने कहा है कि विमान हादसे की निष्पक्ष एवं विस्तृत जांच कराई जाएगी। नायडू ने दुर्घटना स्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि वह हादसे के बाद से गहरे सदमे में हैं। इस समय वह यात्रियों और उनके परिवारों के बारे में सोच रहे हैं।

### विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी की मृत्यु



अहमदाबाद। अहमदाबाद विमान दुर्घटना में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की भी मृत्यु हुई है। केंद्रीय जल शक्ति मंत्री एवं गुजरात भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष सीआर पार्टिल ने रुपाणी के मृत्यु की पुष्टि की है। रुपाणी एयर इंडिया के उस विमान में सवार थे जो गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन के लिए उड़ान भरते ही दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इसमें 230 यात्री, दो पायलट तथा चालाक दल के 10 अन्य सदस्य सवार थे। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार, हादसे में एक यात्री जीवित बचा है और उसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। वरिष्ठ भाजपा नेता भूपेंद्र सिंह चूडासमा ने कहा कि विजय रूपाणी एअर इंडिया के विमान से लंदन जा रहे थे।

### हृदय विदारक दुर्घटना : प्रधानमंत्री मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विमान दुर्घटना को हृदय विदारक बताया और कहा कि इससे हम स्तब्ध और दुखी हैं। उन्होंने कहा कि वह प्रभावित लोगों की सहायता के लिए काम कर रहे मंत्रियों और अन्य अधिकारियों के संपर्क में हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, यह हृदय विदारक है जिसे शब्दों में बयां नहीं किया जा सकता। कहा कि दुख की इस घड़ी में, मेरी संवेदनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं।

### 600 फीट की ऊंचाई से गिरकर जीवित बचा, पहुंचा अस्पताल

अहमदाबाद। गुजरात के अहमदाबाद से लंदन जा रहे एयर इंडिया के बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमान एआई-171 गुरुवार को टेकऑफ के तुरंत बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 600 से 800 फीट की ऊंचाई पर पहुंचने के बाद विमान हादसे का शिकार हो गया। हादसे में विमान के क्रू मेंबर सहित 242 यात्रियों में कई के मरने की खबरें हैं लेकिन एक शख्स जिंदा बच गया है। इतनी ऊंचाई से गिरने के बावजूद उसकी जान बच गई। रमेश कुमार विश्वास नाम का यह शख्स खुद ही चलकर अस्पताल पहुंचा। अहमदाबाद के पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने बताया कि पुलिस को सीट 11ए पर एक जीवित व्यक्ति मिला। व्यक्ति अस्पताल में पाया गया है और उसका इलाज चल रहा है। अभी तक मौतों की संख्या के बारे में कुछ नहीं कहा जा सकता। मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि विमान आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हुआ। जिंदा बचे शख्स का नाम रमेश विश्वास कुमार बताया जा रहा है।

## यूपीआई लेनदेन पर कोई एमडीआर शुल्क नहीं

- **वित्त मंत्रालय ने कहा इस तरह के दावे निराधार एवं भ्रामक**

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्त मंत्रालय ने यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) मंच के जरिए लेनदेन पर कोई 'मर्चेंट डिस्काउंट रेट' (एमडीआर) नहीं लेने की जानकारी दी है।

मंत्रालय ने 'एक्स' पर कहा कि यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर वसूले जाने की अटकलें और दावे पूरी तरह से झूठे, निराधार एवं भ्रामक हैं। इस तरह की निराधार और सनसनी फैलाने वाली अटकलें हमारे नागरिकों के बीच अनावश्यक अनिश्चितता, भय व संदेह उत्पन्न करती हैं। सरकार यूपीआई के माध्यम से डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। एमडीआर वह लागत है जो व्यापारी द्वारा बैंक को अपने ग्राहकों से डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने के लिए चुकाई जाती है। व्यापारी छूट दर लेनदेन राशि के प्रतिशत में व्यक्त की जाती है। यह स्पष्टीकरण उन खबरों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि सरकार बड़े यूपीआई लेनदेन पर एमडीआर लगाने की योजना बना रही है। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, मई में यूपीआई लेनदेन 25.14 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले महीने की तुलना में पांच प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

## बठिंडा विवि में मिला इंफ्लुएंसर का शव

चंडीगढ़। पंजाब बठिंडा जिले में आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में एक कार में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कंचन कुमारी का शव मिला है। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि कंचन नौ जून से लापता थीं। जिस कार में उनका शव मिला है, वह कार उनकी ही है।

कमल कौर भाभी के नाम से मशहूर 30 वर्षीय कंचन के इंस्टाग्राम पर 3.84 लाख 'फॉलोअर्स' हैं और वह फनी भाभी टीवी नाम से एक यूट्यूब चैनल चलाती थीं, जिसके 2.36 लाख 'सब्सक्राइबर' हैं। पुलिस ने बताया कि नौ जून को वह अपनी मां को यह कहकर घर से निकली थीं कि वह एक 'प्रमोशन इवेंट' के लिए जा रही हैं। भुच्चो उपनगर के स्थानीय निवासियों ने पुलिस को आदेश विश्वविद्यालय की पार्किंग में खड़ी एक कार से बदबू आने की सूचना दी।

## योगी के हाथों सम्मानित होकर खिल उठे विद्यार्थियों के चेहरे

### मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार की कोशिशें प्रतिभाओं को निखरने का दे रही हैं मौका

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोक भवन सभागार में गुरुवार को सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री योगी के हाथों सम्मानित होकर छात्र-छात्राओं के चेहरे खिल उठे। राज्य सरकार के प्रयासों की जमकर तारीफ की। उनके अभिभावकों के चेहरे पर भी प्रसन्नता देखते ही बन रही थी। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की कोशिश है कि प्रदेश में प्रतिभाओं को निखरने का अवसर मिले, इसके लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।



लोकभवन में मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह की शुरुआत करते मुख्यमंत्री योगी।

अभिभावकों ने कहा कि योगी का विजन मिशन मोड में उत्तर प्रदेश में ट्रांसफॉर्मेशन को सुनिश्चित कर रहा है। प्रदेश की युवा मेधा और प्रतिभा का सम्मान जिस प्रकार योगी ने सुनिश्चित किया वह पूर्ववर्ती सरकारें नहीं कर सकीं। यही कारण है कि युवाओं के मन में एक निराशा घर कर गई थी जिसे योगी सरकार के प्रयासों ने आशा की किरण देकर निखरने का मौका दिया है। आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा को 99.4 प्रतिशत से उत्तर प्रदेश में तीसरा स्थान पाने वाले वत्सल अग्रवाल ने सम्मानित होने को गौरवान्वित होने वाला क्षण बताया। कहा कि उत्तर प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में शिक्षा को लेकर बड़े स्तर पर कार्य हुए हैं। वत्सल की मां ने योगी का धन्यवाद करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकारों में युवा प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए उस स्तर पर प्रयास नहीं किए जाते थे, जैसा योगी सरकार में किया जा रहा है। सीबीएसई बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत मार्क्स लाने वाले आरव मल्होत्रा ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता उधार के लिए सरकार बधाई की पात्र है। 99.4 प्रतिशत मार्क्स लाकर ऑल इंडिया तीसरी रैंक प्राप्त करने वाली अमरोहा की तनिष्का राजपूत ने कहा कि उनका सपना आईएएस ऑफिसर बनकर देश की सेवा करना है। सहारनपुर की रीत राठौर ने नेशनल स्कूल गेम्स में भाग लेकर हाई जम्प में गोल्ड मेडल जीता था। कहा कि एक खिलाड़ी के लिए सपोर्ट सबसे जरूरी होता है। नेशनल स्कूल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल जीतने वाली निष्ठा गुप्ता ने भी मुख्यमंत्री योगी से हाथों सम्मानित होने पर हर्ष जताया।

- **अभिभावकों ने भी सराहा, कहा पहले की अपेक्षा युवा शक्ति को ज्यादा प्रोत्साहन**

## शहर में आज



☞पारकर इंटर कॉलेज में एनसीसी "बी' एवं "सी' प्रमाण पत्र वितरण समारोह सुबह 10 :00 बजे

☞सृष्टि द पथ ऑफ क्रिएशन संस्था की ओर से फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता जीजी हिंदू इंटर कॉलेज में दोपहर 1 :00 बजे




### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में कार्यालय सभागार में 77वीं पेंशन अदालत आयोजित

# पेंशन भुगतान में लापरवाही पर बेसिक के लेखाधिकारी का वेतन रोका

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **लिपिक को पेंशन प्रकरण की पूरी जानकारी न होने पर मंडलायुक्त ने दी प्रतिकूल प्रविष्टि**

**अमृत विचार :** मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह की अध्यक्षता में गुरुवार को उनके कार्यालय सभागार में 77वीं पेंशन अदालत आयोजित की गई। पेंशनरों के प्रकरणों को लंबित रखने पर मंडलायुक्त ने कड़ी नाराजगी जताई। जिन-जिन विभागों द्वारा पेंशनर के प्रकरणों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है, उनके अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर कार्रवाई करने के लिए कहा।

शमशाद अली सेवानिवृत्त लिपिक को पेंशन एवं ग्रेच्युटी का भुगतान न होने, सेवानिवृत सहायक अध्यापक ज्ञान सिंह के प्रकरण में लापरवाही बरतने व बैठक में बेसिक के वित्त एवं लेखाधिकारी के अनुपस्थित होने और प्रकरणों का निस्तारण न होने पर मंडलायुक्त ने वेतन रोकने का निर्देश दिया।

पेंशन अदालत में मुख्य चिकित्साधिकारी मुरादाबाद, जिला विद्यालय निरीक्षक संभल अनुपस्थित रहने पर चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने कहा कि पेंशनरों का कोई भी ड्यूज न रोका जाए, उन्हें उनके समस्त देयकों का भुगतान समय से सुनिश्चित हो।



सुनवाई करते मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह व मौजूद अधिकारी। • अमृत विचार

मंडलायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पेंशनरों की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें। उन्होंने अपर निदेशक पेंशन को भी निर्देश दिया कि बीच बीच में संबंधित विभागों से फोन कर पेंशनर के प्रकरण के निस्तारण के लिए बातचीत करें। कहा कि अगली बैठक में संबंधित अधिकारी/अधीनस्थ प्रकरण की पूरी जानकारी के साथ उपस्थित हों।

पेंशन अदालत में भोपाल सिंह तोमर सेवानिवृत सहायक विकास अधिकारी अमरोहा के प्रकरण को 15 दिन में निस्तारण करने का निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी अमरोहा को दिया। सेवानिवृत्त मुख्य सेविका लक्ष्मी जाटव के नकदीकरण का भुगतान नहीं होने पर कड़ी फटकार लगाते हुए दो दिन में भुगतान करने के निर्देश मंडलायुक्त ने दिए। मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय से सेवानिवृत्त अनीता शर्मा, निर्मल कुमार, प्रभा अग्रवाल के प्रकरण लंबित रहने व बैठक में उपस्थित लिपिक हरि को प्रकरणों की पूरी जानकारी नहीं होने पर उन्हें प्रतिकूल प्रविष्टि जारी की है।

बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन प्रथम सर्वेश कुमार गुप्ता, अपर निदेशक कोषागार, मुख्य कोषाधिकारी मुरादाबाद, जिला पंचायत राज अधिकारी अमरोहा, जिला कार्यक्रम अधिकारी संभल, सहित अन्य विभागों के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य उत्पादन बढ़ाने के लिए संगोष्ठी 18 को

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पंचायत सभागार में 18 जून को प्रदेश सरकार में मंत्री संजय कुमार निषाद की मौजूदगी में एक दिवसीय मत्स्य उत्पादन बढाने के लिए मंडलीय संगोष्ठी दिन में 11:00 बजे आयोजित की जाएगी।

इसमें विभागीय योजनाओं के प्रचार प्रसार के साथ ही मत्स्य पालकों का रजिस्ट्रेशन, मछुआ दुर्घटना बीमा योजना और मत्स्य किसान क्रेडिट कार्ड, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना और मत्स्य पालक कल्याण कोष योजना के बारे जानकारी दी जाएगी। मुख्य कार्यपालक अधिकारी मत्स्य गणेश प्रसाद ने बताया कि इस आयोजन में किसानों के रजिस्ट्रेशन के लिए शिविर भी लगाया जाएगा।

# उफ गर्मी: दिन में चैन न रात को मिल रहा आराम

### सूरज की तपिश बरकरार, तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंचा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जिलों में गर्मी से अभी राहत मिलती नहीं दिख रही है। आईएमडी की वेवसाइट पर गुरुवार को अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। जिससे लोग त्राहि कर उठे। उमस ने लोगों को बेचैन कर दिया। रात में न्यूनतम तापमान बढ़ने से लोगों को चैन नहीं मिल रहा है। पूरी रात करवट बदलने या घरों के बाहर निकल कर लोग काट रहे हैं। लो वोल्टेज व बिजली की आवाजाही ने मुश्किल और बढ़ा दी है।

गुरुवार की सुबह धूप हल्की रही। लेकिन दोपहर में सूरज ने फिर रंग दिखाया। अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया तो गर्मी मानों लोगों के सिर चढ़ गया। हर किसी की जुबान पर बस गर्मी के सितम की चर्चा रही। लोग गर्मी से त्राहि कर उठे। देर शाम तक सूरज की तपिश और लू का असर रहा। सड़कें दिन में सूनी रहीं। चार पहिया वाहनों के चालक भी एसी की कूलिंग का असर धूप में न होने से गाड़ी पेड़ की छांव में रोक कर राहत पाने में जुटे रहे। ग्रीन बेल्ट में राहगीर रुक कर छांव में आराम करते रहे। न्यूनतम तापमान 30.8 डिग्री सेल्सियस रहा। जिससे रात में भी लोग गर्मी व उमस से बेहाल रहे। आर्द्रता 42 प्रतिशत रहा। 8.4 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चली लू ने लोगों को बेदम कर दिया।



ये प्यास है बड़ी...ट्रेन रुकते ही पानी भरने के लिए उतरे यात्री। • अमृत विचार

- **गर्मी से लोग बेहाल, राहत के लिए बारिश का कर रहे इंतजार**

गोविंद बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय पंतनगर के प्रो. आरके सिंह ने बताया कि तीन दिन तक प्री मानसून शॉवर का अनुमान है। मानसून 20 या इसके बाद ही सक्रिय होगा।

### जरूरी होने पर ही घर से निकलने की सलाह

चिकित्सकों ने भी लोगों को बीच दोपहर में बहुत जरूरी न होने पर घर से न निकलने की सलाह दी। जिला चिकित्सालय के वरिष्ठ फिजिशियन डॉ. एके मिश्र ने कहा कि बहुत जरूरी होने पर घर से बाहर निकलें तो सिर को ढक कर रखें। अधिक से अधिक पानी पीते रहें। हृदयरोगी चिकित्सक के संपर्क में रहें।

## भीषण गर्मी में लगेज और दिव्यांग बोगी में सफर करने को मजबूर यात्री

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के बीच ट्रेनों के बिगड़े संचालन से यात्रियों का सफर दुश्वारियों भरा रहा। पिछले काफी दिनों से लंबी दूरी की ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। जिसके कारण यात्री जो ट्रेन आ रही है उसमें सवार हो रहे है। एक ही ट्रेन में भीड़ ज्यादा होने के कारण यात्री लगेज व दिव्यांग बोगियों में सफर करने को मजबूर है।

गर्मी में मंडल मुख्यालय से होकर गुजरने वाली दैनिक व स्पेशन ट्रेन में देरी से चल रही हैं। देरी से आने वाली ट्रेनों के इंतजार में यात्री गर्मी में परेशान हो रहे है। गुरुवार को ट्रेनों में अजीब नजारा देखने को मिला। यात्री लगेज और दिव्यांग डिब्बों में सफर करते नजर आए। इतना ही नहीं यात्री जरनल कोच के डाले पर बैठे थे। लखनऊ से चंडीगढ़ जाने एक्सप्रेस में भीषण गर्मी में भी भीड़ का हाल बुरा रहा। यात्री जनरल कोच के अलावा दिव्यांग व लगेज में बैठने को मजबूर हुए। जिसके बाद वहां भी जगह नहीं रही। दैनिक यात्री संगठन के अध्यक्ष सुधीर पाठक का कहना है कि ट्रेनों की लेट लतीफी और पैसेंजर ट्रेनों की कमी के कारण गर्मी के बीच यात्रियों को मुश्किलें हो रही हैं।




चंडीगढ़-लखनऊ एक्सप्रेस ट्रेन के लगेज डिब्बे में चढ़ते यात्री। • अमृत विचार

## रामदत्त द्विवेदी को मिला राजेंद्र मोहन शर्मा 'श्रृंग' स्मृति सम्मान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग की जयंती पर कार्यक्रम आयोजित**

**अमृत विचार :** संस्था साहित्यिक मुरादाबाद की ओर से साहित्यकार राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग की जयंती पर सम्मान समारोह एवं संगोष्ठी का आयोजन गुरुवार को आकांक्षा विद्यापीठ इंटर कॉलेज में किया गया। इसमें हिन्दी साहित्य के लिए वयोवृद्ध साहित्यकार रामदत्त द्विवेदी को अंगवस्त्र, मानपत्र, श्रीफल भेंट कर राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया।

समारोह का आरंभ मनोज व्यास ने स्मृतिशेष पंडित मदन मोहन व्यास रचित मां सरस्वती वंदना से किया। साहित्यिक मुरादाबाद के संस्थापक डॉ. मनोज रस्तोगी ने स्मृतिशेष राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। बताया कि 12 जून 1934 को जन्में राजेन्द्र मोहन शर्मा श्रृंग ने हिन्दी साहित्य की विभिन्न विधाओं में लेखन किया। उनका देहावसान 17 दिसंबर 2013 को हुआ।

कार्यक्रम के सह संयोजक जितेन्द्र कुमार जौली ने सम्मानित विभूति रामदत्त द्विवेदी का जीवन परिचय प्रस्तुत किया। इस दौरान साहित्यकारों ने श्रृंग के गीतों की प्रस्तुति दी। अध्यक्षता डॉ. महेश दिवाकर ने की। मुख्य अतिथि बृजेंद्र सिंह वत्स रहे। इस दौरान डॉ. अजय अनुपम, श्रीकृष्ण शुक्ल, हरि प्रकाश शर्मा, डॉ. प्रेमवती उपाध्याय, राजीव सक्सेना, कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र वर्मा व्योम, डॉ. कृष्ण कुमार नाज आदि मौजूद रहे।



रामदत्त द्विवेदी को राजेंद्र मोहन शर्मा श्रृंग स्मृति सम्मान से सम्मानित करते साहित्यकार।

## एक नजर

### कई मोहल्लों में फॉल्ट, 2 बजे तक गुल रही बिजली

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** महानगर के टाउनहॉल, पीलीकोठी, कंपनी बाग, कटघर,पीतल नगरी के ट्रांसफार्मर में फॉल्ट होने के बाद सभी विद्युत केंद्रो की बिजली आपूर्ति कई घंटे गुल रही। सुबह से ही कर्मचारी सही करने में लगे रहे। बताया कि कर्मचारियों ने फोन नहीं उठाया। गुरुवार को पीली कोठी विद्युत केंद्र से संबंधित कंपनी बाग और जैन मंदिर की बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से ही दोपहर 2 बजे तक परेशान करती रही। हरपाल नगर निवासी महेश गुप्ता ने बताया कि पूरे दिन बिजली आपूर्ति आती जाती रही। पिछले 3 दिन से कम वोल्टेज और एक फेस की बिजली न आने से लोग परेशान है ,वहां रहने वाले स्थानीय लोगों का कहना है कि दो दिन में कई बार गलशहीद विद्युत केंद्र और टैक्सी स्टैंड केंद्र पर बिजली आपूर्ति में सुधार करने के लिए शिकायत की गई लेकिन तीसरे दिन भी समस्या वैसी ही रही।

### मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित

**कांठ, अमृत विचार :** पंचायत भवन सभागार में आयोजित मेधावी सम्मान समारोह में नगर के महर्षि दयानंद इंटर कॉलेज में इंटर के आर्यन चौहान तथा अक्स नूर व हाई स्कूल में जिले की वरीयता सूची में स्थान बनाने वाली श्रद्धा यादव को एक टेबलेट एवं 21000 हजार का पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वहीं छजलैट में बोर्ड परीक्षा 2025 में हाईस्कूल के अरुण, नवनीत कुमार, नितिन कुमार, कक्षा 12 में प्रियांशी व आर्यव विमल, कुल 5 छात्र-छात्राओं को पंचायत भवन में सम्मानित किया गया।

### एकाग्रता बढ़ाता है योग

**भोजपुर, अमृत विचार :** राजकीय महाविद्यालय में गुरुवार को निर्धारित थीम योगा फार वन अर्थवन हेल्थ के कार्यक्रम की श्रृंखला में बुधवार को सूक्ष्म व्यायाम एवं प्राणायाम शीर्षक के अंतर्गत इसके विभिन्न आसनों, प्रकारों एवं लाभों के बारे में बताया। छात्र छात्राओं ने आसन की विभिन्न मुद्राओं का प्रदर्शन किया । अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य डॉ नरेश कुमार एवं संचालन वंदना भारती ने किया।

## शुद्ध भाव से प्रसन्न होते हैं भगवान



कलश यात्रा में शामिल आचार्य धीरशांत दास अर्द्धमौनी व अन्य श्रद्धालु

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- **शिवांगन धाम में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन**

**अमृत विचार:** शिवांगन धाम वेव ग्रीन सोसाइटी रामगंगा विहार में श्रीमद्भागवत कथा का आरंभ गुरुवार को आचार्य धीरशांत अर्द्धमौनी ने चौकी पूजन, कलश स्थापना की। पं. केशवराव जोशी ने अन्य अनुष्ठान किया। कथा व्यास धीरशांत ने महात्म, भक्ति महारानी, गोकर्ण-उपाख्यान और शुकदेव प्रकाट्य का मनोहारी वर्णन किया।

उन्होंने बताया कि कथा के श्रवण से अश्वमेघ यज्ञ जितना पुण्य प्राप्त होता है। जिस स्थान पर पवित्र श्रीमद्भागवत की पूजा निरंतर 7 दिन होती है वहां समस्त तीर्थों का वास रहता है। पितृदोषों, कालसर्प योग एवं अन्य महासंकटों से रक्षा करके, मोक्ष का अधिकारी बनाता है।

कथा व्यास ने कहा कि भगवान श्रीराम के भक्त हनुमान जी सिर्फ भगवान के नाम रूपी धन को ही जमा करते हैं। श्रीहरिनाम का आश्रय रूपी शुद्ध भक्ति का आश्रय लेने वाले भक्त ही शुद्ध भक्त हैं। आयोजन में संगीता विश्नोई, आदेश विश्नोई, शिवम विश्नोई, कनिष्का विश्नोई, पूनम चावला आदि ने सहयोग दिया।

# मुख्यमंत्री ने जिले के पांच मेधावियों को लखनऊ में किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** यूपी बोर्ड, आईसीएसई और सीबीएसई के 10वीं और 12 वीं कक्षा के 262 मेधावियों को गुरुवार को पंचायत भवन में सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ. शेफाली सिंह व अन्य जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मेधावियों को सम्मानित किया। वहीं जिले के पांच टॉपर्स को लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक लाख रुपये और टेबलेट और प्रमाण पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। जिसका प्रसारण पंचायत भवन में देखा गया।

स्थानीय स्तर पर आयोजित कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष डॉ शैफाली चौहान, विधान परिषद सदस्य सतपाल सैनी, मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार सिंह, डीएम अनुज सिंह ने 16 छात्र-छात्राओं को 21 हजार रुपये धनराशि के मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद आकांक्षा विद्यापीठ स्कूल की छात्राओं ने स्वागत गीत गाया। कार्यक्रम में यूपी, सीबीएसई व आईसीएसई बोर्ड के जनपद स्तर पर टॉप 10 में से 10-10 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल की ऋतु गर्ग , इरम फातिमा, इंटरमीडिएट के मयंक सिंह, चाहत व नव्या अरोड़ा को मुख्यमंत्री ने लखनऊ में सम्मानित किया। जनपद स्तर पर सम्मानित होने वाले यूपी बोर्ड के 08-08 विद्यार्थियों को 21 हजार रुपये धनराशि व मेडल, टैबलेट एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया। जनपद में टॉप 10 के अतिरिक्त हाईस्कूल के 70 विद्यार्थियों एवं इंटर के 77 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र दिया गया। वहीं जनपद में टॉप 10 में स्थान पाने वाले सीबीएसई बोर्ड हाईस्कूल के 34, सीबीएसई इंटरमीडिएट के 19, आईसीएसी बोर्ड के 18, आईएससी. के 17 विद्यार्थियों को मेडल एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी, एडी बेसिक बुद्धप्रिय सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र पाण्डेय, बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन अरुण मोहन शंखधर ने किया।



पंचायत भवन सभागार में आयोजित सम्मान समारोह में सम्मानित छात्र-छात्राएं व मौजूद अधिकारी। • अमृत विचार

- **एक लाख रुपये और टैबलेट का मिला, जनपद स्तर पर 16 को दी 21 हजार की धनराशि**

### खिलाड़ियों को भी मिला पुरस्कार

जनपद में खेल के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर स्वर्ण पदक विजेता आशीष सिंह जी .के पब्लिक स्कूल विवेक विहार मुरादाबाद ( ताइक्वांडो ), गुरबख्श सिंह, एच .के एस इंटर कॉलेज उस्मानपुर मुरादाबाद ( भारोत्तोलन ) को मा . मुख्यमंत्री के द्वारा 75 हजार रुपये की धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय स्तर कांस्य पदक विजेता शिवानी पाल एस .बी पब्लिक स्कूल गोविंद नगर, ताइक्वांडो ) को 30 हजार रुपये की धनराशि व सलोनी, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय मूढ़ापांडे, हॉकी टीम को 15 हजार रुपये की धनराशि व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर जनपद स्तर पर सम्मानित किया गया।

## रेल सप्ताह समारोह में 103 रेलकर्मियों को मिला सम्मान




रेल सप्ताह समारोह में सम्मानित हुए रेलवे कर्मचारी। • अमृत विचार

संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल द्वारा गुरुवार को रेलवे ऑफिसर्स क्लब में 69 वां रेल सप्ताह रेल सेवा पुरस्कार समारोह का आयोजन किया। जिसमें 103 रेलवे कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह, अपर मंडल रेल प्रबंधक ( ओपी ) परितोष गौतम ने दीप जलाकर की। स्वागत भाषण में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी अजय सोयल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का अभिनंदन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत रितिका विश्वास ने सरस्वती वंदना पर भावपूर्ण नृत्य प्रस्तुत किया। वहीं मंडल सांस्कृतिक टीम ने मनमोहक गीतों से समां बांधा। इस दौरान रेल सेवा में उत्कृष्ट योगदान देने वाले 103 रेलकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता मंडल रेल प्रबंधक राज कुमार सिंह ने की। समारोह में मुख्य चिकित्सा अधीक्षक इंद्रजीत कौर समेत मंडल के सभी वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी शामिल रहे।

**दिक्कतों में खिलाड़ी** | सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में रनिंग ट्रैक पर जगह-जगह गड्ढे, धावक परेशान

# धावकों की रफ्तार पर ब्रेक लगा रहा रनिंग ट्रैक

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में रनिंग ट्रैक पर जगह-जगह गड्ढे होने के चलते खिलाड़ियों को दौड़ने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। दौड़ते के दौरान अचानक सामने ट्रैक ऊंचा-नीचा देख रफ्तार धीमी हो जाती है। वहीं, स्टेडियम में ट्रैक के आसपास लोग टहलते रहते हैं, जिस वजह से भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

- **स्टेडियम में टहलने के लिए आने वाले लोगों की वजह से भी प्रभावित होता है अभ्यास**

खिलाड़ियों ने बताया कि साफ ट्रैक न होने की वजह से कई बार पैर में कंक्कड़ चूभ जाते हैं। इस ओर जिम्मेदारों को ध्यान देने की जरूरत है। कोच ललिता चौहान ने बताया कि खिलाड़ियों के अलावा स्टेडियम में सुबह-शाम बिना पंजीकृत लोग टहलने के लिए आ जाते हैं। ट्रैक के आसपास टहलने के कारण खिलाड़ियों का अभ्यास प्रभावित होता है। अगले माह से प्रतियोगिताओं का दौर शुरू हो जाएगा। ऐसे में जब बच्चे ठीक से अभ्यास नहीं कर सकेंगे तो प्रतियोगिता में कैसे अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। कई बार लोगों से ट्रैक के आसपास न टहलने के लिए कहा गया है लेकिन न मानने की वजह से खिलाड़ी ट्रैक पर कम दौड़ वर्कआउट को अपना समय देते हैं।



नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्पोर्ट्स स्टेडियम में बदहाल रनिंग ट्रैक। • अमृत विचार



रनिंग ट्रैक ऊंचा-नीचा है। ऐसे में दौड़ते समय रफ्तार कई बार धीमी हो जाती है। - सुकन्या धावक



ट्रैक पर जगह-जगह जहां कंकड़ पड़े हैं। जिससे दौड़ने में परेशानी होती है। - इशिका धावक



ट्रैक के बिल्कुल बराबर में लोगों के टहलने से अभ्यास में दिक्कत होती हैं। - आशी यादव, धावक



सुबह-शाम स्टेडियम में पंजीकृत खिलाड़ियों से अधिक टहलने के लिए आने वाले लोग दिखते हैं। जिस कारण अभ्यास प्रभावित होता है। - सरफराज, धावक

## तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है योग

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** गोकुलदास हिंदू गर्ल्स कॉलेज में थीम योग फॉर वन अर्थ, वन हेल्थ के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें 20 छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्राओं में योग, मानसिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता बढ़ाना था।

गुरुवार को विश्व योग निबंध प्रतियोगिता के चलते कॉलेज की प्राचार्य प्रो. चारु मेहरोत्रा ने कहा कि योग एक प्राचीन भारतीय विद्या है, जिसकी जड़ें हजारों वर्ष पुरानी हैं। यह केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। जिसमें आसन, प्राणायाम, ध्यान और नैतिक सिद्धांतों का समावेश होता है। योग व्यक्ति के तन, मन और आत्मा को संतुलित करता है। बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा 11 दिसंबर 2014 को 21 जून को विश्व योग दिवस के रूप में घोषित किया गया था।

पहली बार 21 जून 2015 को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया था। डॉ. सविता अग्रवाल, प्रो. किरण साहू, प्रो. मीनाक्षी शर्मा, प्रो. किरण त्रिपाठी, डॉ. रेनू शर्मा सहित अनेक छात्राएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन क्रीड़ा विभाग प्रभारी शिवानी गुप्ता ने किया।



गोकुलदास कॉलेज में निबंध प्रतियोगिता में भाग लेतीं छात्राएं। • अमृत विचार

**आज का मौसम**

मौसम सामान्य, तेज धूप रहेगी।

41.0° अधिकतम तापमान | 29.0° न्यूनतम तापमान

सूर्योदय 05:16 | सूर्यास्त 07:14

# चाकू से गला रेता फिर पत्नी को मार दी गोली

## कुंदरकी की घटना: बेटियों के साथ छत पर सो रही थी अंजुम, बेटियां बोलीं- मम्मी को पापा ने मारा

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद-कुंदरकी



मृतका अंजुम

**अमृत विचार :** जिले के कुंदरकी थाना क्षेत्र में छत पर दो बेटियों के साथ सो रही पत्नी का पति ने चाकू से गला रेता फिर गोली मार हत्या कर दी। जिससे महिला की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त चाकू और तमंचा बरामद कर लिया है। पुलिस ने मृतका की मां की तहरीर पर पति हफीज, देवर खालिद और फैसल निवासी मोहल्ला नुरुल्ला के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है और कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। दोनों बेटियों ने बताया कि उनके सामने पिता और चाचा ने मां की जान ली है।

थाना मूंढापांडे क्षेत्र के गांव लाला टीकर निवासी अली हसन ने अपनी बेटी अंजुम की शादी शादाब निवासी गांव कैमरी जिला रामपुर के साथ की थी। वैवाहिक जीवन में अंजुम ने दो बेटियों को जन्म दिया। तीन साल पहले दंपती में विवाद के बाद दोनों का रिश्ता खत्म हो गया।



मुआयना करते एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह।

- मृतका की मां की तहरीर पर पति दो देवरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

दो साल पहले अंजुम ने हफीज निवासी नुरुल्ला कुंदरकी के साथ निकाह कर लिया, लेकिन कुछ दिनों से दोनों के बीच अनबन रहने लगी। अब अंजुम दूसरे पति को छोड़ दो बेटियों के साथ कुंदरकी में राजकीय कन्या इंटर कॉलेज के पास एक मकान में रह रही थी। बुधवार की रात अंजुम दोनों बेटियों के साथ छत पर सो रही थी। गुरुवार को तड़के लगभग 4.30 बजे सीढ़ी लगाकर तीन लोग घर की छत पर पहुंच गए।

मृतका अंजुम के पिता अली हसन ने बताया पति हफीज, देवर खालिद और फैजल ने सोते समय अंजुम के मुंह को दबाते हुए चाकू से गला रेत दिया। बराबर में सो रही दोनों बेटियों ने शोर मचाने का प्रयास किया तो उन्हें डरा धमकाकर चुप कर दिया। इसके बाद हमलावरों ने अंजुम के सिर में पीछे से गोली मार दी। इससे अंजुम की मौत हो गई। हमलावरों के जाने के बाद दोनों बेटियों ने शोर मचाया तो आसपास के लोग पहुंच गए। खबर मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंच गई।



कुंदरकी में मौके पर मौजूद लोग। • अमृत विचार

एसएसपी सतपाल अंतिल, एसपी देहात कुंवर आकाश सिंह भी पहुंच गए। फोरेंसिक टीम को भी बुला लिया गया। अधिकारियों के सामने मृतक की दोनों बेटियों ने कहा कि हमारे पापा ने मां हत्या की है।

पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त एक तमंचा और चाकू बरामद किया।

> मृतका की मां की शिकायती पत्र के आधार पर तीन लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। जल्द ही आरोपितों को गिरफ्तार करके घटना का खुलासा किया जाएगा।
> **-सतपाल अंतिल, एसएसपी**

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजकर शिकायती पत्र के आधार पर पति हफीज, देवर खालिद और फैसल के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कर ली है। कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है।

# अहमदाबाद विमान हादसे में मृतकों को दी श्रद्धांजलि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- महानगर के लोगों ने हादसे पर दुख जताया, घायलों की सलामती की प्रार्थना

**अमृत विचार :** गुजरात के अहमदाबाद में लंदन के लिए जा रहे एयर इंडिया के विमान के क्रैश होने से इसमें मरे लोगों व उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना महानगर के लोगों ने व्यक्त की है। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की प्रार्थना की।

महानगर में इस घटना की जानकारी के बाद लोग स्तब्ध रह गए। इस हृदय विदारक घटना ने सभी को झकझोर दिया। हर कोई समाचार माध्यमों व सोशल साइट्स पर इसकी जानकारी में जुट गया। बसपा जिलाध्यक्ष निर्मल सिंह सागर ने कहा कि घटना अत्यंत दुःखद और हृदय विदारक है इस दुखद घड़ी में, जिन परिवारों ने अपने प्रियजनों को खोया है, उनके प्रति हमारी गहरी संवेदनाएं हैं। ईश्वर शोकाकुल परिवारों को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें, जो लोग घायल हुए हैं, उनकी सलामती और शीघ्र



निर्मल सिंह सागर।



मोहसिन खान।

स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हैं। वहीं, वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि दुःखद हादसे में हताहत हुए लोगों के परिजनों के प्रति मेरी विनम्र संवेदनाएं हैं। घायलों को अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। विहान बालिका आवासीय विद्यालय के लेखाकार मोहसिन अहमद खान ने कहा कि घटना व्यथित करने वाली है। यात्रियों व मेडिकल कॉलेज की बिल्डिंग में जान गंवाने सभी डॉक्टर और मृतक को ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें और उनके परिवारों को संबल दें।

## एक नजर

### यूनिक अस्पताल ने उपलब्ध नहीं कराई फाइलें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** आयुष्मान योजना में घोटाले के मामले में यूनिक अस्पताल की जांच जारी है। अस्पताल को आयुष्मान योजना के तहत 52.83 लाख रुपये का नियम विरुद्ध भुगतान किया गया था। स्वास्थ्य विभाग और सांचीज संस्था की चार सदस्यीय टीम 2023 की 280 सर्जरी की संदेह के घेरे में फाइलों को रिकॉर्ड खंगालने में जुटी है। अस्पताल प्रबंधन को गुरुवार दोपहर 12 बजे तक फाइलें सीएमओ कार्यालय में उपलब्ध करानी थी। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि जांच के लिए अस्पताल पहुंची टीम को अस्पताल प्रबंधन फाइलें दिखाने से भी इनकार कर रहा है। हालांकि, टीम ने वर्ष 2025 में हुई सर्जरी की फाइलें कब्जे में ले ली हैं। फाइलें मिलने के बाद भौतिक सत्यापन किया जाएगा। जांच में सहयोग न करने पर अस्पताल प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ सकती हैं। टीम शुक्रवार को फिर अस्पताल में जांच के लिए जाएगी।

### एकतरफा कार्रवाई पर बसपाइयों ने जताई नाराजगी

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** बहुजन समाज पार्टी का प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश सिंह से मिलने उनके कार्यालय में पहुंचा। उनकी अनुपस्थिति में पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार तिवारी से मुलाकात की। उन्हें बताया कि कवेंद्र पुत्र हरिमोहन ग्राम जटपुरा संभल रोड थाना मैनाठेर में अपने खेत पर गए थे। जहां रास्ते में पानी की पाइप लाइन चल रही थी उसे लेकर जाट समाज के व्यक्तियों से विवाद हो गया। उन्होंने दलित समाज को जाति सूचक शब्द कहकर अपमानित किया। दोनों पक्षों में मारपीट हुई। मामले में मैनाठेर थाने की पुलिस के द्वारा एकतरफा कार्रवाई कर चार दलितों का चालान कर दिया। एकतरफा कार्रवाई पर नाराजगी जताते हुए उचित न्याय करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में बसपा के जिलाध्यक्ष एडवोकेट निर्मल सिंह सागर, सदस्य जिला कार्यकारिणी राजेश सागर, शिव शंकर सागर पूर्व विधानसभा प्रभारी, शीशपाल सिंह आदि शामिल रहे।

# एक और मरीज में मिला कोरोना का लक्षण, चार में पहले ही हो चुकी पुष्टि

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- बुखार, खांसी होने पर जिला अस्पताल में उपचार के लिए आया था रोगी

**अमृत विचार :** कोरोना का संक्रमण बढ़ रहा है। जिले के चार लोगों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। एक अन्य व्यक्ति में कोरोना संक्रमण के लक्षण मिले हैं। आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट मिलने पर इसके बारे में पुष्टि हो पाएगी।

बिलारी के गांव जटपुरा निवासी 52 वर्षीय एक व्यक्ति को बुखार, खांसी की दिक्कत हुई तो वह गुरुवार को जिला अस्पताल पहुंचे। उपचार के दौरान डॉक्टर के पूछने पर बताया कि उन्हें कई दिनों से बुखार आ रहा है। शरीर में थकान है। इस पर उनका एंटीजन टेस्ट कराया। जिसमें कोरोना संक्रमण के लक्षण मिले। जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ. प्रवीण श्रीवास्तव ने बताया कि एंटीजन टेस्ट में कोरोना संक्रमण के लक्षण मिलने के बाद मरीज की आरटीपीसीआर जांच भी कराई गई है जिसकी रिपोर्ट शुक्रवार को मिलेगी तभी कोरोना संक्रमित होने की पुष्टि की जाएगी। वहीं, व्यक्ति के परिवार और उनके संक्रमण में आने वाले लोगों की कोरोना की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव पहुंची है। इससे पहले जिले के चार मरीजों में कोरोना संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। हालांकि, संक्रमित मिले सभी मरीज दूसरे शहरों में वर्तमान में रह रहे हैं। आधार कार्ड में उनका पता मुरादाबाद अंकित है।

### जांच के लिए मंगाई गईं 2500 एंटीजन किट

जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट संदीप बडोला ने बताया कि कोरोना की जांच के लिए 2500 एंटीजन किट और 500 आरटीपीसीआर किट मंगाई गई हैं। अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीजों में कोरोना के लक्षण मिलने पर उनकी जांच कराई जा रही है। जरूरत दिखाई देती है तो और किट की व्यवस्था की जाएगी।

### अस्पताल में नहीं दिखी सतर्कता

जिले में कोरोना के केस निकलने लगे हैं। इसके बावजूद जिला अस्पताल में सुरक्षा की दृष्टि से सतर्कता नहीं बढ़ाई गई है। उपचार के लिए आने वाले मरीज दूरी बनाकर कतार में लगे, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराया जा सके। इसके लिए स्थानीय स्तर पर कोई व्यवस्था नहीं की गई है। चिकित्साधिकारी शासन की गाइडलाइन के इंतजार में हैं।

# दो साल की बच्ची के साथ महिला लापता

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** मायके में रह रही शादीशुदा महिला दो साल की बेटी, चेन व नगदी लेकर लापता हो गई। महिला के भाई ने मोहल्ले में रहने वाले युवक पर बहन को बहला फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है।

थाना मझोला क्षेत्र के लाइनपार हनुमान नगर निवासी युवक ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उसकी 29 वर्षीय बहन की शादी हो चुकी है। दो माह से बहन उसके घर ही रह रही थी। आरोप लगाया कि बीती दो जून को लाइनपार हनुमान नगर निवासी बंटी उसकी बहन को बहला फुसला कर अपने साथ भगा ले गया। जाते समय उसकी बहन अपनी दो साल की बेटी को भी ले गई है। साथ ही घर में रखी सोने की चेन और साढ़े पांच हजार रुपये की नगदी भी ले गई। थाना मझोला प्रभारी निरीक्षक आरपी शर्मा ने बताया कि रिपोर्ट कर ली है।

# पत्नी पर ब्लेड से हमला कर पति ने काट ली गर्दन व हाथ की नस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विवाद के बाद मायके में रह रही थी पत्नी, दोनों का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**अमृत विचार :** नागफनी थाना क्षेत्र में ससुराल आए युवक ने पत्नी की ब्लेड से गर्दन काट दी। बाद में खुद की भी गर्दन और हाथ की नस काट दी। परिजनों ने दोनों को गंभीर हालत में जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। जहां उपचार चल रहा है। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

थाना नागफनी के नवाबपुरा झारखंडी मंदिर के पास रहने वाली पूजा की शादी 15 साल पहले बिजनौर जिले के नजीबाबाद थाना क्षेत्र के गांव जैतूलाला शेखुपुरा निवासी विपिन सागर के साथ हुई थी। दो बेटी व एक बेटा हैं। पूजा के परिवार वालों के अनुसार विपिन आए दिन शराब पीकर पूजा के साथ मारपीट करता है। 12 दिन पूर्व भी उसने शराब पीकर मारपीट की थी, जिसके बाद पूजा बच्चों को लेकर मायके आ गई थी। तब से वह यहीं रह रही थी। पूजा की मां प्रेमवती ने बताया कि गुरुवार की तड़के लगभग साढ़े चार बजे अचानक विपिन उसके घर आ गया। वह पूजा को साथ ले जाने के लिए कहने लगा। लेकिन पूजा ने साथ जाने से मना कर दिया। इसके बाद वह कहीं चला गया। थोड़ी देर बाद शराब पीकर वापस लौट आया और विवाद करने लगा। प्रेमवती के अनुसार बेटी और दामाद में विवाद होता देख वह पुलिस को सूचना देने चली गई। उसी दौरान विपिन सागर ने ब्लेड से अपनी पत्नी पूजा की गर्दन काट दी। वह लहुलूहान हो गई। जब उसने पूजा पर हमला किया तो उसकी बेटी भी भागते हुए थाने पहुंच गई। पुलिस घर पहुंची तो विपिन सागर भी अपनी गर्दन और हाथ की नस ब्लेड से काट चुका था। लहुलुहान हालत में दोनों घर में पड़े थे। पुलिस की मौजूदगी में परिवार के लोग दोनों के जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कर दोनों का उपचार किया जा रहा है। पुलिस ने घटना स्थल का भी फॉरेंसिक विभाग की फील्ड यूनिट बुलाकर निरीक्षण कराया, जहां टीम को के दौरान ब्लेड मिला। माना जा रहा है उसी ब्लेड से विपिन ने पहले पत्नी पर किया। घटना की सूचना पर सीओ कोतवाली सुनीता दहिया और थाना प्रभारी निरीक्षक नागफनी सुनील कुमार जिला अस्पताल पहुंचे और परिजनों से पूरी जानकारी ली। साथ ही डॉक्टरों से बातचीत कर घायलों का हाल जाना। थाना नागफनी प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि अभी किसी ने कोई तहरीर नहीं दी है।

# पटरियों पर मिल चुका संदिग्ध सामान, सतर्कता के आदेश

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- रेलवे के अपर पुलिस महानिदेशक ने यात्रियों की सुरक्षा को लेकर अफसरों को किया आगाह

**अमृत विचार :** रेलवे के अपर पुलिस महानिदेशक प्रकाश डी गुरुवार को मुरादाबाद पहुंचे और यात्रियों की सुरक्षा को लेकर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक अहम बैठक की। बैठक में हाल के दिनों में ट्रेनों की पटरियों पर संदिग्ध वस्तुएं मिलने की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए विशेष सुरक्षा रणनीति तैयार की गई।

बैठक के दौरान उन्होंने रेलवे ट्रैक की सुरक्षा, ट्रेनों में स्कॉर्ट ड्यूटी की सक्रियता, ट्रैक पेट्रोलिंग तथा हाल ही में बढ़ती पत्थरबाजी एवं ट्रैक बाधित करने की घटनाओं को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मीडिया से बातचीत के दौरान एडीजी रेलवे डी प्रकाश ने स्पष्ट किया कि कुछ मामलों में पटरियों पर सामान जानबूझकर रखे गए थे, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को खतरा पैदा हो सकता था। इसी को ध्यान में रखते हुए अब रेलवे विभाग और सुरक्षा बलों के बीच समन्वय के साथ ज्वाइंट पेट्रोलिंग की व्यवस्था लागू की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संवेदनशील स्थानों की लगातार निगरानी की जाएगी और किसी भी प्रकार की संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत कार्रवाई की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, और इसके लिए रेलवे हर जरूरी कदम उठाने को तैयार है। रेलवे प्रशासन की यह सक्रियता यात्रियों में विश्वास बढ़ाने का काम करेगी।

उन्होंने जनता से अपील करते हुए कहा कि वे ट्रेन, रेलवे स्टेशन या रेलवे संपत्ति पर खतरनाक स्टंट या रीलबाजी जैसे कार्यों से बचें, क्योंकि इससे उनकी जान को खतरा हो सकता है और यह कानूनन अपराध भी है। इसके बाद एडीजी ने जीआरपी लाइन का निरीक्षण कर गार्ड, भोजनालय, बैरक, स्टोर, सीसीटीएनएस कार्यालय सहित अन्य स्थानों की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

# पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष के भतीजे पर झांसा देकर दुष्कर्म का आरोप

**मुरादाबाद, अमृत विचार:** कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष के भतीजे पर दुष्कर्म का आरोप लगा है।

थाना कटघर के दस सराय चौकी क्षेत्र निवासी 23 वर्षीय युवती ने पुलिस को डी गई तहरीर में बताया कि तीन साल पहले नागफनी के झब्बू का नाला इलाके में रहने वाला इमरान से उसकी मुलाकात हुई। उसने प्रेमजाल में फंसा लिया। 8 फरवरी 2023 को वह अपने घर ले गया और शादी का झांसा देकर दुष्कर्म किया। वह गर्भवती हुई तो गर्भपात करा दिया। आरोप लगाया कि एक माह पूर्व आरोपी ने धमकी दी कि कहीं शिकायत की तो वीडियो वायरल कर दूंगा। उसके पिता और ताऊ ने भी जान से मारने की धमकी दी। एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कटघर थाना पुलिस ने आरोपी इमरान, उसके पिता और ताऊ के खिलाफ केस दर्ज किया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# खाली भूखंड न बनें गंदगी का अड्डा, सुनिश्चित करें अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- विधान सभा समिति 2024-25 की समीक्षा बैठक में सभापति ने दिए निर्देश
- नगर निगम के अंतर्गत आने वाले पार्कों में जल संरक्षण कराने के निर्देश दिए

**अमृत विचार :** सभापति विपिन कुमार डेविड सभापति की अध्यक्षता में विधान सभा प्रतिनिहित विधायन समिति 2024-25 की समीक्षा बैठक गुरुवार को सर्किट हाउस सभागार हुई। इसमें समिति द्वारा राज्यकर, नगर विकास, पंचायतीराज, राजस्व, महिला एवं बाल विकास, वन, पर्यटन, बेसिक शिक्षा, चिकित्सा, भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग एवं लोक निर्माण विभाग के कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। राज्यकर विभाग की समीक्षा के दौरान समिति के सभापति ने उपायुक्त जीएसटी को व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक निस्तारण करने का निर्देश दिया। कहा कि व्यापारियों की समस्याओं के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी कर प्रचार-प्रसार कराएं। यदि व्यापारी का कोई माल फैक्ट्री और धर्मकांटे के बीच में पकड़ा जाए तो पहले उसकी एक बार जांच कर लें। व्यापारी का पक्ष सुनकर ही कार्रवाई करें। मुख्यमंत्री व्यापारी दुर्टघटना बीमा योजना के प्रचार को शिविर लगाने के लिए कहा।



समीक्षा बैठक में मौजूद सभापति विपिन कुमार डेविड, समिति के सदस्य, जन प्रतिनिधि व अधिकारी। • अमृत विचार

नगर विकास विभाग की समीक्षा के दौरान समिति के सभापति ने अपर नगर आयुक्त को सफाई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। निर्देश दिया कि खाली भूखंड गंदगी का अड्डा न बनें, इसे सुनिश्चित करें। नगर निगम के अन्तर्गत आने वाले पार्कों में जल संरक्षण की व्यवस्था कराने और मियावाकी प्लांटेशन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। कहा कि गली-मोहल्लों में भी गंदगी न रहे। नालों के निर्माण में सही से लेवल निकालने और तालाबों का चिन्हीकरण कर सफाई व्यवस्था कराने का निर्देश दिया।

पंचायतीराज विभाग की समीक्षा में ग्रामीण क्षेत्रों में अभियान चलाकर बेहतर सफाई कराने का निर्देश दिया। गांवों में सफाई कर्मचारियों का नाम व मोबाइल नंबर सहित रोस्टर बनाने व इसकी जानकारी ग्रामीणों को देने के लिए कहा। जिला पंचायत राज अधिकारी को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी। बेसिक की समीक्षा में शिक्षा अधिकारी को डीबीटी से सभी बच्चों को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। प्राथमिक केंद्रों पर दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने को कहा।

बैठक में समिति के सदस्य अरुण पाठक, गणेश चन्द्र, संयुक्त सचिव अजीत कुमार वर्मा, प्रतिवेदक दिनेश पाल, स्थानीय स्तर पर कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह, महापौर विनोद अग्रवाल, जिलाधिकारी अनुज सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी सहित सहित अन्य अधिकारी आदि मौजूद रहे।

### ब्लैक स्पॉट चिन्हित कर सुधार करें अधिकारी

बसों की स्थिति में सुधार कराने, खराब बसों को हटाने और एआरटीओ मुरादाबाद को सड़कों पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम करने के लिए कदम उठाने, स्पीड ब्रेकर पर अच्छे से मार्किंग की जाए और ब्लैक स्पॉटों का चिन्हित कर अधिकारी वहां सुधार करवाएं। एनएचएआई के अधिकारी को कार्यशैली में सुधार लाने की हिदायत दी।

# प्रदर्शनी से दिखाई 11 साल की उपलब्धियां

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- प्रधानमंत्री मोदी ने देश को विकसित, आत्मनिर्भर बनाया: सतपाल सिंह सैनी

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर गुरुवार को भाजपा के बुद्धि विहार स्थित कार्यालय में प्रदर्शनी आयोजित की गई। इसके माध्यम से कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई गईं।

प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार का 11 वर्ष का कार्यकाल नए भारत को एक विकसित, आत्मनिर्भर भारत के रूप में प्रस्तुत करता है। इस कार्यकाल में भारत को वैश्विक पहचान मिली है। भारत दुनिया की पांचवी अर्थव्यवस्था वाले देशों में शामिल हुआ। 2014 से पहले देश में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की राजनीति होती थी लेकिन मोदी सरकार में विकास, आविष्कार और नवाचार की बातें हो रहीं हैं। ऑपरेशन सिंदूर सैन्य मिशन नहीं, यह हमारे संघर्ष, साहस और बदलते भारत की तस्वीर है।



भाजपा की उपलब्धियां बताते प्रदेश उपाध्यक्ष व विधान परिषद सदस्य सतपाल सिंह सैनी, साथ में भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल व अन्य। • अमृत विचार

भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल ने बताया कि पार्टी कार्यालय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस और प्रदर्शनी का उद्घाटन किया गया। गुजरात में हुए हृदय विदारक हादसे के कारण आगामी कार्यक्रमों को स्थगित कर दिया गया।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष आकाश पाल, महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला, कुंदरकी के विधायक रामवीर सिंह, परमेश्वर लाल सैनी, जिला महामंत्री राजन बिश्नोई, रामपुर के पूर्व जिलाध्यक्ष अभय गुप्ता, क्षेत्रीय मीडिया सहप्रभारी निमित जायसवाल, महानगर मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, जिला मीडिया प्रभारी संजय ढाका, अभियान के संयोजक नवदीप टंडन, सह संयोजक विशाल त्यागी व हेमराज सैनी, अजय वर्मा, अभिषेक चौबे, नवीन चौधरी, चकित चौधरी, हरिओम सैनी, सुनीता शर्मा, शशि किरण, रजनीकांत जाटव, प्रदीप सक्सेना, भरत टंडन, धर्मेंद्र नाथ मिश्रा, राहुल शर्मा अश्वनी शर्मा, मिथुन शर्मा आदि उपस्थित रहे।

# ट्रेन से कटकर युवक की मौत

**बिलारी, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव भूड़मरेशी के पास से गुजर रही रेलवे लाइन पर ट्रेन की चपेट में आकर एक युवक की मौत हो गई। परिवार के लोगों ने पोस्टमार्टम करने से इंकार कर दिया।

भूड़ मरेशी गांव निवासी राजीव (25) पुत्र मोहर सिंह जोकि चार भाइयों में दूसरे नंबर का है। बुधवार रात रेलवे लाइन के पास वह ट्रेन की चपेट में आ गया। हादसे में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। सूचना के बाद पुलिस बल मौके पर पहुंच गया, जीआरपी पुलिस भी मौके पर पहुंची। दरोगा विनय कुमार सिंह ने शव का पंचनामा भरा। परिवार के लोग मौके पर पहुंच गए। सभी का रो रोकर बुरा हाल हो गया। बिना किसी कार्रवाई के पंचनामा भरवाकर परिवार के लोग घर ले गए। मृतक के डेढ़ माह का बेटा है।

# पीडीए समाज पर हमलों पर जताई चिंता

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- भाजपा विभिन्न धर्मों के बीच कमजोर कर रही एकता: जयवीर यादव

**अमृत विचार :** समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की मासिक बैठक गुरुवार को सिविल लाइंस स्थित पार्टी कार्यालय में हुई। जिलाध्यक्ष जयवीर सिंह यादव ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार वसुधैव कुटुंबकम के सिद्धांत की अवहेलना कर रही है और समाज को धर्म व जाति के आधार पर बांटने का कार्य कर रही है।

जिलाध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की विभाजनकारी राजनीति समाज को अंदर से तोड़ने की साजिश है। पार्टी का पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वर्ग इससे कमजोर नहीं होगा, बल्कि और सशक्त होकर उभरेगा। उन्होंने वयोवृद्ध समाजवादी नेता महेंद्र राजभर पर हुए हमले की निंदा करते हुए कहा कि यह हमला भाजपा शासन में पीडीए वर्ग के साथ हो रहे अपमानजनक व्यवहार और अत्याचार का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने हमले के दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की।



सपा कार्यालय पर कार्यकर्ताओं को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जयवीर यादव।

पूर्व विधायक हाजी रिजवान ने सरकार को बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और व्यापारिक मंदी के लिए जिम्मेदार ठहराया। वक्ताओं ने बूथ कमेटियों के सत्यापन और उनमें सभी जातियों की भागीदारी सुनिश्चित करने, जातिगत गणना के साथ वोट प्रतिशत बढ़ाने तथा संगठनात्मक जिम्मेदारियों के बंटवारे पर विस्तार से चर्चा की। बैठक में आगामी 1 जुलाई को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का जन्मदिन पूरे जिले में हर्षोल्लास से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में पूर्व मंत्री जुगल किशोर वाल्मीकि, वेद प्रकाश सैनी, प्रदीप यादव, योगेन्द्र यादव, प्रेम बाबू बाल्मीकि, हिमांशु सैनी, गौरव चौहान, जय कुमार प्रजापति, लुकमान खान, रमेश सैनी, तहजीब आलम, संजीव सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भगन्दर, बवासीर

सभी प्रकार के बार-बार ऑपरेटेड Complex Fistula (जटिल भगन्दर) पाइल्स तथा एनल फिसर एवं Anal Stenosis की क्षार सूत्र द्वारा पूर्ण सफल चिकित्सा

सुश्रुत क्लीनिक
क्षार चिकित्सा गुदा एवं वृहदांत्र रोग
[COLO-RECTAL-CENTER]
28.बी, एकता नगर स्टेडियम रोड, बरेली
9897030475
9411221895
7060162071



डॉ. लालता प्रसाद (सर्जन)
B.sc., B.A.M.S., D.Ay.M. सर्जरी (I.M.S), (B.H.U.) वाराणसी
गुरू /प्रोफेसर - राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ आयुष मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली
भू.पू. वरिष्ठ लेक्चरार एस. आर. एम. स्टेट आयु कॉलेज, बरेली
Life-Member Association of Anaesthetists of Indian Medicine
45 वर्षो का कुशल अनुभव



डॉ. अभय प्रकाश (सर्जन)
B.A.M.S., M.S सर्जरी
क्षार सूत्र एवं गुदा रोग विशेषज्ञ

बाल गुदा रोग विशेषज्ञ व समस्त गुदा रोग भगन्दर, बवासीर, ऐनल फिसर रेक्टल पालिप, पाइलोनिडल साइनस, कोलाइटिस

गुदा रोगों के लक्षण
मलद्वार से खून मवाद आना गांठ का मल द्वार से बाहर निकलना मल द्वार के आस पास बार-बार फोड़ा बनना एवं फूटना, बार-बार मल त्याग करना, मल द्वार में दर्द एवं खुजली होना

समय
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायं 7:00 से 8:00 बजे तक
रविवार
प्रातः 10:00 से 2:00 बजे तक
सायंकाल अवकाश

# दीपक कुमार विश्नोई बने महासचिव

## बार एसोसिएशनः बराबर वोट मिलने से नहीं हो सकी अध्यक्ष पद की घोषणा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** तहसील बार एसोसिएशन वर्ष 2025- 26 की कार्यकारिणी हेतु अध्यक्ष पद के दोनों उम्मीदवारों के एक मत कैंसिल होने पर दोनों उम्मीदवारों ने 55-55 समान मत प्राप्त किये। एल्डर कमेटी के अनुरोध के बाद दोनों में आम सहमति नहीं हो सकी। कमेटी के अनुसार अध्यक्ष पद की घोषणा विधिक राय लेने के बाद की जाएगी। महासचिव पद पर दीपक कुमार विश्नोई भारी मतों से विजई घोषित किए गए हैं।

गुरुवार को सुबह 10:00 बजे से दोपहर 2:00 बजे तक मतदान हुआ। मतदान में एक अधिवक्ता ने अपने मत का प्रयोग नहीं किया। अपराह्न व 3:00 बजे मतगणना शुरू हुई। जिसमें सबसे पहले कोषाध्यक्ष पद की घोषणा हुई। जिसमें करतार सिंह को 51 मत एवं भू प्रकाश सिंह को 59 मत प्राप्त हुए। एक मत कैंसिल होने पर भू प्रकाश सिंह को 8 मतों से निर्वाचित घोषित किया गया।



मतगणना में सम्मिलित अधिवक्ता। • अमृत विचार

**• विधिक राय लेने के बाद होगी अध्यक्ष की घोषणा**

दूसरे नंबर पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद की मतगणना में शीशराम सिंह को 49 मत, हरपाल सिंह को 61 मत प्राप्त हुए। हरपाल सिंह को 12 मतों से विजयी घोषित किया गया। तीसरे नंबर पर महासचिव पद की मतगणना में दीपक कुमार विश्नोई को 93 मत एवं सुनील कुमार को मात्र 16 मतों पर संतोष करना पड़ा। महासचिव पद पर दीपक बिश्नोई को 77 मतों से विजई घोषित किया गया।

अंत में अध्यक्ष पद पर मतगणना प्रारंभ हुई जिसमें प्रदीप कुमार को 55 मत एवं प्रमोद कुमार शर्मा को भी 55 मत प्राप्त हुए तथा अन्य पदों की भांति इस पद पर भी एक मत कैंसिल हुआ। एल्डर कमेटी द्वारा अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों से निर्णय लेने का आग्रह किया गया लेकिन दोनों में सहमति नहीं बन पाई। ऐल्डर कमेटी के शहजाद रफी खान ने बताया कि विधिक राय लेने के बाद अध्यक्ष पद की घोषणा बाद में की जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से विवेक शर्मा, चौकी इंचार्ज योगेश मलिक भारी पुलिस बल के साथ तैनात रहे।

### कई पदों पर निर्विरोध चुने गए प्रत्याशी

चुनाव में अनेक पदों पर आम सहमति से निर्विरोध चुनाव जाना तय था, जिनकी विधिवत घोषणा मतगणना के उपरांत ऐल्डर कमेटी द्वारा की गई। एसोसिएशन के कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद हेतु मोहम्मद अहमद एवं चरण सिंह, सह सचिव प्रकाशन पद हेतु लक्ष्मण सिंह, सह सचिव पुस्तकालय हेतु राहुल चौधरी व सलमान खान, सदस्य कार्यकारिणी हेतु इमरान खान त्यागी, विपेन्द्र सिंह, मोहम्मद साजिद, जीशान आलम, अतुल बिश्नोई सर्वसम्मति से निर्विरोध चुने जा चुके हैं। जिनकी मतगणना के उपरांत एल्डर कमेटी के महावीर सिंह, शहजाद रफी खान, संजीव कुमार विश्नोई द्वारा विधिवत घोषणा की गई। चुने गए अधिवक्ताओं को शुभचिंतकों ने बधाई दी।

## रंजिश में मारपीट, चार के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज

**कांठ, अमृत विचारः** थाना कांठ के ग्राम मुजफ्फरपुर टांडा निवासी मोहम्मद शफी व दूसरे पक्ष के कामिल हसन आदि में किसी बात को लेकर रंजिश चल रही है।

9 जून की शाम को मोहम्मद शफी दूसरे पक्ष के कामिल आदि में पहले गाली गलौंज हुई, इसके बाद जमकर लाठी डंडे और फावड़े चले। पथराव भी हुआ, जिसमें मारपीट में मोहम्मद शफी तथा दूसरे पक्ष का भी एक व्यक्ति घायल हो गया था। थाना पुलिस ने घायलों का उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। उसके बाद उन्हें जिला अस्पताल मुरादाबाद के लिए रैफर कर दिया था। पुलिस ने सफीक हुसैन की तहरीर के आधार पर शरीफ, जरीफ, कामिल हसन, कमल हसन चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली।

# पीली पट्टी के अंदर ही लगाएं ठेले

संवाददाता, बिलारी

**अमृत विचारः** हाईवे किनारे ठेला लगाने वाले फल विक्रेताओं को कोतवाली प्रभारी ने हिदायत देते हुए कहा है कि अब उन्हें नगर पालिका द्वारा खींची गई पीली पट्टी के अंदर ही ठेला लगाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही यातायात के नियमों का पालन करने की अपील भी की गई है।

गुरुवार की अपराह्न कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा ने हाइवे किनारे ठेला लगाने वाले फल विक्रेताओं को कोतवाली बुलाया। जहां उन्होंने कहा कि सभी फल विक्रेता अपने ठेलों को नाले के ऊपर और नगर पालिका द्वारा खींची गई पीली पट्टी के भीतर ही ठेले लगाने होंगे। सड़क पर इधर-उधर अतिक्रमण करने पर उनके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी साथ ही चालान भी किया जाएगा । उन्होंने कहा कि किसी भी तरह अतिक्रमण को बढ़ावा नहीं मिलना चाहिए जो जगह निर्धारित की गई है , उसी जगह पर अपने-अपने ठेले लगाएं। इस दौरान यातायात के प्रभारी जसवीर सिंह ने सभी ठेले वालों को यातायात के नियमों की शपथ दिलाई और उनसे यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई।



बिलारी कोतवाली में फल विक्रेताओं को समझाते कोतवाली प्रभारी अमरनाथ वर्मा।

**• कोतवाली प्रभारी ने फल विक्रेताओं को दी हिदायत अतिक्रमण करने पर होगा चालान**

वही नगर पालिका अध्यक्ष रघुराज सिंह यादव ने कहा कि नगर पालिका द्वारा हाईवे के किनारे पीली पट्टी खींची गई है सभी ठेले वाले उसी के अंदर ही अपने ठेले लगे हाईवे पर किसी भी तरह का अतिक्रमण करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सहकारी गन्ना समिति की बैठक में कई प्रस्ताव पारित

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचारः** सहकारी गन्ना विकास समिति प्रबंध कमेटी की बोर्ड की बैठक में गोदामों पर खाद, बीज एवं कीटनाशक दवाएं पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करने, बोर्ड की बैठक में शुगर मिल के अधिकारियों को बुलाने पर आम सहमति के साथ कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए।

सहकारी गन्ना विकास समिति कार्यालय पर प्रबंध कमेटी की बोर्ड की बैठक सभापति कुंवर सुरेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। एजेंडे के अनुसार गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई तथा अप्रैल व मई माह के महीनों में खर्चों का विवरण प्रबंध कमेटी के समक्ष रखा गया जिस पर प्रबंध कमेटी ने अपनी सहमति व्यक्ति की।

गौरव कुमार डायरेक्टर ने गन्ना समिति के गोदाम में खाद,वीज, कीट नाशक दवाई आदि उपलब्ध नहीं होने का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि किसानों की अनेक शिकायतें मिल रही हैं कि गोदामों पर किसानों की आवश्यकता की खाद बीज एवं कीटनाशक दवाइयां पर्याप्त मात्रा में मिलनी चाहिए। इस मुद्दे पर मौजूद डायरेक्टर ने सहमति व्यक्त की। संजय कुमार डायरेक्टर के द्वारा खाद व दवा की उपलब्धता व कई डायरेक्टर ने कर्ज कटौती गलत ना हो इस पर विशेष जोर दिया। सभी ने तालियां बजाकर मुद्दों का जोरदार समर्थन किया। संजय कुमार डायरेक्टर द्वारा भी गोदाम में दवा की उपलब्धता पर जोर दिया गया। सभापति कुंवर सुरेंद्र सिंह द्वारा सभी गोदामों पर खाद की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता पर विशेष जोर दिया। संजय कुमार उपसभापति, गौरव कुमार, सचिन कुमार,संजय कुमार दयनाथपुर ,अंजू देवी आदि डायरेक्टर मौजूद रहे। संचालन समिति के सचिव खेत सिंह ने किया।

**• गोदामों पर खाद, बीज व दवाएं पर्याप्त मात्रा में सुनिश्चित करना शामिल**

# शादी समारोह में शामिल होने आए युवक की दुर्घटना में मौत

संवाददाता, भोजपुर

**अमृत विचारः** मुरादाबाद-टिहरी हाइवे पर किनारे खड़े युवक को बाइक चालक टक्कर मारकर भाग गया। उपचार के दौरान घायल की मौत हो गई। ।

बुधवार की रात रामपुर के थाना टांडा के गांव रामनगर लतीफपुर निवासी उमर के बेटे नदीम व वसीम रिश्तेदार की शादी में भोजपुर गणेशपुर के बीच में स्थित मैरिज हॉल में आया था। गर्मी के चलते वसीम हॉल से बाहर निकल कर रोड के किनारे खड़ा हो गया। तभी गणेशपुर देवी दिशा से तेज गति से आ रहा प्लेटिना बाइक चालक उसे टक्कर मारकर फरार हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने दुर्घटना करके मौके से भागी बाइक का फोटो खींच लिया। नदीम घायल भाई का उपचार कराने एंबुलेंस से सीएचसी भोजपुर, पीपलसाना के निजी अस्पताल, चकबेगमपुर में स्थित अस्पताल ले गया। हालत गंभीर होने पर सभी चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। टीएमयू लेकर गए तब तक उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों की सुपुर्दगी में दे दिया। बाइक के अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया।

**• हाइवे किनारे खड़ा था वसीम बाइक ने मारी टक्कर**

## हादसे में मौत में पत्नी की तहरीर पर दो पर एफआईआर

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मलकपुर सेमली निवासी मीनू देवी ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके पति दुष्यंत कुमार राही व मनीष कुमार हरिद्वार में तीन पति पीछे बैठे थे। इसी दौरान डिलारी सुरजन नगर मार्ग पर स्थित शेरपुर पट्टी गांव के निकट मलकपुर सेमली निवासी सुहेल व अयान ने पीछे से बाइक से टक्कर मार दी। जिससे दुष्यंत गंभीर रूप से घायल हो गए उन्हें उपचार को ले जाते समय उनकी मौत हो गई । घटना के तुरंत बाद दोनों युवक अपनी बाइक छोड़कर फरार हो गए । पीड़िता की तहसील पर पुलिस ने दोनों लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

# छात्राओं को दिया कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण

संवाददाता, ठाकुरद्वारा

**अमृत विचार :** राजकीय कन्या इंटर कॉलेज रामपुर घोघर में गुरुवार को कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया गया। इसके बाद समर कैंप का समापन डीआईओएस सर्वेश कुमार व सह जिला विद्यालय निरीक्षक शतानंद शर्मा की निर्देशन में किया गया। ग्राम प्रधान लेखराज सिंह ने फीता काट कर मल्टीपरज हॉल का उद्घाटन किया।

अधिकारियों ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सरस्वती वंदना के बाद स्वागत गीत प्रस्तुति के साथ भाषावाद पर प्रहार करता सत्यजीत द्वारा लिखित नाटक '' तोतली भाषा का सूबा '' का मंचन कक्षा छः व सात के बच्चों ने किया। इसके बाद जिला विद्यालय निरीक्षक ( द्वितीय )ने एक क्लिक से संगीत प्रवक्ता मनदीप और छात्राओं द्वारा तैयार वीडियो लांच किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्राओं ने देश भक्ति गीत प्रस्तुत कर मंत्र मुग्ध कर दिया। हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स को सर्टिफिकेट व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।



हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के टॉपर्स को सम्मानित करते अतिथि। • अमृत विचार

**• जीजीआईसी की छात्राओं ने लघु नाटिका का मंचन कर किया मंत्र मुग्ध**

समर कैंप के प्रतिभागी बच्चों के लिए विशेष प्रोत्साहन कार्यक्रम रखा गया। मंच पर सभी के लिए उपहार रखे गण् और एक पल में एक उपहार चुनना था। यह बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता का विकास करने का प्रयास था। अंत में प्रधानाचार्या डॉ. ऋचा पाठक ने सभी का आभार प्रकट किया। इसी बीच सभी को अल्पाहार कराया गया व अतिथियों ने भोजन ग्रहण किया।

कार्यक्रम के बाद ग्रामीणों ने विद्यालय में भराव कराने का आश्वासन दिया। संचालन मनदीप ने किया। कार्यक्रम में जीव विज्ञान शिक्षिका शगुफ्ता परवीन, वरिष्ठ सहायक हृदेश कुमार भटनागर, कनिष्ठ लिपिक लोकेंद्र सिंह व समस्त बच्चों का सहयोग रहा।

## खेत से मिट्टी उठाने का विरोध करने पर दबंगों ने किसान को पीटा

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के गांव बैजनाथपुर निवासी महेश पत्र जिला सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसने गांव के रोहतास सिंह के खेत को समतल करने का ठेका लिया था।

आरोप है कि 9 जून की शाम गांव के धर्मेंद्र पुत्र इंद्र सिंह व अनिल कुमार बिना बताए खेत से मिट्टी का खनन करने लगे। उसने विरोध किया तो धर्मेंद्र, इंद्र सिंह, मुकंदी, निखिल, सुनील ने उसके साथ गाली गलौज कर मारपीट की वह अपनी जान बचाकर घर भागा तो आरोपियों ने घर में घुसकर लाठी डंडों से पीटना शुरू कर दिया । जब उसकी पत्नी अनीता देवी भाभी चंद्रकला उसे बचाने आए तो उनके साथ भी मारपीट की। पुलिस ने पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी ।

## सार-संक्षेप



### भाजपा सरकार में बढ़ा महिलाओं का सम्मान

**कुंदरकी, अमृत विचार :** गुरुवार को नगर कुंदरकी ब्लॉक सभागार में भाजपा के शासन को 11 साल पूरे होने पर विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जिला महामंत्री हर ज्ञान सिंह ने केंद्र सरकार की 11 साल की उपलब्धियां को गिनाया। उन्होंने बताया कि भाजपा सरकार में महिलाओं का सम्मान बढ़ा है और गुंडाराज खत्म हुआ है। कुंदरकी विधायक ठाकुर रामवीर सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में चारों ओर चहुंमुखी विकास हुआ है। किसान खुशहाल है किसानों के लिए किसान सम्मान निधि व ट्यूबवेल का बिल पूर्णता खत्म कर दिया गया। पूरे भारत में सड़कों का जाल बिछ रहा है। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष डॉ विश्वास शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजपाल आर्य, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि गुलाम रब्बानी, मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, रमन भूषण एडवोकेट, अमर सिंह सैनी, संजय दिवाकर, दिनेश सिंह, रवि पाल, हाजी मजलूम पाशा, बाबू पाशा, कलीम अख्तर, शुऐब शावरी, संजय सैनी, देव सिंह सैनी, जयपाल सिंह, असलम मालिक, नरेंद्र चौधरी, जीशान खान, जगदीश जैन, तारिक अली, देवेंद्र सिंह, राकेश प्रजापति, कृपाल सिंह सैनी, मंसूर अहमद, दीपक जैन, रामरक्षपाल सिंह, सौरभ अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। संचालन मंडल महामंत्री ठाकुर अरविंद कुमार पुंडीर ने किया।

### एसडीएम से की स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी की शिकायत

**कांठ, अमृत विचार :** महिला चिकित्सक डॉक्टर बिलकिस जहां पत्नी डॉ. मोहम्मद यूसुफ का लाल मस्जिद पर जनता नर्सिंग होम के नाम से क्लीनिक है। पहले उनका बिल प्रत्येक महीने तीन से 4000 आता था लेकिन स्मार्ट मीटर लगने के बाद से अधिक रीडिंग निकल रही है जिससे इस महीने में 26500 का बिल आया है। जबकि इतना लोड भी नहीं है। कई बार शिकायत करने के बाद भी बिजली विभाग द्वारा इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। उन्होंने एसडीएम को प्रार्थना पत्र देकर विभाग के अधिकारियों से बिल का संशोधन करने स्मार्ट मीटर की रीडिंग चैक करने की मांग की है।

### उर्स में तरक्की, खुशहाली की मांगी दुआएं



**बिलारी , अमृत विचार :** क्षेत्र के ग्राम स्योंडारा स्थित हजरत बाबा सदरुद्दीन रहमतुल्ला अलेह उर्फ दादा मियां के 31 वे उर्स का बुधवार की देर रात विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने फीता काटकर उद्घाटन किया। उर्स के उद्घाटन के बाद सभी अकीदतमंदों ने चादरपोशी कर मुल्क और कौम की तरक्की, खुशहाली और अमनो अमान के लिए दुआएं भी की। मुस्लिम भाइयों के साथ हिंदू भाइयों ने भी चादरपोशी कर एकता की मिसाल कायम की। कव्वाल फरीद चिश्ती कव्वाल, जोया वारसी कव्वाल ने कव्वाली सुनाई। कव्वाली सुनने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे। इस अवसर पर सदर आसिफ़ सादाब, पूर्व चेयरमैन कपिल राज , सुमित यादव , डॉ विजय यादव, अवधेश यादव, जगमोहन सिंह प्रधान, प्रिंस यादव, आसिफ शादाब उर्फ बंटी, हाफिज शमसुद्दीन, मौलाना अमीर अहमद खा, हमशाद खान, अफजाल हाफिज, तस्लीम मास्टर, यामीन सैफी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### सत्संगति से नहीं होता अहंकार



**बिलारी, अमृत विचार :** नगर के शिव मंदिर बच्चा बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिवस कथा व्यास आचार्य शिव शंकर भारद्वाज ने कहा कि अपने अंदर सदगुण एकत्र करो, न जाने प्रभु कौन से सद्गुण पर रीझ जाएं और कल्याण कर दें। सत्संगति से अहंकार नहीं होता। कथा व्यास ने कहा कि जिस प्रकार गिद्धराज जटायु ने जीवन पर्यंत मांस भक्षण किया कोई सद्गुण नहीं किया, परंतु जब अत्याचारी रावण माता सीता का हरण करके ले जा रहा था तब उसने विरोध करते हुए अपनी जान गंवा दी। बस जटायु का यही सद्गुण प्रभु को पसंद आ गया और उसका कल्याण कर दिया। व्यास जी बोले आज का मानव अपने सुख का अनुभव कम दूसरे के दुख में आनंद का अनुभव अधिक करता है जो नकारात्मक प्रवृत्ति है जबकि होना यह चाहिए कि दूसरे के दुख में हमें भी दुख का अनुभव हो और हम उसके साथ खड़े हों। यह मानवता है। इस भाव से परमात्मा प्रसन्न होते हैं। पारिवारिक जीवन में भी हम ब्रह्मचर्य संयम नियम का पालन करें तो सब कुछ सकारात्मक होगा। उन्होंने शूकर अवतार के अलावा वृंदावन धाम की महिमा का विस्तार से बखान किया। यजमान के रूप में अखिलेश मिश्रा, शकुन मिश्रा, चकित मिश्रा रहे।

### पान विक्रेता के घर चोरी

**अगवानपुर, अमृत विचार :** नगर पंचायत के मोहल्ला सेफियान निवासी अनिल कुमार पान विक्रेता है। बुधवार की रात लगभग तीन बजे चोर उनके घर की दीवार फांदकर घुस आए। उस समय परिजन छत पर सो रहे थे। चोरों ने घर में रखे तीस हज़ार रुपये व ढाई लाख रुपये का जेवरात चोरी कर लिए। पीड़ित ने पुलिस चौकी में तहरीर देकर चोरी का सामान बरामद कराने एवं चोरों के खिलाफ़ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सम्बन्ध विच्छेद
मैंने व मेरे परिवार ने अपने सगे पुत्र मोहम्मद दानिश के गलत कृत्य व दुर्व्यवहार के कारण रजिस्टर्ड संबंध विच्छेद कर लिये है। इसका पूरे भारत में मेरी चल, अचल संपत्ति व मकान से कोई लेना-देना नहीं है। नसीम पुत्र मोहम्मद सद्दीक ग्राम बीलना थाना व तहसील नौगांवा सादात, जिला अमरोहा।

सूचना
मेरे हाई स्कूल वर्ष 2007 अनुक्रमांक 0674938 तथा इंटरमीडिएट वर्ष 2009 अनुक्रमांक 0436873 के प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र खो गए हैं। ज्योति गोस्वामी पुत्री देशराज गोस्वामी केयर आफ विनीत कुमार ग्राम संदलपुर पोस्ट हाथीपुर चंदू कुंदरकी मुरादाबाद।

सूचना
पहले मेरे पुत्र का नाम Mohammad Junaid था अब Mohd Junaid Usmani S/o Kamrul Hasan Usmani R/o Sambhal Road Near Madeena Masjid Dingarpur Moradabad रख दिया है । भविष्य में इसी नाम से जाना जाये।

मॉडल पब्लिक लॉ कॉलेज
बहजोई रोड, चन्दौसी, जिला सम्भल, पिन-244412
गुरू जम्भेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद से सम्बद्ध
-: आवश्यकता है :-
प्रवक्ता-बी.ए.एलएल.बी. (पंच वर्षीय) पाठ्यक्रम हेतु :-
विषय - इतिहास (1), राजनीति शास्त्र (1), समाज शास्त्र (1), अंग्रेजी (1), अर्थशास्त्र (1), विधि-3
प्रवक्ता एलएल.बी. (त्रिवर्षीय) पाठ्यक्रम
विधि-3
योग्यता :- यू.जी.सी./विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यार्थी अपना आवेदन समस्त अंक पत्र, प्रमाण पत्र, आधार एवं पैनकार्ड की छायाप्रतियों सहित विज्ञापन प्रकाशित होने के 15 दिवस के भीतर महाविद्यालय को प्रेषित करें।
अध्यक्ष
डॉ. अशोक यादव
मो.नं. 9412140100
ई-मेल-mplc.chd777@gmail.com

## एक नजर

### योग दिवस की आयुर्वेदिक विभाग ने शुरू की तैयारियां

**रामपुर, अमृत विचार** : 21 जून को होने वाले योग दिवस को लेकर क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी के कर्मचारियों ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। 21 जून को किला परिसर में योग होगा। जिसमें अधिकारी भी शामिल होंगे। विभाग द्वारा भी के लिए आमंत्रण पत्र भी तैयार किए जा रहे हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी विभाग द्वारा तैयारियां जोरों के साथ की जा रही है। विभाग में तैनात कर्मचारी सक्रिय हो गए हैं। सभी विभागों को आमंत्रण पत्र देने की तैयारी चल रही है। सुबह से आकर शाम तक कर्मचारी काम कर रहे हैं। इसके अलावा योग प्रशिक्षक जगह-जगह जाकर योग सिखा रहे हैं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. हरिओम ने बताया कि योग दिवस को लेकर तैयारियां चल रही है। किला परिसर में इसका आयोजन होगा।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष का हुआ स्वागत

**रामपुर, अमृत विचार** : जन शक्ति दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक सैनी का गांव गुलरिया आने पर उनका स्वागत किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यह दल सभी जाति व धर्म के लोगों को साथ लेकर चल आ रहा है। भाजपा सरकार में लोगों पर हो रहे अत्याचार को लेकर चिंता व्यक्त की। कहा कि आने वाले जिला पंचायत के चुनाव में पार्टी पूरे दमखम के साथ चुनाव लड़ेगी। इस मौके पर पूनम गंगवार, शिव शंकर लोधी, गंगाराम गंगवार, चौधरी राजकुमार, रविराज सिंह, आकाश कुमार श्रीवास्तव, वीरपाल मौर्य, अजय कुमार मौजूद रहे।

### 25 जून तक ई-ऑफिस पर कार्य प्रारंभ हों : सीडीओ

**रामपुर, अमृत विचार** : जनपद में सभी सरकारी कार्यालयों में ई-ऑफिस व्यवस्था को सख्ती से लागू करने को लेकर जिला प्रशासन गंभीर है। मुख्य विकास अधिकारी नंदकिशोर कलाल ने ई-ऑफिस प्रणाली पर कार्य करने के लिए विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी और कर्मचारियों के लिए जरूरी प्रशिक्षण कार्यक्रम जारी किया। उन्होंने निर्देश दिए कि अधिकारी और कर्मचारी निर्धारित तिथि में प्रशिक्षण अवश्य प्राप्त कर लें। 25 जून तक प्रत्येक दशा में ई-ऑफिस पर कार्य प्रारंभ हो जाना चाहिए। 25 जून तक जिन अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा ई-ऑफिस व्यवस्था को नहीं अपनाया। उनका चिह्नीकरण करते हुए जून माह के वेतन आहरण पर रोक लगा दी जाएगी।

### केंद्र सरकार के 11 साल पूरे होने पर लोगों को किया संबोधित, ऑपरेशन सिंदूर की उपलब्धि भी बताई

# मोदी सरकार में भारत डिजिटल ट्रांजेक्शन दुनिया में नंबर एक : कपिल देव

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** उप्र कौशल विकास और व्यावसायिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम ने कहा था कि डिजिटल ट्रांजेक्शन इस देश में कैसे हो सकता है। जबकि मोदी सरकार में भारत डिजिटल ट्रांजेक्शन में दुनिया में नंबर एक है।

राम विहार स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय पर पहुंचे स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल का भाजपाइयों ने स्वागत किया। उन्होंने जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार, महिला आयोग सदस्य सुनीता सैनी और अन्य प्रतिनिधियों की उपस्थिति में कपिल देव अग्रवाल ने मोदी सरकार के 11 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियों को गिनाया। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि भारत की सॉफ्ट स्टेट की छवि खत्म हो गई है। 15 जुलाई 2011 को राहुल गांधी ने कहा था कि आतंकवाद पर नियंत्रण पूर्णतः संभव ही नहीं है, लेकिन भारत ने 2016 में सर्जिकल स्ट्राइक, 2019 में बालाकोट स्ट्राइक और अब ऑपरेशन सिंदूर करके दिखाया है। 11 वर्ष में देश की सोच, स्वाभिमान, आत्मबल बदला है। देश को 55 करोड़ जनधन खाते मिले। भारत ने इन्फ्रास्ट्रक्चर, ऊर्जा के क्षेत्र में अभूतपूर्व छलांग लगाई। रेलवे का 100 प्रतिशत विद्युतीकरण और हवाई अड्डों की संख्या दोगुनी हो हो गई है। देश में चौथी बड़ी अर्थव्यवस्था, चौथा बड़ा स्टॉक एक्सचेंज बना है। कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि 2014 में पदभार संभालने के बाद से भारत प्रथम ने सरकार की हर नीति और कार्रवाई का मार्गदर्शन किया है। 81 करोड़ से अधिक लोगों को मुफ्त अनाज मिल रहा है, 15 करोड़ से अधिक घरों में नल पहुंचा है, 12 करोड़ शौचालय व गरीबों के लिए चार करोड़ से अधिक आवास बनाए गए हैं। 68 लाख रेहड़ी-पटरी वालों को ऋण और छोटे उद्यमियों को 52.5 करोड़ ऋण दिए गए हैं। 11 वर्षों में हमारी सरकार की हर योजना के केंद्र में गरीब भाई-बहनों के साथ ही जन-जन का कल्याण सुनिश्चित करना रहा है। उज्ज्वला हो या पीएम आवास, आयुष्मान भारत हो या भारतीय जन औषधि या फिर पीएम किसान सम्मान निधि', इन सभी योजनाओं ने देशवासियों की उम्मीदों को नए पंख दिए हैं। सेवा के 11 वर्षों में देश ने आर्थिक पुनरुत्थान, सामाजिक न्याय, सांस्कृतिक गौरव और राष्ट्रीय सुरक्षा का एक नया युग देखा है। मोदी सरकार ने यह सिद्ध कर दिया है कि जब नेतृत्व स्पष्ट हो, संकल्प अडिग हो और नीयत जनसेवा की हो तो सेवा, सुरक्षा और सुशासन के नए कीर्तिमान बनते हैं।



कौशल विकास मंत्री कपिल देव अग्रवाल का स्वागत करते भाजपा जिलाध्यक्ष, जिला प्रभारी, पूर्व सांसद व अन्य भाजपा नेता।

#### यह लोग रहे मौजूद

जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, रविंद्र सिंह रवि, सतनाम सिंह, मोहन कुमार लोधी, जगपाल यादव, पंकज लोधी, संजय पाठक, भारत भूषण गुप्ता, प्रमोद आहूजा, कृष्ण अवतार लोधी, विकास दीक्षित, अजीत गौतम, कुंवर बहादुर, अमित दिवाकर, मदन चौहान, अवधेश शर्मा, पारुल अग्रवाल, आकाश सक्सेना, प्रदीप गुप्ता, विक्रम सिंह, धर्मवीर यादव, आशीष गुप्ता, पूजा शर्मा, भव्य उप्पल, विवेक रुहेला, उमेश गुप्ता, शिवम सक्सेना, विशाल यादव, विशाल सैनी, आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

### थाने के सामने बस में सवारियां बैठा रहे चालक

**रामपुर, अमृत विचार :** थाना सिविल लाइंस के सामने रोडवेज बसों के अलावा डग्गामार वाहनों में एक बार फिर सवारियां बैठाई जा रहीं हैं। थाने के सामने बसें खड़ी होने से जाम की समस्या बढ़ने लगी है।

नेशनल हाइवे पर जाम लगने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अलावा दुर्घटना की आशंका भी रहती है। पुलिस ने अभियान चलाकर रोडवेज बसों के चालान काटने शुरू किए थे। इसके बाद बस चालकों ने थाना सिविल लाइंस के सामने बसें रोकना बंद कर दिया था। लेकिन, अभियान के बंद हो जाने के बाद एक बार फिर रोडवेज की बसों का थाना सिविल लाइंस के सामने खड़े होने का सिलसिला शुरू हो गया है। जिला अधिकारी के सख्ती बरतने पर सिविल लाइंस थाने के सामने रोडवेज की बसें रुकना बंद हो गईं थीं इसके अलावा डग्गामार वाहनों पर अंकुश लगा था।

# विद्यार्थी जिले का नाम करेंगे रोशन : आकाश

### कलेक्ट्रेट सभागार में छात्र-छात्राओं को चेक और टैबलेट बांटे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** शहर विधायक आकाश सक्सेना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सभी छात्र-छात्राएं जिले के साथ-साथ अपने स्कूल और माता-पिता का सिर गर्व से ऊंचा किया है। यही छात्र-छात्राएं भविष्य में जिले का नाम रोशन करेंगे। प्रशासनिक एवं अन्य पदों पर पहुंचकर देश की सेवा करेंगे।

कलेक्ट्रेट सभागार में गुरुवार को यूपी व सीबीएसई बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह हुआ। शहर विधायक आकाश सक्सेना, जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह, पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र और जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार की उपस्थिति में हुआ। प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में लोक भवन सभागार में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी कराया। कार्यक्रम में हाईस्कूल एवं इंटर परीक्षा में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले 10-10 मेधावी छात्र-छात्राओं में से प्रत्येक को 21 हजार रुपये का चेक, टैबलेट, मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। नेशनल गेम्स में प्रतिभाग करने वाले जिले के 4 होनहार खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया। हॉकी छात्रावास के खिलाड़ी अर्पित कुमार ने रजत पदक जीता, जिन्हें 25 हजार रुपये का चेक व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त 3 अन्य खिलाड़ी कमर फैयाज खान, मानवेंद्र प्रताप सिंह और अंशु पांडे ने कांस्य पदक जीतकर जनपद का नाम रौशन किया। 15-15 हजार रुपए का चेक व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया।

जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह ने कहा कि अपने भविष्य की तैयारी के लिए सभी बच्चे अपनी रुचि के अनुसार विषय का चयन करें। उस क्षेत्र में आगे बढ़कर लक्ष्य को प्राप्त करते हुए जनपद, प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। अपने अभिभावकों और शिक्षकों को गौरवान्वित महसूस कराएं। पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र ने कहा कि कठिन परिश्रम, निष्ठा, शिक्षा के प्रति लगाव और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही छात्र-छात्राओं को एक सही दिशा मिलती है। सभी छात्र-छात्राओं को पूरी लगन, निष्ठा और ईमानदारी से प्रयास करने की आवश्यकता है, जिससे उन्हें एक अच्छा भविष्य मिले और अपने सपने साकार होते दिखें। जिला विद्यालय निरीक्षक मुन्ने अली ने बताया कि हाईस्कूल परीक्षा वर्ष 2025 में जनपद में 23891 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए, जिनमें से 21793 परीक्षार्थी उत्तीर्ण हुए। जनपद रामपुर का परीक्षाफल प्रतिशत 91.22 रहा, जबकि प्रदेश का हाई स्कूल परीक्षा फल 90.51प्रतिशत रहा है। इसी प्रकार इंटर परीक्षा वर्ष 2025 में 21866 परीक्षार्थी सम्मिलित हुए थे जिनमें से 18221 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा उत्तीर्ण की, जो 83.33 प्रतिशत है, जबकि प्रदेश का कुल प्रतिशत 81.5 रहा है।



छात्रा को चेक और प्रशस्ति पत्र देते विधायक, जिलाध्यक्ष एवं अधिकारी।

#### यह हुए सम्मानित

हाईस्कूल में आरुषि, अंशिका, अल्फी, सचिन, अजय कुमार, अंशिका यादव, पूजा सैनी, शिवम कुमार, हिमांशु, अविनाश कुमार शर्मा और कोमल शामिल हैं। इंटरमीडिएट में गुलफिशा, दिपाली पाल, कनिष्का कश्यप, आस्था गंगवार, इफरा नूर, शिवम सिंह, अनस अंसारी, आफिया सैफी, रहमीन और अनिकेत शर्मा शामिल हैं।

### बाढ़ से बचाव की प्रशासन ने तैयारियां की पूरी

**रामपुर, अमृत विचार :** बारिश के मौसम का काउंटडाउन शुरू हो गया है। प्रशासन ने बाढ़ से बचाव के लिए तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। सूखा राशन, पके हुए भोजन के लिए सामग्री एकत्र करने को टेंडर जारी कर दिए गए हैं। बाढ़ पीड़ितों को ठहराने के लिए स्थान चिह्नित करा लिए गए हैं।

पहाड़ों और स्थानीय स्तर पर बारिश होने से कोसी और रामगंगा नदियों में उफान आ जाता है। जिले के करीब 150 गांवों को कोसी नदी अपनी चपेट में ले लेती है। कोसी नदी का जल स्तर बढ़ने पर शहरी क्षेत्र भी बाढ़ की चपेट में आ जाता है। कोसी नदी का पानी गांधी समाधि तक पहुंच जाता है। इसके अलावा स्वार रोड स्थित बांध से सटकर कोसी बहती है। जिसके चलते पसियापुरा, बैजनी, बैजना, प्राणपुर, हजरतपुर, ठोठर, घाटमपुर बाढ़ ग्रस्त हो जाते हैं। बाढ़ ग्रस्त लोगों को राजकीय रजा इंटर कालेज, राजकीय शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजकीय रजा स्नातकोत्तर महाविद्यालय में बाढ़ पीड़ितों और मवेशियों को आश्रय दिया जाता है। अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अम्बरीश कुमार बिंद ने बताया कि 35 बाढ़ चौकियां स्थापित की हैं।

## सार-संक्षेप




### भीषण गर्मी में राहगीरों को बांटा छाछ

**रामपुर, अमृत विचार** : भीषण गर्मी को देखते हुए गुरुवार को भारतीय अधिवक्ता संघ के महत्वपूर्ण संगठनों के सहयोग से राम चौक ज्वालानगर पर छाछ का वितरण किया। छाछ वितरण सुबह 11 बजे से आरंभ हुआ, जो कि दोपहर दो बजे तक चला। कार्यक्रम की क्षेत्र की जनता ने जनप्रतिनिधियों ने सराहना की। इस मौके पर विनोद कश्यप, सोमवर्मा, ऋषभ सक्सेना, मुदित सक्सेना, राजीव रतन श्रीवास्तव, शुभम सक्सेना, संजू बाबा, दिनेश कश्यप, अशोक बाबू सैनी, सुमित अरोड़ा, अतुल कुमार सिंह, संजीव सिंह, राम अवतार सिंह आदि उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री मत्स्य योजना के लिए करें आवेदन

**रामपुर, अमृत विचार** : सहायक निदेशक मत्स्य डॉ. अनीता ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के तहत जनसामान्य को आच्छादित करने के लिए आवेदन करने के लिए विभागीय पोर्टल 16 जून 2025 से खोला जा रहा है। बताया कि आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 जून है। योजना के तहत परियोजनाओं का विवरण, इकाई लागत, आवेदन करने की प्रक्रिया, आवेदन के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेख व विस्तृत विवरण विभागीय वेबसाइट पर देखा जा सकता है। योजना में शासन स्तर से यदि कोई संशोधन होता है, तो संशोधित प्रावधान लागू होंगे। योजना में पूर्व वर्षों के रद्द, प्रतिक्षारत आवेदक पुन: आवेदन कर सकते हैं। इसके अतिरिक्त योजना के सम्बन्ध में मत्स्य विभाग के जनपदीय कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य विकास भवन स्थित कक्ष 53 में किसी भी कार्य दिवस में जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

### व्यापारियों के साथ खड़ा है संगठन : मुकेश चंद्र

**शाहबाद, अमृत विचार** : बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने कहा कि व्यापार मंडल सालों से शाहाबाद में सेवा दे रहा है। व्यापारियों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल की बैठक व्यापारी नेता राजकुमार गुप्ता के घर हुई। जिसमें प्रांतीय महामंत्री कपिल आर्य के निर्देश पर नई कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए शाहबाद में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मुकेश चंद्र गुप्ता ने देर नगर में नए पदाधिकारियों की घोषणा की। जिसमें राजकुमार गुप्ता को उपाध्यक्ष, राजीव मिश्रा को मंत्री, शाजमान आर्यन को संगठन मंत्री के पद पर मनोनीत किया। युवा व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष मयंक अग्रवाल को घोषित किया। इस दौरान बैठक में मुकेश चंद्र गुप्ता, अमित चंद्रवंशी, जुबैर खान, गोरे खान, गुल वकार शम्सी, दीपू चौहान, उपकार,नीरज गुप्ता, घनश्याम रस्तोगी,अभय कुमार गुप्ता, मयंक अग्रवाल,राहुल गुप्ता रहे।

### सबील लगाकर बुझाई राहगीरों की प्यास

**भोट, अमृत विचार** : गर्मी से राहत दिलाने को ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से सबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाकर प्यास बुझाई। लोगों ने भी भीषण गर्मी में शरबत पीकर राहत महसूस की। गुरुवार को ग्राम प्रधान बलजीत सिंह सैनी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से शरबत की व्यवस्था की। खौद थूनापुर मार्ग पर पुलिया के पास सबील लगाकर शरबत व ठंडा पानी राहगीरों को पिलाया। ग्राम प्रधान के बताया भीषण गर्मी में राहगीरों की पानी की समस्या को देखते हुए शरबत व ठंडा पानी पिलाने की व्यवस्था की। जिससे लोगों को भीषण गर्मी में राहत मिल सके। इस दौरान सद्दाम हुसैन, मुकेश सैनी, रामपाल सैनी, भगवान दास पाल, जावेद, फुरकान आदि मौजूद रहे।

# फसल बीमा योजना में 54 किसानों को मिला भुगतान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **गेहूं, सरसों, मसूर और आलू की फसल खराब होने पर किए थे दावे**
- **जिले में 5785 किसानों ने रबी की फसल का कराया था बीमा**

**अमृत विचार :** रबी की फसल के 115 दावों में 54 किसानों को भुगतान मिल गया है। किसानों ने गेहूं, सरसों, मसूर और आलू की फसल खराब होने पर दावे किए गए थे। जिले में 5785 किसानों ने रबी की फसल का बीमा कराया था।

रबी की फसल के लिए हुए बीमा का भुगतान संबंधित कंपनी द्वारा किया जा रहा है। रबी की फसल में 1.5 प्रतिशत जबकि खरीफ की फसल में 2 प्रतिशत कटौती की जाती है। उप कृषि निदेशक राम किशन सिंह ने बताया कि खरीफ की फसल के लिए 6508 किसानों ने फसल का बीमा कराया था। खरीफ की फसल में 423 किसानों ने बीमा राशि के लिए दावा किया था। जिसके सापेक्ष 164 किसानों को 823799 रुपये किसानों को बीमा राशि का भुगतान कर दिया गया है। उप कृषि निदेशक ने बताया कि खरीफ की फसलों में धान, बाजरा और उड़द की फसल के लिए बीमा कराया जाता है। कहा कि 15 से 20 दिन बाद खरीफ की फसल की बोआई शुरू हो जाएगी। किसान अपनी फसलों का बीमा करा लें। किसानों को फसल का बीमा होने पर पैसा मिल जाता है।

> वर्ष 2025 की रबी की फसल के बीमा की धनराशि किसानों को वितरित की जा रही है। जबकि खरीफ की फसल खराब होने पर पीड़ित किसानों को बीमे की राशि का भुगतान किया जा चुका है।
>
> – **राम किशन सिंह,** उप कृषि निदेशक

### खातों में आज पहुंचेंगे 6.15 करोड़ रुपये

**रामपुर, अमृत विचार :** किसानों के लिए अच्छी खबर है। किसी दुर्घटना में घायल या मृत किसानों के परिजनों के खातों में आज 6 करोड़ 15 लाख रुपये पहुंचेंगे।

अपर जिला अधिकारी वित्त एवं राजस्व अम्बरीश कुमार बिंद ने बताया कि मुख्यमंत्री का आदेश है कि पीड़ित किसानों के खातों में पैसा भेज दिया जाए। उन्होंने बताया कि पीड़ित किसानों के नामों की सूची तैयार करा ली गई है और शासन से 6 करोड़ 15 लाख रुपये आ चुका है। शाम को उनके हस्ताक्षर के बाद पैसा भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिले में हुई दुर्घटनाओं में 123 किसान एवं उनके परिजन पीड़ित हैं। मरने वाले किसानों के परिजनों के खातों में पांच-पांच लाख रुपये, जबकि किसी दुर्घटना में एक हाथ और एक पांव गवां चुके किसानों के खातों के ढाई-ढाई लाख रुपये भेज दिए जाएंगे।

# कांग्रेस संगठन हो रहा सशक्त : फूलकुंवर

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** पूर्व विधायक व कांग्रेस जिला समन्वयक फूलकुंवर ने कहा कि जिला और शहर कांग्रेस के आपसी समन्वय और संगठन सृजन अभियान की प्रगति यह संकेत दे रही है कि जिले में कांग्रेस एक बार फिर मजबूती से खड़ी हो रही है।

कांग्रेस के जिला मीडिया कोऑर्डिनेटर उमेश दुबे के ज्वालानगर स्थित निवास पर गुरुवार को संगठन सृजन अभियान की बैठक हुई। जिसमें मुरादाबाद से आए पूर्व विधायक एवं कांग्रेस जिला समन्वयक फूलकुंवर ने कहा कि जिला एवं शहर अध्यक्षों द्वारा जमीनी स्तर पर संगठन को सशक्त करने की दिशा में किया जा रहा कार्य सराहनीय है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता स्पष्ट रूप से दिखाई दे रही है। बदायूं से आए ओमकार सिंह शहर समन्वयक ने कहा कि संगठन सृजन अभियान ने कार्यकर्ताओं में विश्वास और संवाद की भावना को मजबूत किया है। यह अभियान कांग्रेस को बूथ स्तर तक फिर से खड़ा करेगा। ठाकुरद्वारा के उत्तम सिंह ने कहा अभियान केवल सांगठनिक विस्तार नहीं, बल्कि जनभावनाओं से जुड़ाव का माध्यम भी बन रहा है। जिलाध्यक्ष निक्कू पंडित ने कहा कि कांग्रेस जनपद में प्रत्येक वर्ग की आवाज बन रही है। संगठन सृजन अभियान से युवाओं और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का एक मजबूत तालमेल बन रहा है। एआईसीसी सदस्य मुति उर रहमान बब्लू ने कहा कांग्रेस का मूल चरित्र संगठन और सेवा है। यह अभियान उस विरासत को आगे ले जाने की दिशा में एक ठोस कदम है। शहरध्यक्ष बाकर अली खां ने कहा कि नगर कांग्रेस पूरी एकजुटता और जोश के साथ कार्य कर रही है। जिला महासचिव एवं अभियान प्रभारी उमेश दुबे ने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रत्येक वार्ड, सेक्टर और बूथ तक संगठन की संरचना को प्रभावी बनाना है। बैठक में नुसरत अली खां, चितरंजन प्रसाद श्रीवास्तव, शकील मंसूरी, राजेश कुमार, शादाब खां आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।


कार्यक्रम के दौरान मौजूद कांग्रेसी। • अमृत विचार

**मौसम** 14 जून को हो सकती है बारिश, 13 जून को हीट वेव की आशंका

# दो दिन बाद गर्मी से राहत मिलने के आसार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** मौसम वैज्ञानिकों की मानें तो 14 जून तक गर्मी से कुछ राहत मिलने के आसार हैं। मौसम की सक्रियता बढ़ने से 14 जून को बारिश हो सकती है। 13 जून को तेजी से लू चलेगी, लोग सावधानी बरतें। गुरुवार को शिद्दत की गर्मी में लोगों ने जगह-जगह लोगों का गला तर कराया।

गुरुवार को अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। सुबह से शाम तक आसमान से आग बरसती रही, जिसके चलते लोग बेचैन रहे। मौसम वैज्ञानिक डॉ. उदय प्रताप सिंह ने 14 जून को गर्मी से कुछ राहत मिलने की संभावना जताई है। उन्होंने बताया कि 13 जून को हीट वेव चलने की संभावना है। लोग सावधान रहें और जरूरी कामों से ही घरों से बाहर निकलें। उन्होंने बताया कि मौसमी सक्रियता बढ़ने से 14 जून को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश हो सकती है। राहे रजा पर गन्ने का जूस बेच रहे कोमल सैनी ने बताया कि लोग गर्मी के मौसम में कोल्ड ड्रिंक नहीं गन्ने का रस अधिक पी रहे हैं। राहे रजा पर अजीम, गुलफाम, रिंकू आदि ने सबील लगाकर लोगों में शरबत वितरित किया। शरबत पीकर लोगों को गर्मी से राहत मिली। गर्मी के मौसम में बच्चों ने तालाबों और नदियों में डुबकी लगाकर खूब मस्ती की। तपती गर्मी में बच्चों ने तालाबों और नदियों में डुबकी लगाकर राहत महसूस की।


चेहरा ढककर जातीं युवतियां।

#### हाल-ए-मौसम

अधिकतम तापमान- 42 डिग्री सेल्सियस
न्यूनतम तापमान- 30 डिग्री सेल्सियस
आर्द्र- 50 प्रतिशत
वायु वेग- 8 किमी. प्रति घंटा


गर्मी में राहे रजा पर लोगों को शरबत पिलाते लोग।

> रामपुर समेत पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अधिकांश जिलों में 14 जून को वर्षा होने का अनुमान है। 13 जून को हीट वेव चलने की संभावना है इसलिए लोग एहतियात बरतें।
>
> – **डॉ. उदय प्रताप शाही,** मौसम वैज्ञानिक कृषि विश्वविद्यालय मेरठ

### कांशीराम कालोनी वालों को कम मिल रहा पेयजल

**रामपुर, अमृत विचार :** नादरबाग की मडैया स्थित कांशीराम कालोनी में कई सालों से लोग निवास कर रहे है, लेकिन यहां के लोगों का कहना है कि कालोनी में पेयजल प्रेशर सुस्त होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

लोग काफी समय से पाइप लाइन सप्लाई का प्रेशर बढ़वाए जाने की मांग कर रहे हैं। इसके बावजूद स्थिति जस की तस है। इसके अलावा पालिका द्वारा नालियों का निर्माण नहीं कराया गया है। जिससे घरों से बाहर आने वाला पानी सड़क पर आकर भर जाता है,जिससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है,इस बारे में यहां के लोगों ने अधिकारियों को बताया जा जा चुका है। लेकिन, उसके बाद भी कोई सुधार नहीं हुआ है। राजू ने पालिकाध्यक्ष सना मामून को भेजे पत्र में पेयजल आपूर्ति का प्रेशर दुरुस्त कराए जाने की मांग की है।

# वैज्ञानिक पद्धति से खेती करें किसान

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- **विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतिम दिन ग्राम लांबाखेड़ा में हुई गोष्ठी**

**अमृत विचार :** विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतिम दिन विकास खंड स्वार के ग्राम सिहोरा, धनुपुरा, लांबाखेड़ा, विकासखंड मिलक के ग्राम सिमरिया, निस्वी, नौराह, विकासखंड शाहबाद के ग्राम ढकिया, रवानापट्टीजवाहर, रवानापट्टी समेत नौ गांवों में किसान गोष्ठी हुई।

उप कृषि निदेशक रामकिशन सिंह ने बताया कि 29 मई से 12 जून तक जिले के सभी विकास खंडों की 135 ग्राम पंचायतों में किसान गोष्ठियां आयोजित कराई गईं। जिसमें किसानों को उन्नत प्रजाति के बीजों की बुआई करने और वैज्ञानिक पद्धति से खेती करने की जानकारी दी गई। विकास खंड स्वार के ग्राम लांबाखेड़ा में गुरुवार को विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत हुई गोष्ठी हुई। इसके अलावा रासायनिक खेती के स्थान पर प्राकृतिक खेती, जैविक खेती करने, फसल चक्र अपनाने के साथ उन्नत प्रजातियों के बीजों की बुआई करने, अपनी फसलों का बीमा कराने की भी सलाह दी गई। कार्यक्रमों में आईसीएआर, आईवीआरआई बरेली के कृषि वैज्ञानिक डॉ. शार्दुल विक्रम लाल, डॉ. सीएस राघव, डॉ. आरएल सागर एवं कृषि विज्ञान केंद्र धमोरा के वैज्ञानिक डॉ. नरेन्द्र सिंह गंगवार, डॉ. अनुज बंसल, डॉ. आशीष कुमार ने किसानों को जानकारी दी।


गोष्ठी में किसानों को जानकारी देते कृषि वैज्ञानिक। • अमृत विचार

## एक नजर

### गर्मी से राहत दिलाने को कराई पानी की बौछार

**रामपुर, अमृत विचार** : भीषण गर्मी से राहत दिलाने के लिए गुरुवार को पालिका अधिकारियों ने पानी के टैंकर से शहर में पानी की बौछार कराई। शहर की सड़कों पर पानी-पानी हो गया और लोगों ने पानी के टैंकर से निकलती पानी की फुहारों का लुत्फ लिया। पालिकाध्यक्ष सना मामून ने बताया कि अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है। लोग गर्मी से व्याकुल हो रहे हैं। लोगों को गर्मी से राहत दिलाने के लिए शहर में पानी के टैंकर से बौछार कराई गई है। इसके अतिरिक्त लोगों को राहत पहुंचाने की कोशिश की जा रही है।

### मिट्टी की परमीशन मांगने पर लेखपाल को पीटा

**शाहबाद, अमृत विचार** : ट्रैक्टर-ट्रॉली में भरी मिट्टी की परमीशन के कागज मांगना लेखपाल को भारी पड़ गया। चार लोगों ने लेखपाल के साथ मारपीट कर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चारों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है। शाहबाद तहसील कार्यालय में तैनात लेखपाल राजकुमार का कहना है कि गुरुवार को वह गांव हिम्मतपुर में क्षतिग्रस्त विद्युत खंभों की जांच के लिए जा रहे थे। बिजली विभाग के जेई से फोन पर संपर्क किया, तो उन्होंने बताया कि सुपरवाइजर को वहां पर भेज रहा हूं। इसी बीच दो मिट्टी से भरी ट्रालियां आ रही थीं। उसके बाद लेखपाल ने परमिशन के कागज मांगे तो इन लोगों ने लेखपाल के साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उसके बाद मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार लोगों पर रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### हादसे के पीड़ित परिवारों के साथ संवेदना : मुस्तफा

**रामपुर, अमृत विचार** : जिला पंचायत सदस्य मुस्तफा हुसैन ने अहमदाबाद में हुए विमान हादसे पर दु:ख व्यक्त करते हुए कहा है कि हादसे की दुखद खबर सुनी। एयर इंडिया विमान हादसे के बाद परिवारों के दुख की कल्पना करना भी बहुत मुश्किल है। जिन लोगों ने अपनी जान गंवाई है, मेरी संवेदनाएं उन सभी यात्रियों, उनके परिवारों और प्रभावित सभी लोगों के साथ हैं। इस बेहद कठिन समय में खुदा से दुआ है कि सभी को ताकत और हिम्मत दें।



# ट्रैक्टर में घुसा ऑटो, एक की मौत, 6 घायल

## देर रात बिलासपुर-रुद्रपुर सीमा पर हुआ हादसा

**कार्यालय संवाददाता, बिलासपुर**



जिला अस्पताल में बैठे मृतक के परिजन। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बुधवार देर रात बिलासपुर-रुद्रपुर सीमा पर तेज रफ्तार ऑटो चलते ट्रैक्टर में घुस गया। इसमें ऑटो सवार व्यक्ति मौत हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर चीख पुकार मच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जहां परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।



नजीर का फाइल फोटो।

शहजादनगर थाना क्षेत्र के गांव लालू नगला निवासी 45 वर्षीय नजीर खां अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ रुद्रपुर जा रहे थे। बुधवार रात को ऑटो से रात 11 बजे बिलासपुर और रुद्रपुर बॉर्डर पर ऑटो तेज रफ्तार के चलते अनियंत्रित हो गया। देखते ही देखते ऑटो ट्रैक्टर में पीछे बंधे हैरो में जा घुसा। जिससे उसमें बैठे नजीर उनकी पत्नी सीमा और दो बेटी अन्य सवारी सहित करीब 5 लोग घायल हो गए। हादसे के बाद राहगीर मौके पर एकत्रित हो गए। सड़क पर हादसे की जानकारी पर पुलिस भी आ गई। जहां घायल नजीर की हालत गंभीर होने पर उसको रुद्रपुर लेकर गए। लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। सूचना के बाद परिजन भी आ गए। घायल अजय सिंह 26 वर्ष निवासी फुलसुंघा उधमसिंह नगर, सीमा पुत्री नजीर खान 45 वर्षीय, रीना पत्नी फरजान खां 30 वर्षीय, फरजान खान पुत्र विरासत खान 32 वर्षीय, मुफीद पत्नी नबी हसन 50 वर्षीय, कुमारी दानिया पुत्री नजीर खां निवासी मोहल्ला शीरीमियां सहित 6 लोगों का सीएचसी और जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने शव को लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। गुरुवार को शव का पोस्टमार्टम हो जाने के बाद परिजनों के हवाले कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है। जबकि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। पीड़ित पक्ष द्वारा अभी कोई तहरीर नहीं दी गई है, तहरीर प्राप्त होने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत, शिनाख्त नहीं

**रामपुर, अमृत विचार** : बुधवार रात को पटरी पार करते समय स्टेशन के सामने रन थ्रू आ रही ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। जानकारी मिलने के बाद जीआरपी थाने की पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। उसके बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। इससे पहले काफी देर तक शिनाख्त कराने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। जीआरपी इंचार्ज मुकेश कुमार ने बताया कि मृतक के फोटो कई ग्रुप में डाले गए हैं। हालांकि शिनाख्त नहीं हो सकी है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली की टक्कर से दो घायल

**मिलक, अमृत विचार** : गुरुवार को कोतवाली क्षेत्र के एचोरा निवासी 20 वर्षीय तालिब और उसके 60 वर्षीय पड़ोसी कल्लू बाइक से मिलक आ रहे थे। दोपहर के एक बजे कुंदनपुर के पास तेज रफ्तार ट्रैक्टर ट्राली ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद ट्रैक्टर ट्राली लेकर चालक वहां से फरार हो गया। हादसे में दोनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची एंबुलेंस से दोनों घायलों को नगर के सरकारी अस्पताल लाया गया। वहां से बेहतर उपचार के लिए उन्हें गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**मिलक, अमृत विचार** : थाना शहजादनगर क्षेत्र के ग्राम बबुरा निवासी छुटकन लाल ने कोतवाली में तहरीर देते हुए कहा कि उनका पुत्र चिरंजीलाल 3 जून को दोपहर नेशनल हाईवे स्थित बजरी प्लांट के सामने से बाइक से जा रहा था। इसी दौरान दूसरी दिशा से आ रही मोटरसाइकिल ने सामने से उसकी बाइक में टक्कर मार दी थी। जिससे उनका पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया था। दुर्घटना में आई चोट के कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई थी। हादसे के बाद दूसरी बाइक सवार बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया था। उन्होंने तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की। जिस पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार संक्षेप

### बैनामे के रुपये नहीं देने पर जान से मारने की धमकी

**रामपुर, अमृत विचार** : कोतवाली थाना क्षेत्र के मोहल्ला नसरूल्ला खां निवासी अनीस का कहना है कि बुधवार की रात नगालिया आकिल से गफ्फार प्रधान ने फोन कर गाली-गलौज की। उसने कहा कि जिस जमीन को आशकार ने खरीदने के लिए कहा था। वह उसका बैनामा नहीं करा पाया। उसका बैनामे का समय निकल गया। उसके बैनामे के सवा 3 लाख रुपये सीधे घर पहुंचा देना। इसी बात को लेकर फोन पर भला बुरा करने के बाद जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद पीड़ित थाने पहुंच गया। उसने आरोपी के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मादक पदार्थों की मुखबिरी के मामले में दो पक्षों में मारपीट

**बिलासपुर, अमृत विचार** : नगर में एक वाट्सएप ग्रुप और फेसबुक अकाउंट पर वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में कुछ पुरुष और महिलाएं एक-दूसरे के साथ गाली गलौज व मारपीट करते दिखाई दे रहे हैं। साथ ही दोनों पक्ष पथराव भी करते नजर आ रहें हैं। हाथापाई और पथराव का दौर करीब एक घंटे तक जारी रहा। यह वीडियो नगर के मोहल्ला शीरी मियां हरि ड्रेस का बताया जा रहा है। जारी वीडियो में लोग आरोप लगा रहें है कि नगर में मादक पदार्थों की तस्करी की जा रही है। कुछ मोहल्लेवासियों ने इसकी शिकायत अधिकारियों से की थी। इसी को लेकर बात बढ़ गई। तस्करी करने वाले लोग शिकायतकर्ताओं को पीटने पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह का कहना है कि वीडियो वाला प्रकरण उनके संज्ञान में भी आया है। अभी वायरल वीडियो की जांच करवाई जा रही है।

### यतीमखाने के मामले में आजम खां ने दर्ज कराए बयान

**रामपुर, अमृत विचार** : यतीमखाने से जुड़े मामले में गुरुवार को आजम खां ने वीसी के जरिए बयान दर्ज कराए। साथ ही अन्य आरोपियों ने भी बयान दर्ज हुए। सपा शासनकाल में तोपखाना क्षेत्र में बने मकानों पर बुलडोजर चलवा दिया था। उसके बाद इस मामले में आजम खां सहित कई सपाइयों को आरोपी बनाया। इस मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी। जिसकी सुनवाई एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट में हो रही है। एडीजीसी सीमा सिंह राणा ने बताया कि आजम खां ने वीसी के जरिए बयान दर्ज कराए। जबकि अन्य आरोपी कोर्ट में पेश हुए।



### बीज की दुकानों का निरीक्षण किया

**रामपुर, अमृत विचार** : जिला कृषि अधिकारी कुलदीप सिंह राणा ने गुरुवार को जिले में विभिन्न बीज विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान मैसर्स गंगवार कृषक सेवा केंद्र मिलक, मैसर्स आईएफएफडीसी रोरा कलां का निरीक्षण किया। इसके अलावा मैसर्स हरि एग्रो एजेंसी, मिलक, विपुल खाद भंडार मिलक, शीतल फर्टिलाइजर्स धमोरा, राज सीड्स धमौरा एवं श्रीराम एग्री जंक्शन धमौरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण में बीज के 9 नमूने लिए। नमूनों को परीक्षण के लिए प्रयोगशाला भेजा गया। जिला कृषि अधिकारी ने किसानों से अपील की है कि बीज खरीदते समय विक्रेता से पक्का बिल अवश्य लें।

### महिला के साथ की मारपीट

**मसवासी, अमृत विचार** : मसवासी क्षेत्र के गांव की महिला को अपने ही उधार के रुपये मांगने भारी पड़ गए। आरोपी व उसके परिवार ने महिला के साथ मारपीट कर चोटिल कर दिया। महिला ने मारपीट की तहरीर चौकी पुलिस को दी है। अरमाना निवासी घोसीपुरा ने कुछ दिनों पहले अपने पड़ोसी जफीरा को ईंटें बेची थीं, लेकिन जफीरा ने महिला के ईंटों के 6 हजार रुपये नहीं दिए। गुरुवार को अरमाना ने ईंटों के रुपये मागें तो जफीरा महिला के साथ गाली-गलौज करने लगा जब महिला ने गाली-गलौज करने का विरोध किया तब जफीरा व उसकी पत्नी व बेटे अर्श ने महिला को मारपीट कर घायल कर दिया। महिला अरमाना ने जफीरा, तबस्सुम व अर्श के खिलाफ नामजद पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### 5 लाख व बाइक न मिलने पर विवाहिता को निकाला

**भोट, अमृत विचार** : दहेज में बाइक व 5 लाख रुपये न मिलने पर पति ने परिजनों के साथ मिलकर पत्नी को मारपीट कर घर से निकाल दिया। पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पति समेत 4 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव निवासी ग्रामीण ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। उसने बताया है कि अपनी बेटी की शादी तीन साल पूर्व स्वार थाना क्षेत्र के गद्दी नगली गांव निवासी राजेंद्र से की थी। आरोप है कि विवाहिता का पति शराब पीकर मारपीट व गाली-गलौज करता है। उसकी सास धर्मवती, ससुर भीकम व देवर अरविन्द दहेज में बुलेट व 5 लाख रुपये की मांग कर उत्पीड़न करते हैं। आरोपियों ने विवाहिता को एक माह पूर्व घर से निकाल दिया था।

### पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी की मृत्यु पर जताया दुख

**रामपुर, अमृत विचार** : अहमदाबाद से लंदन जा रहे एअर इंडिया के विमान के क्रैश होने की घटना पर पूर्व मंत्री नवाब काजिम अली खां उर्फ नवेद मियां ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी के निधन को लेकर कहा कि वो एक अच्छे इंसान थे। उन्होंने दुर्घटना में दिवंगत यात्रियों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। पूर्व मंत्री नवेद मियां ने बताया कि गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी से उनकी राजकोट में महाराजा मांधाता सिंह जाडेजा के राज्याभिषेक के दौरान मुलाकात हुई थी। महाराजा मनोहर सिंह जडेजा गुजरात में कांग्रेस शासन में मंत्री थे। नवाब जुल्फिकार अली खां उर्फ मिक्की मियां के मित्र थे।

# भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, एक मजदूर की मौत

**संवाददाता, मसवासी**




मसवासी के मुरादाबाद बाजपुर मार्ग पर दुर्घटना के बाद मौके पर एकत्र भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : बाजपुर-मुरादाबाद मार्ग पर भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्राली डंपर की टक्कर लगने से गड्ढे में पलट गई। जिसमें दबकर एक मजदूर की मौत हो गई और 5 मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को स्वार के अस्पताल में भर्ती कराया है।

गुरुवार दोपहर भूसे से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली उधमसिंह नगर के थाना केलाखेड़ा से भरकर नागलिया जा रही थी। मानपुर महाराजपुर में बाजपुर मुरादाबाद मार्ग पर सामने से आ रहे डंपर ने उसे टक्कर मार दी। इस पर ट्रैक्टर चालक मुनव्वर पुत्र अहमद हसन ने बचने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर ट्राली खड्ड में जाकर पलट गई। जिसमें सरताज पुत्र सरकार अली निवासी नागलिया थाना टांडा दबकर गंभीर रूप से घायल हो गया। जेसीबी मशीन से ट्रैक्टर को हटाकर उसे निकाला गया। अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं, ट्रैक्टर के बोनट पर बैठे हुए इफ्तिखार अली, यूनुस, रशीद, यासीन, नजीर घायल हो गए। घायलों को स्वार के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजा है।

### ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से वृद्धा की मौत

**स्वार, अमृत विचार** : तहसील क्षेत्र के गांव मोतीपुरा निवासी किसान पप्पू गुरुवार को अपने खेत में हरी मिर्च तोड़वाने के लिए ट्रैक्टर ट्राली से नरपत नगर से लेबर लेकर आया था। लेबर ने सुबह से दोपहर एक बजे तक मिर्च तोड़ी। उसके बाद लेबर द्वारा कार्य समाप्त करने पर किसान पप्पू वृद्धा को ट्रैक्टर ट्राली में बैठा लिया और नरपत नगर छोड़ने को चल दिया। जैसे ही ट्रैक्टर ट्राली स्वार-बाजपुर मार्ग स्थित होटल के सामने पहुंची तो अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे पलट गई। जिससे मजदूरों में चीख पुकार मच गई। इस दौरान ट्रैक्टर-ट्राली के नीचे दबने से नरपतनगर निवासी 65 वर्षीय वृद्धा शहजादी पत्नी मुश्ताक गंभीर रूप से घायल हो गई। आसपास के लोगों द्वारा आनन-फानन में वृद्धा को ट्रैक्टर-ट्रॉली के नीचे से निकाला और एंबुलेंस से सीएचसी पहुंचाया। जहां चिकित्सक ने वृद्धा को मृत घोषित कर दिया। वहीं किसान पप्पू पलटी ट्रैक्टर-ट्राली को मौके पर ही छोड़ कर फरार हो गया।

## पुलिस ने तमंचे के साथ एक आरोपी को पकड़ा

**रामपुर, अमृत विचार** : सैफनी पुलिस ने अभियान चलाकर तमंचे के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से वह जेल चला गया। थाना सैफनी पुलिस ने गश्त के दौरान आरोपी अनिक पुत्र जरीफ अहमद निवासी ग्राम भजनपुर को तमंचे व 3 कारतूस के साथ दनियापुर चौराहे से लहटौरा को जाने वाली कच्ची चकरोड से गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। वहां से उसे जेल भेज दिया।

वहीं, मिलक और गंज पुलिस ने अभियान चलाकर दो वारंटियों को पकड़ने के बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से दोनों आरोपी जेल चले गए। थाना मिलक पुलिस द्वारा आरोपी मान सिह पुत्र लालाराम निवासी ग्राम कपनेरी को पुलिस ने गिरफ्तार करने के बाद कोर्ट में पेश किया। इसके अलावा थाना गंज पुलिस द्वारा आरोपी यासीन पुत्र फरजन्द निवासी तकिया मुबारक शाह उसके मकान से से गिरफ्तार कर लिया।

# नगर पालिका के अधिकारियों ने 7 और दुकानों पर लगाए लाल निशान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**




निशान लगने के बाद सामान ले जाता दुकानदार। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : सिविल लाइंस क्षेत्र में गुरुवार को पालिका अधिकारियों ने अतिक्रमण पर लाल निशान लगवा दिए। दुकानों पर लाल निशान लगने से दुकानदारों में दहशत है और उन्होंने अपना सामान समेटना शुरू कर दिया है।

सिविल लाइंस क्षेत्र में डालमिया अस्तपाल के निकट बिलासपुर रोड पर गुरुवार दोपहर पालिका कर्मचारियों ने अतिक्रमण पर लाल निशान लगा दिए। सिविल लाइंस क्षेत्र में गन्ना समिति के निकट 40 दुकानों को ध्वस्त करा दिया गया था। इसके बाद सिविल लाइंस थाने के सामने 9 दुकानों और मकानों को ध्वस्त करा दिया गया है। पालिका अधिकारियों ने नवाब स्टेशन के आगे अतिक्रमण कर बनाई गई दुकानों को भी ध्वस्त करा दिया है। पालिका अधिकारियों की माने तो हाईवे से दक्षिण दिशा की ओर पालिका की 30 मीटर भूमि है, लोगों ने भूमि पर अतिक्रमण कर दुकानें बना ली थीं। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण को साफ करा दिया गया है। ईओ पालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी ने बताया कि अतिक्रमण को साफ कराया जा रहा है।

● **कई क्षेत्रों में अतिक्रमण पर गरज चुकी पालिका की जेसीबी**

# नोटिस का जवाब न देने पर बिल्डिंग सील

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**




आवास एवं विकास परिषद की टीम द्वारा सील बिल्डिंग। ● अमृत विचार

**अमृत विचार** : आवास एवं विकास परिषद की टीम गुरुवार को नोटिस का जवाब नहीं देने पर एक बिल्डिंग को सील कर दिया। इस दौरान सिविल लाइन पुलिस मौजूद रही।

परिषद के अधिशासी अभियंता रजनीश कुशवाहा ने बताया कि सिविल लाइन की योजना संख्या 2 में स्थित आवासीय भूखंड ए-213 पर मालिक द्वारा असुरक्षित कालम खड़े करते हुए स्टील सैड का निर्माण किया गया। संपूर्ण आवासीय भवन में व्यवसायिक रूप से अस्पताल का संचालन किया जा रहा है, जोकि नियम विरुद्ध है, जिसको हटाया एवं बंद किया जाना है। जिसके कारण खंड कार्यालय स्तर से किए निर्माण को हटाने एवं अस्पताल का संचालन बंद किये जाने के लिए भवन के मालिक को 28 अप्रैल को कारण बताओ नोटिस निर्गत किया गया। परन्तु सम्बन्धित द्वारा न तो स्टील सैड को हटाया गया है और न ही अस्पताल का संचालन बंद किया। उसके बाद खंड कार्यालय के द्वारा 19 मई को अनाधिकृत निर्माण गिरवाने का आदेश निर्गत किया। परन्तु सम्बन्धित द्वारा स्वयं अनाधिकृत निर्माण असुरक्षित स्टील सैड का निर्माण ध्वस्त नहीं किया। जिसके बाद गुरुवार को टीम वहां पर पहुंच गई। उसके बाद शर्तों के विपरीत किए गए अनाधिकृत निर्माण एवं अस्पताल के संचालित परिसर को सील कर दिया। इस मौके पर सहायक अभियंता प्रतीक यादव, अवर अभियंता मनोज कुमार मौजूद रहे।

● **आवासीय भवन में किया जा रहा था अस्पताल का संचालन**

## सींगनखेड़ा के स्टेडियम का डीएम ने किया निरीक्षण

**रामपुर, अमृत विचार** : जिलाधिकारी ने सींगनखेड़ा स्थित स्टेडियम पहुंचकर खेलों को बढ़ावा देने के लिए खंड विकास अधिकारी एवं जिला क्रीड़ा अधिकारी को स्टेडियम में विभिन्न सुविधाओं को क्रियाशील करने के संबंध में द्य निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने शहर में अवैध अतिक्रमण हटवाने के उपरांत खाली जमीन पर कराए जा रहे सौंदर्यीकरण कार्यों का भी जायजा लिया। उन्होंने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद को निर्देश दिए कि वे सौंदर्यीकरण के कार्यों को गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराएं। पूरे जिले के स्थानीय निकायों में अवैध अतिक्रमण हटवाने को लेकर अभियान लगातार जारी है। प्रशासनिक स्तर से लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि वे सार्वजनिक स्थलों से स्वयं अवैध कब्जा हटा लें और लोक महत्व की जमीनों को सुरक्षित रखने में प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।



एडीजी रमित शर्मा के साथ मौजूद पुलिस अधिकारी और पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार

# एडीजी ने विजेता टीमों को किया सम्मानित

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : बरेली जोन मुख्यालय पर आयोजित पुलिस सोशल मीडिया टीमों को सम्मानित किया गया। समारोह में एडीजी जोन रमित शर्मा ने कहा कि पुलिस के परवाह डिजिटल रोड सेफ्टी अभियान ने बरेली जोन में जनजागरूकता की नई मिसाल कायम की है। सोशल मीडिया के जरिए चलाये गए डिजिटल सशक्त अभियान की बदौलत सड़क सुरक्षा का संदेश एक करोड़ से अधिक लोगों तक पहुंचाया गया। इस दौरान जिले विजयी टीम को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। जिसमें प्रथम पुरस्कार जनपद रामपुर को मिला। जिसमें शील्ड, प्रशस्ति पत्र एवं नगद राशि दी है। जिसमें निरीक्षक जयवीर सिंह, उप निरीक्षक अजय शर्मा, कंप्यूटर ऑपरेटर विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी अनिल गिल, मुख्य आरक्षी अरविंद कुमार, मुख्य आरक्षी अमित कुमार, आरक्षी अंकुर तोमर, आरक्षी रजनीश सिंह, आरक्षी शशिपाल, आरक्षी दीपक कुमार मौजूद रहे।

**परेशानी** — दिन और रात में बिजली की आंख मिचौली जारी, शिकायतों की हो रही अनदेखी

# भीषण गर्मी में बिजली की ट्रिपिंग से लोग परेशान

**कार्यालय संवाददाता, रामपुर**

**अमृत विचार** : भीषण गर्मी में बिजली ट्रिपिंग से लोगों को परेशानी आ रही है। रात को लोगों को चैन से सोने तक नहीं मिल रहा है। लोग बिजली जाने पर रात को छतों पर गुजारने को मजबूर हैं। लेकिन उसके बाद भी इस गर्मी से पलभर का चैन नहीं है। बिजली घर में फोन मिलाने पर वहां पर भी कर्मचारियों द्वारा सही से कोई जवाब नहीं दिया जाता है।

भीषण गर्मी के बीच बिजली कटौती ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। शहर में सुबह से रात तक बिजली की आवाजाही बनी रहती है। जिससे लोग काफी परेशान है। पूरे दिन बच्चे और महिलाएं घर में बिजली नहीं होने के कारण बीमार हो रहे हैं। वहीं रात को जब आदमी आफिस से काम निपटाने के बाद घर को जाते हैं, तो उनको बिजली नहीं मिलती है। इनवर्टर भी दम तोड़ रहे हैं। बुधवार रात को बिजली कई घंटे ठप होने के कारण ज्वालानगर वासी काफी परेशान रहे। रात को दो बजे के बाद जब बिजली आपूर्ति शुरू हुई तो उसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली। इसके अलावा शहर के अलग अलग इलाकों का हाल भी इससे जुदा नहीं है।

**अजीतपुर बिजलीघर के कर्मचारी नहीं उठाते फोन** : उपभोक्ताओं का कहना है कि अजीतपुर बिजली घर में तैनात कर्मचारी रात के समय फोन तक नहीं उठाते हैं। अगर फोन उठा भी लेते हैं तो बिजली के बारे में पूछने पर सही से कोई उत्तर तक नहीं दिया जाता है। यहीं तक की लोगों से बात तक सही से नहीं की जाती है। इस बारे में कई बार अजीतपुर के जेई से शिकायत तक की जा चुकी है, लेकिन उस कर्मचारी को नहीं हटाया गया।

● **विद्युत केंद्रों पर कर्मचारी नहीं उठाते हैं फोन**



सुबह से लेकर शाम तक बिजली की आवाजाही जारी रहती है। बिना बिजली के रह पाना मुश्किल हो रहा है। बुधवार को भी बिजली नहीं आने से लोग काफी परेशान रहे। **- अरुण कुमार**



बार बार बिजली की आवाजाही जारी रहती है। एसी तक सही से काम नहीं कर रहे हैं। शटडाउन के नाम पर बिजली घंटे ठप रहती है। छतों पर भी आराम नहीं मिलता है। **- अर्जुन यादव**



दिन भर लाइट की आवाजाही से लोग काफी परेशान है। 10 मिनट के आने के बाद फिर से एक घंटे के लिए चली जाती है। बिजली व्यवस्था धड़ाम हो चुकी है। **- डॉ. कुलदीप चौहान**



पिछले दस दिन से बिजली बेपटरी हो चुकी है। घर के काम तक नहीं हो पा रहे हैं। कुछ देर के लिए बिजली आती है। उसके बाद फिर से चली जाती है। आवाजाही पूरे दिन जारी रहती है। **- अक्षिता शर्मा**

## एक नजर

### जमीन बेचने पर आपत्ति की तो भाइयों ने पीटा

**संभल, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन मोहम्मदपुर की सायरा बानो और चार भाइयों की पांच बीसा जमीन थी। चारों भाइयों ने जमीन का बैनामा कर दिया था। सायरा ने आपत्ति की तो उसके भाइयों मतीन, यासीन और इरफान ने मारपीट कर घायल कर दिया। उसने पुलिस को तहरीर दी।

### प्रतिदिन योग करने के लिए किया प्रेरित

**संभल, अमृत विचार :** एमजीएम पीजी कॉलेज संभल की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा योगा फॉर अर्थ वन हेल्थ थीम पर कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी नेमपाल सिंह ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और निरोग रहने के लिए प्रात: काल आधा घंटा रोजाना योग करने के लिए प्रेरित किया। स्वयं सेविका आकांक्षा सिंह, विशाखा सिंह, उर्वशी सिंह, अनामिका सिंह, स्वयंसेवक केशव, गौतम सागर, अंकित कुमार, शिव कुमार रहे।

### बुखार से पीड़ित युवती की मौत, मचा कोहराम

**संभल, अमृत विचार :** गांव अतरासी निवासी ज्योति (21 वर्ष) पुत्री कमल सिंह को बुखार आया। भाई रवि कुमार ने बताया कि दो दिन ज्योति का इलाज गांव में कराया। फिर संभल के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। बुधवार को देर रात ज्योति की मौत हो गई।

### भदरौला में सबील लगाकर बांटा शरबत

**संभल, अमृत विचार :** गुरु हरगोबिंद के प्रकाश पर्व पर गांव भदरौला में शरबत की सबील लगाई गई। गुरु हरगोविंद के जीवन, बलिदान और धर्म रक्षा के योगदान को याद किया गया। हरविंदर सिंह, अमृत सिंह, स्वर्णजीत सिंह, तारीफ सिंह, सोहित सिंह, सुलेंद्र सिंह और अर्जुन सिंह का सहयोग रहा।

### वेतन बाबू की शिकायत

**चन्दौसी, अमृत विचार :** घटलेश्वर गेट निवासी सुरेश कुमार सैनी ने नगर विकास मंत्री को भेजे शिकायती पत्र में कहा कि उसके पिता कुंदन लाल नगर पालिका में स्थायी कर्मचारी थे। कैंसर से उनकी मौत हो गई तो मां को पेंशन मिलने लगी। मां की मृत्यु 29 जून 2021 को हो गई। नगर पालिका के वेतन बाबू ने उक्त तिथि से 2 माह पहले ही उसकी मां की मौत दिखाकर पेंशन बंद कर दी। कई बार शिकायत के बाद भी वेतन बाबू ने कोई जवाब नहीं दिया।

# सिरसी में ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा कर बनीं 12 दुकानें ढहाईं

## संभल-मुरादाबाद मार्ग के किनारे हटाए गए कब्जे, कब्जेदारों को भेजे थे नोटिस

**कार्यालय संवाददाता, संभल/सिरसी**


सिरसी में सरकारी जमीन पर बनी दुकानों को ढहाती जेसीबी व इकट्ठा भीड़। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर पंचायत सिरसी में गुरुवार को प्रशासन ने सरकारी जमीन को कब्जा मुक्त कराने के लिए बड़ी कार्रवाई की। संभल मुरादाबाद मार्ग के किनारे ग्राम समाज की भूमि पर बनी 12 दुकानों को जमींदोज करा दिया गया। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।

सिरसी में संभल-मुरादाबाद मार्ग पर दादा मखदूम की मजार के पास ग्राम समाज की भूमि 0.105 हेक्टेयर भूमि पर लोगों ने कब्जा कर सालों पहले 12 दुकानें बना कारोबार कर रहे थे लेकिन प्रशासनिक स्तर पर जमीन से कब्जा हटवाने की कवायद भी चल रही थी। इन दुकानों को लेकर तहसीलदार की अदालत में धारा 64 के मुकदमा चला जिसमें वर्ष 2024 में बेदखली का आदेश जारी हुआ था। इसके बाद प्रशासन की ओर से दुकानदारों को नोटिस दिए गए। कहा गया कि निर्धारित समय में दुकानें खाली कर दी जाएं लेकिन दुकानदारों ने सुध नहीं ली। गुरुवार को ग्राम समाज की भूमि पर बनीं दुकानों को ध्वस्त करने की कार्रवाई के लिए तहसीलदार धीरेंद्र सिंह, नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर, नायब तहसीलदार बबलू कुमार, कानूनगो रजनीश कुमार, विजयपाल सिंह, लेखपाल अमित कुमार, मुकेश यादव, राहुल धारीवाल के साथ ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने जेसीबी भी मंगवा ली। इसके बाद दुकानों को ध्वस्त करने की बात कही गई तो दुकानदारों में खलबली मच गई।

- तहसीलदार की अदालत में धारा 64 के मुकदमे में सुनवाई के बाद हुआ बेदखली का आदेश
- तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व विभाग की टीम और पुलिस की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

### घंटों रही खलबली, दुकानें खाली करने का मिला मौका

लोगों को पता चला कि दुकानों पर कार्रवाई होनी है तो चर्चा के साथ ही खलबली का माहौल बन गया। दुकानदार भी दुकानों से सामान निकालने में जुट गए। प्रशासन की टीम ने दुकानदारों को सामान निकालने का मौका दिया। इस हालत में जैसे ही दुकान खाली की जाती रही, वैसे ही बुलडोजर ने उसे ध्वस्त करना शुरू किया। प्रशासन की कार्रवाई को लेकर दिनभर लोग चर्चा करते रहे।

दुकानदार सामान निकालकर दुकानों को खाली करने में जुट गए। तब तक मौके पर लोगों की भीड़ भी जुट गई। जिसके बाद बुलडोजर ने एक के बाद एक सभी 12 दुकानों को ध्वस्त कर दिया। नायब तहसीलदार सतेंद्र चाहर ने बताया कि तहसीलदार न्यायालय में चले धारा 64 के मुकदमे में बेदखली का आदेश हुआ था। नोटिस प्रक्रिया पूर्ण करने के बाद 12 दुकानों को ध्वस्त कराने की कार्रवाई की गई है।

## बहजोई मंडी समिति में हटाया गया अतिक्रमण

**बहजोई, अमृत विचार:** बहजोई की मंडी समिति में अवैध रूप से बने गोदाम तथा दुकानों पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत बुलडोजर चला। अतिक्रमण हटाओ अभियान का व्यापारियों ने विरोध किया। एसडीएम से व्यापारियों की नोकझोंक भी हुई।

एसडीएम चंदौसी विनय कुमार मिश्रा मंडी सचिव मोहित फौजदार के नेतृत्व में भारी पुलिस बल लेकर अतिक्रमण हटाओ अभियान के तहत पहुंचे। टीम ने अतिक्रमण हटाना प्रारंभ किया तो व्यापारियों ने इसका विरोध करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा कि कोई नोटिस नहीं दिया गया है। जिस पर एसडीएम ने कहा कि सभी अतिक्रमण करने वालों को मंडी की ओर से पहले से ही नोटिस दे दिए गए हैं तभी यह अभियान चल रहा है। अतिक्रमण की जद में आए बड़े व्यापारियों के गोदाम पर बुलडोजर चला तो वही छोटी-छोटी चाय की दुकानों को भी ध्वस्त किया गया। व्यापारियों ने एसडीएम से 3 दिन का समय अपने गोदाम तथा दुकान हटाने के लिए मांगा लेकिन एसडीएम ने साफ मना कर दिया। कुछ व्यापारी खुद ही अतिक्रमण हटाते हुए नजर आए। एसडीएम ने बताया कि जब तक मंडी समिति से अतिक्रमण खत्म नहीं होगा। तब तक यह अभियान लगातार चलता रहेगा।


एसडीएम विनय मिश्रा से कार्रवाई रोकने का अनुरोध करते व्यापारी। ● अमृत विचार

## दहेज के लिए विवाहिता को संदूक में रखा बंद

**रजपुरा, अमृत विचार:** रजपुरा थाना क्षेत्र के गांव भवावला में ससुरालियों पर दहेज के लिए विवाहिता को 24 घंटे तब संदूक में बंद रखने का आरोप है। इसके बाद मारपीट कर घर से निकाल दिया।

गांव रजावली निवासी सीताराम की बेटी पुष्पा ने थाने में तहरीर दी कि उसकी शादी 3 साल पहले गांव भवावला निवासी पिंटू के साथ हुई। ससुराल वाले शादी में दिए गए दान दहेज से संतुष्ट नहीं थे। शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करते थे। आरोप है कि पति ने शादी कर ली है। इसी के चलते कुछ दिन पहले ससुराल वालों ने 24 घंटे तक संदूक में बंद करके रखा। बातचीत न होने पर मायके से परिजन ससुराल पहुंचे और उसे संदूक से निकाला और अस्पताल में भर्ती कराया। थाना प्रभारी निशांत कुमार राठी ने बताया कि जांच पड़ताल की जा रही है।

# मिनी ट्रक में घुसी रोडवेज बस, 18 यात्री घायल

**कार्यालय संवाददाता, संभल/गुन्नौर**

- हादसे में पीलीभीत, बदायूं, गाजियाबाद व बरेली जनपद के यात्री हुए घायल
- बुधवार देर रात की घटना, दिल्ली से बदायूं आ रही थी अतरौली डिपो की बस

**अमृत विचार:** गुन्नौर में कुम्हारों वाली पुलिया के पास तेज रफ्तार रोडवेज बस ने आगे चल रहे मिनी ट्रक को टक्कर मार दी। दुर्घटना में रोडवेज बस में सवार कई जनपदों के निवासी 18 यात्री घायल हो गए। कस्बे के लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को पुलिस के साथ मिलकर बाहर निकलवाया।

बुधवार रात करीब डेढ़ बजे दिल्ली से बदायूं आ रही अतरौली डिपो की रोडवेज बस आगरा-मुरादाबाद नेशनल हाईवे पर गुन्नौर कस्बे में कुम्हारों वाली पुलिया के पास धीमी गति से चल रहे मिनी ट्रक (डीसीएम) में पीछे से जा घुसी। जिस समय हादसा हुआ उस समय बस में सवार अधिकांश यात्री नींद में थे। हादसे में कस्बा गुन्नौर निवासी शमीम, उसकी पत्नी रूबीना और चार वर्षीय पुत्र अहद, बदायूं जिले के उझानी क्षेत्र के गांव गठौना निवासी प्रवीन, अलापुर निवासी देवेंद्र पाल, पीलीभीत जिले के न्यूरिया निवासी सूरज, गाजियाबाद निवासी सुरेश चंद्र और पत्नी सुशीला देवी, बरेली के फरीदपुर निवासी लक्ष्मण और पत्नी सुखरानी, न्यूरिया निवासी फरजाना और हुमा, बहजोई निवासी हारून सहित डेढ़ दर्जन यात्री घायल हो गए।


हादसे के बाद क्षतिग्रस्त बस व मौके पर मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

इस दौरान मौके पर चीख पुकार मच गई। लोगों ने बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला। दुर्घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई और सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां प्रवीन और हारून की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया। जबकि बाकी घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।

बताया गया है कि रोडवेज की टक्कर लगने के बाद डीसीएम सड़क किनारे राजू के घर के बाहर खड़ी घोड़ा बग्घी से जा टकराई जिससे बग्घी चकनाचूर हो गई और पास में बंधी घोड़ी घायल हो गयी। हादसे में बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है।

## सार-संक्षेप



### संभल में जिला मुख्यालय के लिए सीएम को लिखा पत्र

संभल,अमृत विचार : जिला संघर्ष समिति के चौधरी रविराज चाहल एडवोकेट के अनुरोध पर गांव सिंहपुरसानी में प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष एवं प्रधान चौधरी गिरिराज सिंह, प्रधानों और ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर जिला मुख्यालय संभल नगर की परिधि में बनाने की मांग उठाई। चौधरी गिरिराज सिंह ने कहा कि संभल तीर्थ नगरी है। संभल शहर में हिंदू आबादी अल्पसंख्यक है। उनकी सुरक्षा के लिहाज से जिला मुख्यालय संभल नगर की परिधि में बनाया जाना आवश्यक है। धीरज सिंह और नजीर हुसैन ने भी विचार रखे। नेमपाल सिंह, अशोक कुमार, पुनीत चाहल, अंकित कुमार, कलुआ, सुभाष कुमार, डॉ. नाजिम, विमल कुमार, दुर्गेश सिंह आदि रहे।



### ब्राह्मण शक्ति संघ ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

चन्दौसी, अमृत विचार : ब्राह्मण शक्ति संघ के पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा। कहा कि कौशांबी में ब्राह्मण परिवार के एक युवक को झूठे आरोपों में गिरफ्तार कर लिया। आहत होकर युवक के पिता रामबाबू ने आत्महत्या कर ली। मुख्यमंत्री से अनुरोध की कि जिम्मेदार पुलिस अधिकारी, ग्राम प्रधान व अन्य साजिशकर्ताओं की शीघ्र गिरफ्तारी की जाए तथा उन पर हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जाए। परिवार को मुआवजा स्वरूप एक करोड़ रुपये की धनराशि तथा एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए। प्रदेश अध्यक्ष विवेक मिश्रा, मुकेश गौड़, सचिन मिश्रा, विभोर भारद्वाज, अविरल शर्मा, विवेक शर्मा, विनीत शर्मा, सचिन शर्मा, अमूल शर्मा, बृजेश शर्मा, निशांत शर्मा, प्रशांत वरिष्ठ, राजीव मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### किसान व बेटे ने बंधक भूमि पर लिया कर्ज, रिपोर्ट दर्ज

**संभल/ओबरी, अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के रचैटा गांव निवासी साहबजान व बेटे मुजाहिर हुसैन ने प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा असमोली से 19 दिसंबर 2018 को खाता संख्या 276 की कृषि भूमि बंधक रखकर 9 लाख 50 हजार का ऋण लिया था, जो वर्तमान में 12 लाख 46 हजार 773 रुपये हो गया है। आरोप है कि इस कर्ज को चुकाए बिना पिता-पुत्र ने धोखाधड़ी कर यूनियन बैंक शाखा संभल से कर्ज ले लिया। धोखाधड़ी कर दूसरी बैंक से भी कर्ज लेने का खुलासा हुआ तो प्रथमा यूपी ग्रामीण बैंक शाखा असमोली के प्रबंधक रवि कुमार ने 23 अप्रैल 2025 को पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया और कार्रवाई की मांग की। असमोली पुलिस ने पिता पुत्र के खिलाफ धोखाधड़ी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

### नवागत एसडीएम को दी समस्याओं की जानकारी

**संभल, अमृत विचार :** रेवेन्यू बार एसोसिएशन बहजोई संभल के पदाधिकारियों और सदस्यों की नवागत एसडीएम विकास चंद्र से परिचय वार्ता हुई। सदस्यों ने उन्हें समस्याओं की जानकारी दी। एसडीएम ने समस्याओं का निराकरण कराने को लेकर आश्वस्त किया। इस दौरान सुरेंद्र पाल सिंह, देवी सिंह यादव, धर्मपाल सिंह यादव, नेत्रपाल सिंह यादव, प्रेमपाल सिंह यादव, रामपाल सिंह यादव, सत्यप्रकाश यादव, महीपाल सिंह यादव, अवसार तुर्की, किशनपाल सिंह आदि रहे। अध्यक्षता नरेश पाल सिंह यादव ने तथा संचालन भूराज सिंह ने किया।

### नगर पालिका कर्मचारियों को दिया गया प्रशिक्षण

**चन्दौसी,अमृत विचार :** आईटीसी मिशन सुनहरा कल व नगर विकास विभाग उत्तर प्रदेश की ओर से नगर पालिका परिषद के स्वास्थ्य विभाग में विकेंद्रीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन को नगर निकाय स्तर पर मास्टर ट्रेनर्स तबरेज, अंकित खन्ना, करन सिंह ने टीएलएम व चलचित्र के माध्यम से प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में कचरा क्या है, कचरे के प्रकार, कचरे के पृथक्करण का महत्व व कचरे की नजदीकी इकाई पर प्रबंधन होम, कम्युनिटी कम्पोस्टिंग, स्वच्छ वातावरण मोहल्ला निगरानी समिति की सहभागिता और जन जागरुकता कार्यक्रम व्यवहार परिवर्तन के सात चरणों पर व सूखे कचरे को एमआरएफ व आरआरआर केंद्र के माध्यम से निस्तारण करने पर चर्चा की। सफाई एवं खाद्य निरीक्षक सुनील कुमार, प्रियंका सिंह, चंद्र मोहन सैनी, ललित कुमार सहित सफाई नायक, डोर-टू-डोर सुपरवाइजर मौजूद रहे।

### सुंदर कांड में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**चन्दौसी, अमृत विचार :** स्वामी भूमानंद सेवा ट्रस्ट की ओर से रघुनाथ आश्रम स्थित रघुनाथ मंदिर में संगीतमय श्री सुंदर कांड पाठ का आयोजन किया गया। पंडित दीनदयाल शर्मा ने विधि विधान से सभी देवी-देवताओं का पूजन संपन्न कराया। इसके उपरांत केजी शर्मा, अजय सक्सेना, मुकेश आचार्य, पारुल गोयल, सचिन शर्मा, जेएन मिश्रा, राजीव शर्मा ने गणेश व सरस्वती वंदना, हनुमान चालीसा, बजरंग वाण व श्री सुंदर कांड की चौपाइयों का वाचन किया। केजी शर्मा ने मोहन से दिल क्यों लगाया, ये मैं जानू या वो जाने, कल्पना वार्ष्णेय ने जरा इतना बता दे कान्हा तेरा रंग काला क्यूं आदि भजन सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उमा वार्ष्णेय, मीरा वार्ष्णेय, संजीव वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र अग्रवाल, मुनेंद्र वार्ष्णेय, सुरेश चंद्र शर्मा, राजीव अग्रवाल, सच्चिदानंद शर्मा आदि मौजूद रहे।

## कोरोना को लेकर सतर्कता जिला अस्पताल में वार्ड तैयार

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

**अमृत विचार :** देश में कोरोना के बढ़ते मरीजों की संख्या के मद्देनजर शासन के निर्देश पर संभल में भी स्वास्थ्य विभाग सतर्क हो गया है। जिला अस्पताल सहित पांच स्वास्थ्य केंद्रों पर वार्ड तैयार हैं। जहां बेड के साथ-साथ जीवनरक्षक दवाओं, ऑक्सीजन और अन्य इंतजाम हैं।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ.राजेंद्र सिंह ने कहा कि कोरोना संभावित मरीजों की जांच के लिए आरटी पीसीआर लैब की व्यवस्था है। मरीज को भर्ती करने के लिए आठ बेड का आइसोलेशन वार्ड है। ऑक्सीजन के लिए प्लांट और सिलेंडरों की व्यवस्था है।

जिला सर्विलांस अधिकारी डॉ.मनोज चौधरी ने बताया कि कोरोना को लेकर शासन की ओर से गाइडलाइन जारी की गई है। जिला अस्पताल के अलावा सीएचसी असमोली, कैला देवी, नरौली और चंदौसी में 6-6 बेड के वार्ड के साथ-साथ ऑक्सीजन प्लांट की व्यवस्था है। अभी जिले में कोई कोरोना केस सामने नहीं आया फिर भी एहतिआतन इंतजाम किए हैं।


कोरोना रोगियों के लिए बनाया गया वार्ड।

- जीवनरक्षक दवाओं के साथ ही ऑक्सीजन का भी इंतजाम

## कांग्रेस की विचारधारा जन-जन तक पहुंचाएंगे

**संभल, अमृत विचार :** कांग्रेस के जिला कार्यालय पर हुई बैठक में मुख्य अतिथि जिला कोऑर्डिनेटर परवेज आलम उर्फ टीटू ने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा को जन जन तक पहुंचाने के लिए हमें घर घर जाकर प्रचार करना होगा। लोगों को पार्टी की नीतियों से अवगत कराना होगा।

अध्यक्षता कर रहे जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ही एक मात्र पार्टी है जो जनता के बीच में संघर्ष कर रही है। कांग्रेस ही अवाम की आवाज बुलंद कर रही है। संभल प्रभारी विनीत कुमार त्यागी, शहर अध्यक्ष शिव कुमार गौतम ने भी विचार रखे। इस दौरान पूर्व शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद, सलमान तुर्की, मुहम्मद शारिक जीलानी, आरिफ तनवीर, फरमान अहमद, कौसर फारुकी, इमरान अब्बास नकवी, मौअज्जम खान, कल्पना सिंह, संजीव कुमार साहू, डीके वाल्मीकि, अक्षय कुमार ठाकुर, रनवीर सिंह, मौअज्जम हुसैन, कोस्तुभ रस्तोगी, अकील आदि रहे।

## किशोर को घर से बुलाकर पीटा, आंखों में डाली मिट्टी

**कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी**

- बेहोशी की हालत में छोड़ गए, पीड़ित ने पुलिस को दी तहरीर
- बुधवार की शाम किसी बात को लेकर हो गया था विवाद

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र में किशोरों ने घर से बुलाकर ले जाने के बाद किशोर की आंखों में मिट्टी डालकर बुरी तरह मारपीट की। किशोर को बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए। घायल किशोर को सीएचसी से हायर सेंटर रेफर किया गया। पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई गई है।

गांव ओबरी निवासी अरकान (17 वर्ष) पुत्र अशरफ गांव में ही सैलून की दुकान पर बाल काटता है। बुधवार की शाम अरकान और गांव के ही एक किशोर के बीच किसी बात को लेकर नोकझोंक हुई थी। लोगों ने शांत करा दिया था। देर रात तीन किशोर उसे घर से बुलाकर ले गए। मेला ग्राउंड में अरकान के साथ गाली गलौज की। आंखों में मिट्टी डालकर मारपीट की। बेहोशी की हालत में छोड़कर भाग गए। दो युवकों ने सड़क किनारे पड़े अरकान को देखा तो पास के निजी क्लीनिक पहुंचाया जहां अरकान के परिजन भी पहुंच गए। इसके बाद परिजन अरकान को लेकर थाने पहुंचे। पुलिस ने उसे सीएचसी में मेडिकल परीक्षण के लिए भेज दिया। डॉक्टर ने उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया। अरकान ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की गुहार लगाई।

## फंदे पर मिला महिला का शव, ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**संभल/असमोली, अमृत विचार :** महिला का शव फंदे से लटका मिला। पिता ने ससुरालियों पर गला दबाकर हत्या का आरोप लगाया।

चंदौसी क्षेत्र के गांव कैथल निवासी राजकुमार ने बेटी लक्ष्मी (20 वर्ष) की शादी असमोली के गांव शाहपुर सोत के सचिन के साथ की थी। किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। गुरुवार को दोपहर परिजन घर से बाहर थे। वे घर पहुंचे तो लक्ष्मी का शव कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना मिलने पर लक्ष्मी के मायके से लोग पहुंच गए। सीओ असमोली कुलदीप सिंह, थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने मुआयना किया। फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य जुटाए। पिता ने लक्ष्मी की गला दबाकर हत्या किए जाने का आरोप ससुरालियों पर लगाया।पुलिस का कहना रहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# मेधावी छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित

**संवाददाता,बहजोई**

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वाधान में मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जहां माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी ने हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के मेघावी छात्र-छात्राओं को टैबलेट व चेक देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य तक पहुंचने के लिए ध्यान केंद्रित करते हुए निरंतर कठिन परिश्रम की आवश्यकता होती है।

लखनऊ में आयोजित सम्मान समारोह का सजीव प्रसारण अतिथियों ने कलेक्ट्रेट सभागार में देखा। लखनऊ में जहां मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया वहीं कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यक्रम का शुभारंभ माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी, डीएम राजेंद्र पैंसिया, भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने किया। इसके बाद अतिथियों ने हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के मेधावी छात्र-छात्राओं को 21000 की नगद धनराशि का प्रतीकात्मक चेक,प्रशस्ति पत्र, मेडल तथा टैबलेट देकर सम्मानित किया। राज्य मंत्री गुलाब देवी ने कहा कि हमेशा सकारात्मकता का भाव रखें जो चाहेंगे वह आप बन सकते हैं। दिमाग में सकारात्मक विचार रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन में निरंतरता रखें और मेहनत करते हुए आगे बढ़कर प्रदेश व देश का नाम रोशन करें। इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ओमवीर सिंह खड़कवंशी, भीष्म शर्मा, पालिकाध्यक्ष राजेश शंकर राजू, विजय यादव, डीआईओएस श्यामा कुमार, सीएमओ डॉ. तरुण पाठक, बीएसए अलका शर्मा आदि मौजूद रहे।


राज्यमंत्री गुलाब देवी, डीएम राजेंद्र पैंसिया व अन्य अतिथियों के साथ सम्मानित किये गये मेधावी बच्चे। ● अमृत विचार

- 21000 का चेक, टैबलेट पाकर खिल उठे मेधावी छात्र-छात्राओं के चेहरे

## भीषण गर्मी में बिलबिलाए लोग, पंखे-कूलर फेल

**कार्यालय संवाददाता, संभल**

- संभल में 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा तापमान
- दिन में चैन न ही रात को आ रही है सुकून की नींद

**अमृत विचार :** संभल में भीषण गर्मी के चलते न दिन में चैन मिल रहा है और न ही रात को सुकून से नींद आ रही है। आलम यह है कि पंखे और कूलर फेल हो चुके हैं। लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गुरुवार को भी पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंचा तो लोग बिलबिला गए। शाम के वक्त भी माथे से पसीना टपकता रहा। लोग गर्मी से बचाव के उपाय करते रहे।

गुरुवार को सुबह से ही चिलचिलाती धूप के कारण दिक्कतें बढ़ी रहीं। लोगों ने कामकाज शुरू किया तो पसीने में तरतबर हो गए। दिन बढ़ने पर गर्मी तेवर दिखाने लगी। दोपहर में पारा 40 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। उस वक्त पंखे और कूलर भी शरीर ठंडा नहीं कर सके। बाजारों और प्रमुख चौराहों पर सन्नाटे का माहौल बना रहा। जरूरी काम से निकले लोगों ने धूप से बचने के लिए चेहरे और सिर को कपड़े से ढका तो महिलाओं और युवतियां ने छातों का सहारा लिया।

हालात यह रहे कि पानी और शीतल पेय पदार्थ पीने के पांच मिनट में ही गला सूखता रहा। सिर भी चकराने के हालात बने। शाम के समय भी भीषण गर्मी में लोग परेशान दिखाई दिए। लोग बारिश की आस लगाए हैं।

यथाशक्ति चिकीर्षन्ति यथाशक्ति च कुर्वते।
न किञ्चिदवमन्यन्ते नराः पण्डितबुद्धयः॥

विवेकशील और बुद्धिमान व्यक्ति सदैव ये चेष्टा करते हैं कि वे यथाशक्ति कार्य करें और वे वैसा करते भी हैं तथा किसी वस्तु को तुच्छ समझकर उसकी उपेक्षा नहीं करते, वे ही सच्चे ज्ञानी हैं।

## संपादकीय

# उन्नत खेती के सूत्र

पिछले 15 दिनों से देश में चल रहे 'विकसित कृषि संकल्प अभियान' की विशेषता रही कि इसमें किसानों को पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक वैज्ञानिक दृष्टिकोण के समन्वय का महत्व समझाया गया जिससे वे पर्यावरणीय रूप से टिकाऊ, लाभकारी और दीर्घकालिक कृषि रणनीतियों को अपनाने की दिशा में प्रेरित हो सकें। इस दौरान वैज्ञानिक दृष्टिकोण से खेती को लाभकारी और टिकाऊ बनाने पर बल देते हुए किसानों को नवीनतम तकनीकों के प्रयोग के लिए प्रेरित किया गया। अभियान के समापन पर केंद्रीय कृषि व किसान कल्याण एवं ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को किसानों से प्राकृतिक खेती करने का आह्वान किया। इस साल साढ़े सात लाख हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती का लक्ष्य रखा गया है। 18 लाख किसान इसके लिए तैयार भी हुए हैं। गौरतलब है कि रासायनिक उर्वरकों के इस्तेमाल से धरती खराब हो रही है। इसलिए सरकार ने प्राकृतिक खेती मिशन बनाया है ताकि अगली पीढ़ी के लिए धरती बची रहे। प्राकृतिक खेती मिशन के तहत, देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ किसानों को प्रोत्साहित करने के लिए राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन (एनएमएनएफ) शुरू किया गया है। प्राकृतिक खेती मिशन एक महत्वपूर्ण पहल है जो किसानों के लिए लाभकारी और पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित है। प्राकृतिक खेती से लागत घटती है और उत्पादन भी प्रभावित नहीं होता और गुणवत्तापूर्ण उत्पाद प्राप्त होते हैं।

खेती को उन्नत बनाने के छह सूत्र-उत्पादन बढ़ाना, उत्पादन की लागत घटाना, किसानों को उत्पादन के ठीक दाम सुनिश्चित करना, नुकसान की स्थिति में उचित मुआवजा, कृषि विविधिकरण और मिट्टी की उर्वरकता बनाए रखते हुए आने वाली पीढ़ी के लिए धरती को सुरक्षित रखना हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक वर्ष 2047 तक औसत कृषि आकार घटकर 0.6 हेक्टेयर रह जाने की उम्मीद है, जिससे आधुनिक कृषि तकनीकों को लागू करना चुनौतीपूर्ण हो जाएगा। खेती में उन्नत किस्मों का प्रयोग, मशीनीकरण, प्रति बूंद-अधिक फसल, सिंचाई में पानी का बेहतर उपयोग, नए बीजों के प्रयोग जरूरी है, जिस दिशा में आगे बढ़ना होगा। प्राकृतिक खेती मृदा स्वास्थ्य में सुधार, जैव विविधता में वृद्धि और पानी का अधिक विवेकपूर्ण उपयोग सुनिश्चित करती है। महत्वपूर्ण है कि सरकार उन्नत कृषि के जरिए किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है। प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकारें भी योजनाएं चलाती हैं। प्राकृतिक खेती के बारे में जागरूकता बढ़ाकर किसानों को इसे अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

# तकनीकी व वैज्ञानिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मिशन



सुनील कुमार महला
स्तंभकार

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था।

भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है और अब भारतीय वायुसेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला एक्सिओम -4 मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन यानी आईएसएस जा रहे हैं। वे 14 दिनों के लिए अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में रहेंगे तथा अंतरिक्ष यान स्पेसएक्स रॉकेट के ज़रिए फ्लॉरिडा के नासा केनेडी स्पेस सेंटर से लांच होगा। कहना ग़लत नहीं होगा कि उनकी यात्रा की सफलता पर एक सौ चालीस करोड़ देशवासियों की नजरें टिकी हुई हैं। इस कमर्शियल मिशन में पहली बार कोई भारतीय एस्ट्रोनॉट शामिल हो रहा है। शुभांशु शुक्ला के साथ तीन और एस्ट्रोनॉट इस मिशन में भेजे जा रहे हैं और यह हमारे देश के लिए एक ऐतिहासिक पल होगा। ऐतिहासिक इसलिए क्योंकि 41 साल बाद हमारा एस्ट्रोनॉट अंतरिक्ष में जा रहा है। दरअसल, शुभांशु ऐसे दूसरे भारतीय हैं जो अंतरिक्ष यात्रा पर जा रहे हैं। इससे पहले राकेश शर्मा पहले भारतीय थे, जो वर्ष 1984 में रूसी मिशन के तहत स्पेस में गए थे।

शुभांशु लखनऊ के रहने वाले हैं तथा उनकी स्कूलिंग लखनऊ के सिटी मॉन्टेसरी स्कूल, अलीगंज से हुई है। मीडिया में आई रिपोर्ट्स के अनुसार 17 जून 2006 को उनको भारतीय वायुसेना के फाइटर विंग में शामिल किया गया था तथा वह एक शानदार फाइटर पायलट और टेस्ट पायलट हैं। उनके पास 2,000 घंटे से ज्यादा का फ्लाइंग एक्सपीरियंस है। उन्होंने सुखोई-30 एमकेआइ, मिग-21, मिग-29, जगुआर, हॉक, डोर्नियर और एएन-32 जैसे कई फाइटर जेट्स उड़ाए हैं। मार्च 2024 में उन्हें ग्रुप कैप्टन की पोस्ट पर प्रमोट किया गया। वह एक फाइटर कॉम्बैट लीडर भी हैं। वर्ष 2019 में इसरो ने शुभांशु को भारत के पहले ह्यूमन स्पेस मिशन गगनयान के लिए चुना गया था। दरअसल इस मिशन के लिए क्रमशः चार एस्ट्रोनॉट्स शुभांशु शुक्ला, ग्रुप कैप्टन प्रशांत बालकृष्णन नायर, ग्रुप कैप्टन अजित कृष्णन और ग्रुप कैप्टन अंगद प्रताप को चुना गया था। गगनयान की तैयारी के लिए शुभांशु ने वर्ष 2019-2021 तक रूस के यूरी गागरिन कॉस्मोनॉट ट्रेनिंग सेंटर में सख्त ट्रेनिंग ली तथा इसके बाद 27 फरवरी 2024 को उनको एक्सिओम मिशन-4 के लिए ऑफिशियली चुना गया। बहरहाल, यहां यह उल्लेखनीय है कि यह अभियान पहले मई के आख़िरे हफ्ते में जाना था, फिर इसे आठ जून को अंतरिक्ष स्टेशन की ओर रवाना होना था, लेकिन ख़राब मौसम की वजह से ये अभियान 11 जून को लांच होने की संभावना थी। लेकिन अब तकनीकी कारणों से इसे आगे के लिए टाल दिया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स बतातीं हैं कि एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला की आइएसएस यात्रा लिक्विड ऑक्सीजन लीक के कारण टल गई है। यह मिशन एक्सिओम स्पेस नाम की अमेरिकी कंपनी, नासा और स्पेस एक्स के साथ मिलकर ऑपरेट किया जा रहा है। नासा के अलावा इस मिशन में भारत के इसरो, पौलेंड के ईएसए और हंगरी के हंगेरियन टू ऑरबिट सहयोग दे रहे हैं। इसमें चार अंतरिक्ष यात्री शामिल हैं। मिशन कमांडर हैं-अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री पैगी व्हिटसन जिन्हें पांच बार अंतरिक्ष यात्रा का अनुभव प्राप्त है।

वास्तव में, एक्सिओम-4 मिशन एक कमर्शियल स्पेस फ्लाइट है तथा ह्यूस्टन की कंपनी एक्सिओम स्पेस इस अभियान को चला रही है। उपलब्ध जानकारी के अनुसार भारत ने इस मिशन के लिए 550 करोड़ रुपये की कीमत चुकाई है। एक्सिओम-4 मिशन को भारत के गगनयान अभियान के लिहाज़ से अहम बताया जा रहा है। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) को अपने मानव मिशन (गगनयान मिशन) की दिशा में मदद मिल सकेगी।

गौरतलब है कि गगनयान मिशन भारत का अपना पहला स्वदेशी मानव मिशन है, जिसमें एक भारतीय को भारतीय रॉकेट के ज़रिए श्रीहरिकोटा स्टेशन से, यदि सब कुछ ठीक रहा तो, वर्ष 2027 में अंतरिक्ष भेजा जाएगा। वास्तव में वर्तमान में जो मिशन अंतरिक्ष में भेजा जाना है, वह एक प्रकार से गगनयान मिशन की ओर छोटे-छोटे कदम बढ़ाने जैसा है, क्योंकि इस मिशन से भारतीय अंतरिक्ष यात्रियों को बहुत कुछ सीखने की उम्मीदें हैं। जानकारी के अनुसार इसरो के पास अभी तक ह्यूमन स्पेस फ्लाइट का अनुभव नहीं है। जैसा कि मानव मिशन एक मुश्किल व चुनौतीभरा काम है, ऐसे में इस मिशन से हमें अंतरिक्ष के क्षेत्र में फायदे मिल सकेंगे ऐसी उम्मीदें जताई जा रहीं हैं। जानकारी के अनुसार इस मिशन में साइंस, आउटरीच और कमर्शियल एक्टिविटीज़ पर फ़ोकस होगा। शुभांशु शुक्ला समेत एक्सिओम-4 की टीम बीज अंकुरण और अंतरिक्ष में पौधे कैसे उगते हैं, इस पर भी अध्ययन करेगी। वास्तव में अंतरिक्ष में लगभग ज़ीरो ग्रैविटी पर पौधे कैसे उगते हैं और इन पौधों में क्या विशेषताएं होंगी, ये भी जानने की कोशिश की इस मिशन के अंतर्गत की जाएगी। भारत ने अंतरिक्ष में वहां से वापस आने वाले एस्ट्रो-बायोलॉजी के एक्सपेरिमेंट नहीं किए हैं। पहली बार ये होगा जब भारत कोई एक्सपेरिमेंट भेज जा रहा है, जो अंतरिक्ष से वापस भी आएंगे और यह भारत का इस क्षेत्र में पहला अभूतपूर्व कदम होगा। इस मिशन में करीब 60 साइंटिफ़िक एक्सपेरिमेंट किए जाने हैं, जो एक्सिओम के पिछले तीन मिशनों में नहीं किए गए थे। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत के वैज्ञानिकों ने इनमें से सात एक्सपेरिमेंट का सुझाव दिया है। जानकारी के अनुसार सात के अलावा भी पांच ऐसे एक्सपेरिमेंट भी हैं जो इसरो और नासा मिलकर करेंगे। बहरहाल, कहना ग़लत नहीं होगा कि आज भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में विश्व के बड़े देशों जैसे कि अमेरिका, रूस और चीन के समकक्ष एक बड़ी ताकत बनकर उभरा है। भारत अपने मंगल, चंद्र और आदित्य अभियानों को सफलतापूर्वक अंजाम दे चुका है।

भारत ने चंद्रयान-3 मिशन के तहत 23 अगस्त 2023 को चंद्रमा पर सफलतापूर्वक लैंडिंग की थी और यह मिशन चंद्रयान-1 और चंद्रयान-2 के बाद भारत का तीसरा चंद्र मिशन था। चंद्रयान-3 ने चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर उतरकर एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की, जिससे भारत ऐसा करने वाला दुनिया का चौथा देश बन गया। इसी प्रकार से भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन, इसरो ने 6 जनवरी 2024 को देश के पहले सूर्य मिशन आदित्य एल-1 को पृथ्वी की कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित किया था। बहरहाल, यदि आगे भी सब कुछ अच्छा चलता रहा, तो वह दिन दूर नहीं जब हमारा देश भारत आने वाले दस सालों में यानी कि वर्ष 2035 तक अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन स्थापित करने और वर्ष 2040 में चंद्रमा पर अपने अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने में सफल हो पाएगा। वास्तव में कहना ग़लत नहीं होगा कि आज पूरी दुनिया में इसरो की पहचान एक ऐसी स्पेस एजेंसी के रूप में बन चुकी है, जो बहुत कम खर्च में बड़ी सफलता हासिल कर सकती है। इसरो ने अब तक अनेक देशों के (30 से अधिक देशों) तीन सौ से भी ज्यादा विदेशी सैटेलाइटों को लांच किया है, जिनमें अमेरिका, इंग्लैंड, कनाडा, जर्मनी और सिंगापुर जैसे देश भी शामिल रहे हैं। वर्तमान मिशन अंतरिक्ष के क्षेत्र में भावी रणनीतिक, तकनीकी, वैज्ञानिक प्रगति की दृष्टि से बहुत ही महत्वपूर्ण है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आने वाले समय में हमारा इसरो अंतरिक्ष के क्षेत्र में और भी बड़े कीर्तिमान स्थापित करेगा और हम अंतरिक्ष के क्षेत्र में विश्व का सिरमौर देश होंगे।

## प्रसंगवश

# विवाहेतर संबंध: भावना, भ्रम और भयावहता का त्रिकोण

प्रेम-एक ऐसा शब्द जो सुनने में सरल लगता है, लेकिन जब जीवन में अपनी सीमाओं से बाहर निकलता है, तो सबसे अधिक जटिल और खतरनाक रूप धारण कर लेता है। खासकर तब, जब यह विवाह की सामाजिक और नैतिक चौहद्दियों को लांघता है। विवाहेतर संबंध कोई नई बात नहीं हैं, लेकिन हालिया वर्षों में इनसे उपजे अपराध, हिंसा और आत्महत्याओं की कड़ियां केवल व्यक्तिगत त्रासदी नहीं हैं। यह उस सामाजिक ढांचे में फैलती दरारों की स्पष्ट गवाही हैं, जिन्हें वर्षों से नैतिकता के पर्दे से ढंकने की कोशिश की गई है। अब प्रेम केवल भावना नहीं रहा- यह स्वामित्व, अपेक्षा, अधिकार और असहमति के बीच फंसी एक विस्फोटक रासायनिक प्रक्रिया बन चुका है। जब रिश्तों में पारदर्शिता और संवाद की जगह संदेह और आत्मीयता की जगह अधिकार खड़ा हो जाता है, तो वह रिश्ता एक प्रयोगशाला बन जाता है-जहां ज़रा सी चूक भी विस्फोटक परिणाम ला सकती है। और यह विस्फोट अब निजी नहीं रहता, वह सार्वजनिक भी होता है, और अक्सर जानलेवा भी। विवाहेतर संबंधों से उपजी हालिया हत्याएं, आत्महत्याएं और प्रतिशोध की घटनाएं एक पैटर्न पर आधारित दिखती हैं: पारदर्शिता और संवाद का अभाव, भावनात्मक असंतुलन, विश्वास का ह्रास, और वह अपमान- जो किसी एक पक्ष के लिए असहनीय हो जाता है। ये घटनाएं उस सड़न को उजागर करती हैं जिसे 'निजी मामला' कहकर टाला या छुपाया जाता रहा है। आज रिश्ते केवल अपराध के कारण नहीं, खुद अपराध बन चुके हैं। अब अपराध लिंग-निर्भर नहीं हैं। न केवल पुरुष दोषी हैं, न महिलाएं केवल पीड़िता। कुछ घटनाओं में पुरुष अपने जीवन साथी और उसके सहयोगियों के षड्यंत्र का शिकार बने, तो कई मामलों में महिलाएं उन संबंधों की बलि चढ़ीं, जिनमें प्रेम दरअसल छल, वासना और नियंत्रण का दूसरा नाम था। यह किसी एक वर्ग की नैतिक विफलता नहीं-यह उस समाज की गिरावट है, जो रिश्तों को निभाने, छिपाने और खींचते रहने में गर्व महसूस करता है, लेकिन संवाद, स्पष्टता और फैसले लेने की संस्कृति से कतराता है। डिजिटल माध्यमों ने इन संबंधों को और भयावह बना दिया है। अब प्रेम स्मृति नहीं, स्क्रीनशॉट्स, चैट्स, रिकॉर्डिंग और वीडियो की शक्ल में संग्रहीत है-जो भावनात्मक दस्तावेज़ नहीं, बदले के हथियार बन जाते हैं। जब कोई रिश्ता टूटता है, तो उसका मलबा अब मन में नहीं, इंटरनेट पर बिखरता है और यह आभासी हिंसा, असल हिंसा से कहीं अधिक गहरी चोट दे जाती है। विवाहेतर संबंधों का अस्तित्व किसी इनकार से नहीं मिटता। लेकिन यह मान लेना कि हर ऐसा रिश्ता केवल 'भावनात्मक खालीपन' की भरपाई है- यह भी एक सुविधाजनक झूठ है। असंतोष का अर्थ यह नहीं कि कोई तीसरा व्यक्ति उस बंधन को तोड़ने का नैतिक अधिकार ले आए। तब 'प्रेम' सिर्फ बहाना बनता है-और उसके नीचे पलती है अव्यवस्था, लालच और खुदगर्ज़ी। यही असंतुलन अपराध की ओर ले जाता है। और जब ये अपराध होते हैं, तो कीमत एक व्यक्ति, एक परिवार, और कई बार पूरे सामाजिक संतुलन को चुकानी पड़ती है। विवाह अब स्थायित्व की गारंटी नहीं, बल्कि संदेह, असुरक्षा और अव्यक्त टकरावों का मैदान बन चुका है।



डॉ. शिवम भारद्वाज
असिस्टेंट प्रोफेसर, मथुरा

जब इसमें तीसरे की मौजूदगी जुड़ती है- भावनात्मक हो या शारीरिक-तो यह एक खतरनाक त्रिकोण बन जाता है, जिसमें अंततः सब कुछ टूटता है: भरोसा, संबंध, और कभी-कभी-जीवन भी। ये घटनाएं केवल पुलिस केस नहीं हैं। ये उस भीतर गहराई से उठी चीखें हैं, जहां कोई खुद को खत्म करने के सिवा कुछ और नहीं सोच पाता। यह उस समाज की पराजय है, जो किसी व्यक्ति को टूटने से पहले बोलने की इजाज़त तक नहीं देता। जहां संवाद को दुर्बलता और पारदर्शिता को असहजता माना जाता है। असली हार वहीं है-जहां ऐसे हादसों को या तो नैतिकता की चादर से ढंक दिया जाता है, या सनसनी बनाकर बेच दिया जाता है। लेकिन हर बार नतीजा एक-सा रहता है- एक और शव, एक और वायरल वीडियो, एक और घर, जो एक झटके में ढह गया। जब तक रिश्तों में स्पष्टता, जवाबदेही और एक रेखीय प्रतिबद्धता नहीं होगी स्थिति बिगड़ती ही रहेगी, क्योंकि कोई भी रिश्ता तभी टिकता है, जब वह बोझ न बने। और बोझ वहीं बनता है, जहां संवाद थम जाता है।

# तेल-गैस कंपनियों के निवेशकों की कमाई पर खतरा



रजत मेहरोत्रा
वित्तीय सलाहकार

निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी।

आज पूरी दुनिया जब नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों की ओर तेजी से बढ़ रही है, वहीं पारंपरिक तेल और गैस कंपनियां जलवायु परिवर्तन के कारण आर्थिक और परिचालन दोनों स्तरों पर गहरे संकट में हैं। भारत जैसे विकासशील देश में, जहां ऊर्जा की मांग निरंतर बढ़ रही है, वहां ये कंपनियां जलवायु जोखिम, नीति दबाव और प्राकृतिक आपदाओं से दोहरी मार झेल रही हैं। इसका सीधा असर कंपनियों की लाभप्रदता पर तो पड़ ही रहा है, साथ ही निवेशकों के रिटर्न में भी भारी गिरावट आ रही है। भारत की प्रमुख तेल कंपनियां-जैसे ओएनजीसी, ऑयल इंडिया लिमिटेड, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ और नायरा एनर्जी-इन सभी पर जलवायु परिवर्तन का असर देखा जा रहा है। उदाहरण के लिए ओएनजीसी ने वित्त वर्ष 2023-24 की दूसरी तिमाही में 11,500 करोड़ रुपये का लाभ कमाया, लेकिन कच्चे तेल की वैश्विक कीमतों में 7 प्रतिशत की गिरावट और रिफाइनिंग मार्जिन के दबाव के कारण उसके राजस्व में गिरावट आई। रिलायंस इंडस्ट्रीज़, जो ग्रीन एनर्जी में बड़े निवेश की दिशा में अग्रसर है, तुलनात्मक रूप से अधिक स्थिरता बनाए हुए है।

2020 में ऑयल इंडिया लिमिटेड की असम स्थित साइट पर गैस रिसाव और आगजनी की घटना ने यह साफ कर दिया कि जलवायु जोखिम केवल सिद्धांत नहीं, बल्कि ठोस वित्तीय और परिचालनीय झटके भी दे सकता है। उस एक घटना में कंपनी को 700 रुपये रोड़ से अधिक का नुकसान हुआ और उसकी ब्रांड छवि को भी भारी नुकसान पहुंचा। उस समय कंपनी का शेयर 15 प्रतिशत तक गिर गया था।

शेयर बाजार के प्रदर्शन पर नज़र डालें तो जलवायु परिवर्तन के प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखते हैं। बीपीसीएल ने जुलाई 2022 से जून 2024 के बीच महज़ 2.5 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया, जबकि इसी अवधि में निफ्टी 50 इंडेक्स ने 12 प्रतिशत से अधिक का वार्षिक रिटर्न दिया।

दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज़ ने जब 2021 में 75,000 रुपये करोड़ का ग्रीन एनर्जी निवेश घोषित किया, तब उसके शेयर में स्थिरता और निवेशकों का भरोसा बना रहा। यह उदाहरण दर्शाता है कि पर्यावरणीय रूप से ज़िम्मेदार रणनीति अपनाने वाली कंपनियां ही आज निवेशकों का ध्यान आकर्षित कर पा रही हैं। डिविडेंड की बात करें तो पहले जो कंपनियां 6-8 प्रतिशत का मजबूत डिविडेंड यील्ड देती थीं, अब वे भी दबाव में हैं।

इन समस्याओं का समाधान केवल नीति या सरकारी समर्थन से नहीं निकलेगा, बल्कि कंपनियों को अपने अंदर से बदलाव लाने होंगे। सबसे पहले, उन्हें मेथेन उत्सर्जन पर नियंत्रण करना होगा, जो कि सीओ 2 की तुलना में 80 गुना अधिक प्रभावशाली ग्रीनहाउस गैस है। इसके अलावा, कार्बन कैप्चर टेक्नोलॉजी को अपनाना, ऊर्जा कुशल तकनीकों में निवेश करना, और संचालन में ईएसजी रिपोर्टिंग को मजबूत करना आज की जरूरत है।

व्यावसायिक विविधीकरण भी आवश्यक है। रिलायंस ने सोलर और ग्रीन हाइड्रोजन में निवेश शुरू कर दिया है। अदानी समूह ने 70,000 रुपये करोड़ हरित ऊर्जा में निवेश की योजना बनाई है। भारत सरकार भी गैस इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती देने के लिए 41,000 रूपये करोड़ का निवेश जम्मू-कश्मीर और नॉर्थ-ईस्ट में कर रही है, ताकि स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार हो।


निवेशकों के लिए भी अब सतर्कता जरूरी है। आज निवेश से पहले सिर्फ लाभांश दर ही नहीं, बल्कि कंपनी की पर्यावरणीय रणनीति, कार्बन उत्सर्जन प्रबंधन और जलवायु अनुकूलन क्षमताओं का आकलन करना आवश्यक है। भारत की तेल और गैस कंपनियां एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी हैं। जलवायु परिवर्तन ने इनकी पारंपरिक लाभप्रदता और निवेशकों के भरोसे को गंभीर चुनौती दी है। जो कंपनियां समय रहते हरित ऊर्जा में रूपांतरण, तकनीकी नवाचार और पारदर्शिता की ओर कदम बढ़ाएंगी, वे न केवल टिकाऊ रहेंगी, बल्कि निवेशकों को दीर्घकालिक लाभ भी दिला सकेंगी। दूसरी ओर, जो कंपनियां बदलाव से दूर रहेंगी, उनके लिए निवेशकों का विश्वास जीतना और बाजार में स्थायी बने रहना बेहद कठिन हो जाएगा।

## सोशल फोरम

# क्षमाशीलता का अभाव

जो क्षमाशील नहीं हैं वे दूसरों को क्षमाशील मान ही नहीं पाते। मानव स्वभाव की सीमा। वह दूसरों को समझने में स्वयं को प्रक्षेपित करता है। लिहाज़ा अपने वर्चस्व के दौर में उन्होंने या उनके पूर्वजों ने अन्याय-अत्याचार से जिन लोगों को त्रस्त किया था, उन्हें वे संभावित शत्रु मानते है। ख़ुद के कमज़ोर पड़ने पर यह मानकर चलते हैं कि पूर्व में उनसे त्रस्त हुए लोग बदले की भावना से उम्हें ज़रूर त्रस्त करेंगे। वे मान ही नहीं पाते कि उनके या उनके पूर्वजों से त्रस्त हुए लोग सहज, क्षमाशील मानव-स्वभाव के अनुरूप समय के साथ उनके या उनके के पूर्वजों द्वारा किए गए अन्याय-अत्याचार को भूल चुके होंगे और मित्र भाव से मिलजुल कर आगे बढ़ना चाहते होंगे। वे उन्हें स्थाई शत्रु के रूप में देखते हैं और असुरक्षा-भाव से ग्रस्त रहते हैं। आदमी का स्वभाव, स्मृति में अन्याय की लंबी श्रृंखला लिए हुए जीता है। लिहाज़ा, न चैन से बैठ सकता है, न औरों को बैठने दे सकता है।

स्वतंत्रता-आंदोलन के दौरान एक वर्ग उसके पूर्वजों द्वारा अपने वर्चस्व-काल में किए गए अन्याय-अत्याचार के शिकार लोगों को अनायास शत्रुभाव से देखने लगा, उनसे असुरक्षित महसूस करने लगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ईश्वर की माया, क्षमाशीलता से महरूम ऐसे लोगों की संख्या किसी भी समूह, किसी भी संप्रदाय, किसी भी देश और किसी भी काल में क्षमाशील लोगों की अपेक्षा अधिक होती है। कारण, प्रकृति के तीन गुणों, सत्व, रज और तम, में तम रज से और रज सत्व से कई गुना अधिक होता है। क्योंकि सत्व रज से और रज तम से कई गुना सूक्ष्म होता है। प्रकृत्या सूक्ष्म मात्रा में स्थूल से हमेशा कम होता है। इतने बड़े शरीर के जटिल किन्तु स्थूल तानेबाने में अभिनिविष्ट हमारी चेतना की मात्रा कितनी होती है? इतनी स्वल्प कि न उसे देखा जा सकता है, न उसका स्पर्श किया जा सकता है, जब कि मेरी चेतना ही 'मैं' है, शरीर और अंग प्रत्यंग उसी के हैं। वही हमारी समझ, हमारी सोच, हमारे भावसंसार, हमारे चयन, हमारे प्रेम, हमारी घृणा, हमारे क्रोध, हमारी शान्ति, हमारे दुःख-सुख की निर्धारक होती है। मनुष्य का उन्नयन या पतन वस्तुतः उसकी चेतना का ही उन्नयन या पतन होता है।

**-फेसबुक वॉल से**

# सामाजिक सुरक्षा का बढ़ता दायरा



अरविंद जयतिलक
वरिष्ठ पत्रकार

गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है।

अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन (आईएलओ) के आंकडों से उद्घाटित हुआ है कि भारत में 94 करोड़ से अधिक लोग किसी न किसी सामाजिक सुरक्षा लाभ के दायरे में आ गए हैं। ये आंकड़े रेखांकित करते हैं कि सामाजिक सुरक्षा के संदर्भ में अब भारत चीन के बाद दूसरे नंबर है। आंकड़ों के मुताबिक वर्ष 2015 में भारत में सोशल सिक्योरिटी कवरेज महज 19 प्रतिशत था जो अब बढ़कर 64.3 प्रतिशत हो गया है। आईएलओ का कहना है कि दुनिया भर में सबसे तेज सामाजिक सुरक्षा दायरे का विस्तार भारत में हुआ है। यह स्थिति भारत के लिए बेहद उत्साहजनक है। गौर करें तो सामाजिक सुरक्षा वैश्वीकरण और उसके कारण होने वाले संरचनात्मक और तकनीकी परिवर्तनों से उपजी चुनौतियों से निपटने में अधिक सकारात्मक रवैए के निर्माण में सहायता प्रदान करती है। सामाजिक सुरक्षा में यह परिकल्पना की जाती है कि नागरिकों को सभी प्रकार के सामाजिक जोखिमों से रक्षा की जाएगी जो उनकी बुनियादी आवश्यकताओं की पूर्ति में अनावश्यक मुश्किलें उत्पन करती हैं। यह सच्चाई है कि कामगारों के पास बीमारी, दुर्घटना, वृद्धावस्था, रोग और बेरोजगार आदि के कारण उत्पन जोखिमों का सामना करने के लिए पर्याप्त वित्तीय संसाधन नहीं होता है और संकट के समय में उनकी सहायता करने के लिए जीविका का वैकल्पिक साधन का अभाव होता है। इसलिए कामगारों को सामाजिक सुरक्षा देना राज्य का दायित्व है। 19 वीं शताब्दी के अंत तक अधिकांश राज्य अपने को पुलिस राज्य रखकर ही संतुष्ट थे। उनका मुख्य काम शांति व व्यवस्था कायम रखना था। वे सामाजिक सुरक्षा का कार्य व्यक्तियों और व्यक्तियों के समूहों के जिम्मे छोड़ रखे थे। लेकिन धीरे-धीरे राज्य के स्वभाव में बुनियादी बदलाव आया और उसकी प्राथमिकता में सामाजिक सुरक्षा की औपचारिक व्यवस्था शीर्ष पर हो गई।

गौर करें तो संपूर्ण यूरोपीय देशों में विस्तृत सामाजिक सुरक्षा लागू है। संयुक्त राज्य अमेरिका में भी जनता को लाभ पहुंचाने संबंधी विस्तृत सामाजिक सुरक्षा योजनाएं चालू हैं। भारतीय संदर्भ में सामाजिक सुरक्षा एक समग्र अधिगम है जिसका निर्माण व्यक्ति को आर्थिक अभाव से बचाने और व्यक्ति के खुद के लिए तथा उसके आश्रितों के लिए, उन्हें आर्थिक अनिश्चितता की स्थिति से बचाने हेतु एक न्यूनतम आय की सुनिश्चितता के लिए किया गया है। यह तथ्य भारत के नीति-नियंताओं द्वारा पहचाना गया और तद्नुसार सामाजिक सुरक्षा से संबद्ध विषयों को राज्य के नीति-निर्देशक तत्व और समवर्ती सूची में संबद्ध किया गया। भारतीय संविधान की समवर्ती सूची में भी सामाजिक सुरक्षा और बीमा, रोजगार और बेरोजगार, कार्य परिस्थिति, भविष्यनिधियां, नियोक्ताओं का दायित्व, कामगारों की क्षतिपूर्ति अवैधता, श्रम कल्याण, वृद्धावस्था पेंशन और मातृत्व लाभ का उल्लेख है।

भारत में श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने एक सामाजिक सुरक्षा प्रभाग की स्थापना की है जो कर्मगार सामाजिक सुरक्षा से संबंधित सभी कानूनों के प्रशासन के लिए सामाजिक सुरक्षा नीति एवं योजनाएं बनाने और क्रियान्वित करने का कार्य करता है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए आज देश में पोषण सुरक्षा की देखभाल राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम, समन्वित बाल विकास योजना, किशोरी शक्ति योजना, किशोर लड़कियों के लिए पोषण कार्यक्रम और प्रधानमंत्री ग्रामोदय योजना चलाई जा रही है। राष्ट्रीय तैयार मध्यान्ह भोजन कार्यक्रम लगभग पूरे भारत में चल रहा है। समन्वित बाल विकास योजना का विस्तार भी चरणबद्ध ढंग से हो रहा है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए अंत्योदय अन्य योजना का दायरा बढ़ा दिया गया है।

राज्यों के अंतर्गत लक्षित जन वितरण प्रणाली के तहत पहचान किए गए गरीबी रेखा से नीचे के परिवारों में से, अत्यंत ही गरीब परिवारों की पहचान करने का कार्य अंत्योदय योजना के तहत किया गया है। खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग को संशोधित कर लघु एवं ग्रामीण उद्योगों के जरिए ज्यादा से ज्यादा रोजगार सृजन करने के लिए सुनिश्चित किया गया है। असंगठित क्षेत्र को सामाजिक सुरक्षा से लैस करने के लिए राष्ट्रीय उद्यम आयोग की स्थापना एक पारदर्शी निकाय के रुप में की गई है। वर्तमान में केंद्र सरकार द्वारा 4 करोड़ से अधिक लोगों को आवास उपलब्ध कराया गया है। आने वाले दिनों में 3 करोड़ और आवास निर्मित करने का लक्ष्य सुनिश्चित किया गया है। लोगों का स्वास्थ्य रहे इसके लिए सरकार आयुष्मान योजना को लागू की है। सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा असंगठित सामाजिक सुरक्षा के तहत ही समाज के कमजोर वर्गों को कानूनी सहायता देने के लिए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का गठन किया गया है। निश्चित रुप से सरकार द्वारा संचालित योजनाओं से सामाजिक सुरक्षा मजबूत हुई है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-amritvichar.moradabad@gmail.com आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।

## बैंक प्रबंधक के भाई की तहरीर पर ट्रक चालक पर रिपोर्ट

**हसनपुर, अमृत विचार :** कार और ट्रक की जोरदार टक्कर में शाखा प्रबंधक घायल हो गये थे। बैंक प्रबंधक के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

जनपद अंबेडकर के थाना अलीगंज के टांडा निवासी संजय वर्मा पुत्र गोपीनाथ सैदनगली में जिला सहकारी बैंक में शाखा प्रबंधक हैं। 26 मई को शाखा प्रबंधक कार से बैंक आ रहे थे। रास्ते में तेज गति से आ रहे ट्रक ने शाखा प्रबंधक की कार को टक्कर मार दी थी जिसमें संजय वर्मा गंभीर रूप से घायल हो गये थे। पुलिस ने शाखा प्रबंधक को अस्पताल में भर्ती कराया था। लेकिन हालत नाजुक होने पर चिकित्सकों ने उसे हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया था। पुलिस ने शाखा प्रबंधक के भाई की तहरीर पर ट्रक चालक पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### अमरोहा की तहसील हसनपुर में 23.6 किलोमीटर है गंगा एक्सप्रेसवे की लंबाई, सभी अंडरपास बन चुके

# गंगा एक्सप्रेसवे के ओवर ब्रिज का निर्माण अंतिम चरण में

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** मेरठ से प्रयागराज तक बनाए जा रहे गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण कार्य अंतिम चरण में है। मुख्यमंत्री के निरीक्षण के बाद निर्माण कार्य में कार्यकारी संस्था द्वारा तेजी आ गई थी। स्थानीय निवासियों में का मानना है जब गंगा एक्सप्रेस में चालू हो जाएगा तो कुछ रोजगार भी बढ़ेगा।

जनपद हापुड़ एवं अमरोहा को जोड़ने वाले करीब 960 मीटर लंबे गंगा एक्सप्रेसवे पुल का निर्माण अंतिम चरण में चल रहा है। हापुड़ की सीमा में पुल बनकर तैयार हो चुका है। जबकि जनपद अमरोहा में ग्राम पिपलौती के समीप निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। मिट्टी डालकर पुल की ठोकर पूरी



गंगा एक्सप्रेसवे पर बन रहा ओवरब्रिज। ● अमृत विचार

तरीके से तैयार की जा रही है, वही जिम्मेदारों की मानें तो 95 प्रतिशत कार्य पूरा होने का दावा किया जा रहा है। जनपद अमरोहा की तहसील हसनपुर में गंगा एक्सप्रेसवे की लंबाई 23.6 किलोमीटर है। सड़क निर्माण पूरा होने के साथ ही सभी चयनित पाइंटों पर अंडर पास बन चुके हैं जिन पर यातायात शुरू हो गया है। गांव मंगरौला के निकट ओवर ब्रिज एवं टी प्वाइंट का कार्य भी लगभग पूर्ण हो चुका है। जनपद अमरोहा में गंगा एक्सप्रेसवे चढ़ने के लिए एक टी पॉइंट है, गंगा एक्सप्रेसवे पर चढ़ने एवं उतरने के लिए वाहन चालकों से टोल टैक्स जमा करने के लिए चार टोल बूथ बनाए जा रहे हैं।

### इन गांवों से होकर गुजर रहा एक्सप्रेसवे

जिले के गांव अकबरपुर शर्की, कुंआडाली, फंडका, चक्र गुलाम अंबिया, सकतपुर-करनपुर, मिर्जापुर डूंगर, गारवपुर उर्फ रूस्तमपुर, पिपलौती खुर्द, पिपलौती मुस्तकम, रुखालू, सिकरौली, मंगरौला, दौलतपुर कला, सुमाठेर, तरारा, मकनपुर उझारी एवं पाइंदापुर सहित अन्य गांवों से होकर एक्सप्रेस वे होकर गुजरेगा।

गंगा एक्सप्रेसवे के का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है। अक्टूबर माह तक गंगा एक्सप्रेसवे का निर्माण पूर्ण हो जाएगा। सभी कमा अंतिम चरण में हैं।
–**राकेश कुमार मोगा**, अधिशासी अभियंता

# मुकदमे वापस नहीं हुए तो करेंगे सामूहिक पलायन

### गांव कुतुबपुर के लोगों ने दी चेतावनी, किसानों को घायल करने वाले तेंदुआ को ग्रामीणों ने मार दिया था

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

**अमृत विचार :** गांव कुतुबपुर हमीदपुर में किसानों पर हमला करने वाले तेंदुआ को ग्रामीणों ने मौत के घाट उतार दिया था। पुलिस ने मामले में तीन ग्रामीणों को जेल भेजा है। ग्रामीणों का कहना है यदि मुकदमा जल्द से जल्द वापस नहीं हुआ तो गांव के लोग सामूहिक रूप से पलायन करेंगे। ग्रामीणों ने डीएम से मुकदमा वापिस करने की गुहार लगाई है।



तेंदुआ पकड़ने के लिए खेतों में लगा पिंजरा। ● अमृत विचार

गांव कुतुबपुर में 7 जून को खेतों पर काम कर रहे छह लोगों को तेंदुआ ने हमला कर गंभीर घायल कर दिया। उनका उपचार अभी भी जिला अस्पताल में चल रहा है। शोर मचाने पर एकत्रित हुए ग्रामीणों ने लाठी डंडे से पीटकर तेंदुए को मार गिराया था। वन विभाग ने अपनी लापरवाही पर पर्दा डालने के लिए तीन व्यक्तियों पर तेंदुए की हत्या करने मामले में मुकदमा दर्ज करा कर उन्हें जेल भिजवा दिया। घटना के दो दिन बीत जाने के बाद वन विभाग की टीम ने गांव में पिंजरा लगवाया। मादा तेंदुआ के मरने के बाद नर तेंदुआ अभी भी क्षेत्र में मौजूद है। इसलिए गांव के लोग डर के साए में जी रहे है। खेतों से चारा लाने के लिए एक साथ एकत्रित होकर जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि जान बचाने के लिए तेंदुए पर हमला किया था। पुलिस ने गांव के लोंगों पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया। ग्रामीणों ने कहा कि यदि मुकदमे वापस नहीं हुए तो गांव के सभी लोग पलायन करेंगे। क्योंकि दो शावक और एक तेंदुआ अभी भी जंगल में दिखाई देते हैं। गांव में डर का माहौल बना हुआ है। बच्चों और महिलाओं को जंगल की ओर नहीं जाने दिया जा रहा है। वन विभाग की टीम ने दो पिंजरे लगाए है, उसके बाद भी तेंदुओं को पकड़ने में कामयाबी नहीं मिल रही।

- **तेंदुआ मारने के आरोप में पुलिस ने तीन ग्रामीणों को जेल भेजा है**
- **गांव कुतुबपुर में 7 जून को तेंदुआ ने कई किसानों को घायल कर दिया था**



वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में विफल हो रही है। लोग झुंड बनाकर तेंदुआ के डर से जंगल को निकलते हैं। फसल भी सूख रही है। पुलिस ने उल्टा ग्रामीणों पर मुकदमे दर्ज किये है जोकि गलत है। मुकदमे वापस लिए जाने चाहिए।
–**हुकुम सिंह सैनी**



गन्ने व टमाटर की फसल पानी न मिलने के कारण सूख रही हैं। वन विभाग की टीम तेंदुए को पकड़ने में कामयाब नहीं हो रही। ग्रामीणों पर दर्ज मुकदमे वापस नहीं हुए तो हम लोग सामूहिक पलायन करने को मजबूर हो जाएंगे।
– **नर सिंह सैनी**



तेंदुआ दो बकरियों को भी उठा कर ले गया। 7 जून को तेंदुए ने छह लोगों को गंभीर घायल कर दिया। हमारे गांव के ही तीन लोगों को मुकदमे में फंसा कर जेल भिजवा दिया। मुकदमे वापस नहीं हुए तो पलायन करने के लिए मजबूर होंगे।
– **शशि देवी**



महिलाओं और बच्चों ने जंगल जाना बंद कर दिया। पशुओं को भी ठीक से चारा नहीं मिल पा रहा है। प्रशासन हमारी मदद करने के बजाय हमारे ही लोगों को जेल भेज रहा है। यदि प्रशासन ने हमारी मदद नहीं की तब हम गांव छोड़ने को मजबूर हो जाएंगे।
–**रमा देवी**

## बीच बचाव करा रही महिला को दबंगों ने पीटा

**हसनपुर, अमृत विचार :** बच्चों के बीच हो रहे विवाद का बीच बचाव करवा रही महिला को दबंगों ने मारपीट कर चोटिल कर दिया। मां को बचाने आई बेटी के भी दबंगों ने कपड़े फाड़ दिये। दबंगों ने महिला का पर्स भी छीन लिया। तहरीर देने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की है।

नगर के मोहल्ला लालबाग अंगूरों वाली मस्जिद निवासी रिहाना पत्नी सलीम अहमद बुधवार को नगर के संभल मार्ग स्थित एक मैरिज हॉल में शादी समारोह में गई थी। वहां पर बच्चों के बीच झगड़ा हो रहा था। रिहाना बीच-बचाव कराने लगी। दबंगों ने रिहाना के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करनी शुरू कर दी। मां को बचाने आई बेटी के साथ दबंगों ने मारपीट करते हुए उसके शरीर से कपड़े फाड़ दिये। आरोप है कि पर्स भी छीन लिया जिसमें नगदी थी। महिला ने इसकी सूचना पुलिस को दी लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। महिला नेशिकायत मुख्यमंत्री पोर्टल पर भी की है।

## गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व हर्षोल्लास से मनाया गया



गुरुद्वारे में सजा दीवान। ● अमृत विचार

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** नगर में गुरुवार को सिख समुदाय द्वारा सिखों के छठवें गुरु हरगोबिंद साहिब का प्रकाश पर्व बड़े ही धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुद्वारा में सिख समाज द्वारा शबद कीर्तन वह गुरुवाणी का आयोजन किया। वहीं गुरु का अटूट लंगर भी चला।

गुरुद्वारा के ग्रंथि ज्ञानी वीरेंद्र सिंह ने बताया कि गुरु हरगोविंद साहिब सिखों के छठवें गुर थे। उन्हें बादशाह के रूप में भी जाना जाता था। उनका जन्म 1595 में हुआ था और वह 1606 में अपने पिता गुरु अर्जुन देव जी की मृत्यु के बाद छठे गुरु बने। महेंद्र चावला, सरदार चरणजीत सिंह, हरजीत सिंह, राजेंद्र सिंह, कुलवंत सिंह, अजीत चावला, जोगिंदर चावला, रविंद्र सिंह, विक्रम महंत, दिवाकर महंत, हरकीरत, मनदीप सिंह, किरण खन्ना, मनजीत कौर, जसमीत कौर, सिमरन कौर, एकता कौर, सोनू, सविता चावला, सरदार टीटे सिंह व अन्य मौजूद रहे।

## चड्डी गिरोह का सदस्य होने के शक में युवक को पीटा

**गजरौला, अमृत विचार :** नौगावां पुलिस ने चड्डी गिरोह के तीन सदस्य पकड़ लिए इसके बाद भी चड्डी गिरोह का शोर कम नहीं हुआ है। बुधवार की देर रात गजरौला थाना क्षेत्र के होशंगपुर गांव में चड्डी गिरोह के सदस्य आने का अंदेशा जताते हुए ग्रामीणों ने शोर मचा दिया था।

गांव के बाहरी तरफ जंगल में ग्रामीणों को संदिग्ध युवक घूमते हुए मिला। ग्रामीणों चड्डी गिरोह का सदस्य होने के शक में युवक को पीटना शुरू कर दिया। युवक बुरी तरह लहूलुहान हो गया। भीड़ में शामिल लोगों ने युवक का वीडियो बनाया तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। पुलिस ने घटना की जानकारी की। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि इस मामले में जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मरीज और तीमारदार से मारपीट, हंगामा

संवाददाता, मंडी धनौरा

**अमृत विचार :** सरकारी अस्पताल में उस समय हंगामा खड़ा हो गया जब एक तीमारदार ने अस्पताल के चिकित्सक पर मरीज और उसके साथ आए परिजनों को कमरे में बंद कर मारपीट करने का आरोप लगाया। आक्रोशित परिजन और ग्रामीणों ने अस्पताल में हंगामा कर दिया और चिकित्सक अधीक्षक के खिलाफ सख्त कार्यवाही की मांग करने लगे। बजरंग दल के कार्यकर्ता भी पहुंच गए और कार्रवाई की मांग की।

एक मरीज एक्स-रे कराने के लिए अस्पताल पहुंचा था। किसी बात को लेकर तीमारदार और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. कुनाल के बीच कहासुनी हो गई। तीमारदार का आरोप है कि डॉक्टर ने मरीज और उसे कमरे में बंद कर लिया और मारपीट की। घटना की सूचना मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल पहुंच गए और हंगामा होने लगा। पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।



बजरंग दल कार्यकर्ताओं से बात करते सीएमओ डॉ. सत्यपाल सिंह। ● अमृत विचार

- **ग्रामीणों ने किया हंगामा, विश्व हिंदू परिषद- बजरंग दल के कार्यकर्ता बैठे धरने पर**

सूचना पाकर विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता भी अस्पताल पहुंचे। आरोप है कि चिकित्सा अधीक्षक ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं के साथ भी गाली गलौज की जिस पर कार्यकर्ता अस्पताल में ही धरने पर बैठ गए। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सत्यपाल सिंह ने विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे अपनी मांग पर अड़े रहे। जिस पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने तत्काल चिकित्सा अधीक्षक डॉ कुनाल का स्थानांतरण करने की बात कही तक कार्यकर्ता शांत हुए। ग्रामीणों का कहना है कि अस्पताल में पहले भी इस तरह की घटनाएं हो चुकी हैं।

# बिजली समस्या को लेकर नहीं थम रहा आक्रोश

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने बिजली का निजीकरण किये जाने का कड़ा विरोध करते हुए पूरे देश में इसके खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी है। संभल से गजरौला तक रेल लाइन को जोड़े जाने की पुरजोर तरीके से मांग की गई।

गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस ने एसडीएम कार्यालय के सामने पंचायत का आयोजन किया। उसके बाद मुख्यमंत्री के नाम संबंधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अधाना ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह ने कहा था कि देश की तरक्की का रास्ता खेत खलियानों से जाता है।

किसानों की समस्याओं पर विचार कर समाधान करवाया जाये। प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह ने कहा कि जल जीवन मिशन द्वारा गांव-गांव पानी की टंकियों का निर्माण हो रहा है। जिन ठेकेदारों का काम संतोष जनक नहीं है उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाये। उपाध्यक्ष धीरज सिंह ने कहा बिजली का निजीकरण किया गया तो भाकियू आंदोलन करेगी।

प्रदेश प्रवक्ता निजाम प्रधान ने कहा क्षेत्र में छुट्टा पशु पकड़कर गौशालाओं में भिजवाए जायें। महिला मोर्चा की प्रदेश प्रभारी जानी जैदी, राजू चौहान, जबर सिंह, हैप्पी त्यागी, सुमित त्यागी, श्याम कुमार, डॉक्टर नेतराम सिंह, अतीक अहमद, सोनू गुर्जर, डॉक्टर योगेंद्र सिंह, योगेश कुमार, कर्मेंद्र चौधरी, शिवनारायण सैनी, मेहंदी हसन, हरकेश सिंह आदि मौजूद रहे।



किसानों को संबोधित करते भाकियू बीआरएसएस प्रदेश अध्यक्ष सतपाल सिंह। ● अमृत विचार

- **भाकियू बीआरएसएस ने पंचायत में समस्याएं दूर करने की उठाई मांग**

## खराब रैंकिंग वाले विभागों के अधिकारियों का वेतन रोका

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड में विभागीय रैंक व लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति की समीक्षा की।

जिलाधिकारी ने सभी विभागों से एक-एक करके पिछले माह में रैंकिंग और लक्ष्य के सापेक्ष वर्तमान प्रगति की जानकारी ली। स्थापना औद्योगिक विकास, आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक, आबकारी, खाद्यय एवं रसद, गेहूं खरीद मंडी विद्युत पंचायतीराज लोक निर्माण, आईजीआरएस दुग्ध विकास सिंचाई सहित अन्य विभागीय अधिकारियों जिनकी खराब रैंकिंग प्राप्त हुई है नाराजगी व्यक्त की। सुधार की हिदायद देते हुए वेतन रोकने के निर्देश दिये। कहा जब तक विभागीय रैंक में सुधार नहीं होगा वेतन नहीं निकाला जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी स्थिति में जनपद की रैंकिंग नहीं गिरनी चाहिए। सभी विभाग अपने लक्ष्य को चेक कर लें। एक प्लांनिंग के तहत कार्य करें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर सत्यपाल, अधिशासी अभियंता पीडब्लूडी, जिला पिछड़ावर्ग कल्याण अधिकारी, संभागीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।



बैठक में निर्देश देतीं डीएम निधि गुप्ता। ● अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### केंद्र सरकार के 11 साल होने पर बांटा शरबत



**अमरोहा, अमृत विचार :** नौगांव सादात नगर पंचायत क्षेत्र के मोहल्ला अलीनगर में भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला मंत्री वीरेंद्र सिंह सैनी व भाजपा नेता इकराम सैफी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 11 साल बेमिसाल कार्यक्रम के अंतर्गत शरबत वितरित किया। वीरेंद्र सिंह सैनी ने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं के संस्कार है कि वह निरंतर समाज सेवा व जनता के हित में कार्य करते हैं। अकमल मलिक, साबिर हुसैन सैफी, पैगाम मलिक, जीशान मलिक, रहमत मलिक, हुकुम सिंह चौहान, आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### अलीगढ़ मार्ग पर पड़ा मिला ग्रामीण का शव

**हसनपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र में अलीगढ़ मार्ग पर गांव मंगरोला के नजदीक स्थित प्रथमा बैंक के पास एक 50 वर्षीय ग्रामीण का शव मिलने से सनसनी फैल गई। पुलिस ने शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद मृतक की पहचान 50 वर्षीय विनोद जाटव पुत्र हरि सिंह निवासी आगापुर उर्फ याकूबपुर कोतवाली हसनपुर के रूप में हुई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। परिजनों ने बताया कि विनोद जाटव शराब पीने का आदी था जिसके चलते उसकी पत्नी करीब 5 साल पूर्व अपने बेटे के साथ उसे छोड़कर चली गई थी। तभी से वह शराब के नशे में धुत होकर इधर-उधर घूमता रहता था। माना जा रहा है कि शराब के नशे एवं अत्यधिक गर्मी के चलते मौत हुई है। मृतक छह भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। मां संतो देवी समेत परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। कोतवाल वरुण कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद ही मौत के कारण का स्पष्ट पता चल पाएगा।

### गंगा तट पर पालेज की बंपर पैदावार, किसान खुश



**हसनपुर, अमृत विचार :** हसनपुर तहसील क्षेत्र में गंगा किनारे हजारों हेक्टेयर भूमि में पालेज हो रही है। ककड़ी, लौकी, तरबूज व खरबूजे की बंपर पैदावार हुई है। भीषण गर्मी में फलों की बिक्री ज्यादा होने के कारण खरबूजा व तरबूज 35 से 15 रुपये किलो तक बिक्री हो रही है। अच्छी पैदावार व सही दाम पर फसल बिकने से पालेज लगाने वाले खुश हैं। खादर क्षेत्र में इन दिनों गंगा किनारे किसानों को खरबूजे का बदलता हुआ रंग रास आ रहा है। गंगा किनारे दर्जनों गांवों में किसान खीरा, खरबूजा और तरबूज का अच्छा दाम मिलने से मालामाल हो रहे हैं। खादर क्षेत्र में गंगा किनारे खरबूजे और तरबूज की खेती करने वाले किसानों ने बताया कि वह इन दिनों गंगा के रेत में उगने वाला खीरा, खरबूजा, ककड़ी, लौकी, तोरी, टमाटर आदि की आपूर्ति आसपास के जिलों में भी होती है। गंगा किनारे खेती होने से आसपास के गांव के मजदूरों को काम मिला हुआ है।

### युवकों के शव गांव पहुंचे तो परिजन हो गए बेहाल



मृतक तालिब।



मृतक आकाश।

**हसनपुर, अमृत विचार :** हमीरपुर जनपद के मौदहा कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार सुबह हुए सड़क हादसे में अमरोहा के तीन युवकों की दर्दनाक मौत हो गई थी। दो युवकों के शव देर रात गांव पहुंचे। गमगीन माहौल में दोनों युवकों के शवों का अंतिम संस्कार कर दिया गया। हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली और पिपलौती कलां से मंगलवार को मजदूरों को लेकर एक वैन झांसी जा रही थी। बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे से खन्ना के पास उतरने के बाद में वह नेशनल हाईवे 34 पर मंडी गेट के सामने खड़े ट्रक में वैन टकरा गई जिसमें आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए थे जबकि कोतवाली क्षेत्र के गांव गंगा चोली निवासी 25 वर्षीय कौशल, 19 वर्षीय आकाश तथा पिपलौती कलां निवासी तालिब की मौत हो गई। बुधवार की देर रात तालिब तथा आकाश के शव जैसे ही गांव पहुंच तो परिजनों में कोहराम मच गया। गुरुवार की सुबह परिजनों ने तालिब के शव को सुपुर्द-ए-खाक कर दिया गया। जबकि आकाश के शव का परिजनों द्वारा गंगा घाट पर अंतिम संस्कार किया गया। मृतक तालिब पांच बहन भाई में दूसरे नंबर का था। जबकि आकाश पांच बहन भाइयों में सबसे बड़ा था। बड़ा होने के चलते परिवार के पालन पोषण का उस पर दायित्व था। जिसके लिए वह वैन में सवार होकर मजदूरी करने जा रहा था। आकाश की मौत से मां रामकेशी समेत परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

### धूमधाम से मनाया जाएगा तृतीय श्री श्याम महोत्सव

**हसनपुर, अमृत विचार :** श्री श्याम मित्र मंडल की बैठक में सर्व सम्मति से निर्णय लिया गया कि श्याम बाबा का तृतीय श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया जाएगा। महोत्सव के अंतर्गत निशान यात्रा, भंडारा एवं संकीर्तन का आयोजन बड़े ही भव्य रूप से किया जाएगा। बुधवार रात मोहल्ला होली वाला में संदीप अग्रवाल के आवास पर श्री श्याम मित्र मंडल हसनपुर की एक बैठक में बताया गया कि 29 जून को अमरोहा बस स्टैंड चौराहे से शाम तीन बजे विशाल निशान यात्रा निकाली जाएगी। 30 जून को शिवाला मंदिर पर सुबह 11 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। तथा शाम को रामलीला मैदान में भव्य श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन किया जाएगा। जिसमें बाहर के कलाकारों द्वारा बाबा श्याम का गुणगान किया जाएगा। बैठक में उपस्थित सभी श्याम भक्तों द्वारा निर्णय लिया गया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक महेंद्र सिंह खड़गवंशी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष राजपाल सैनी सम्मिलित होंगे। बैठक में शैंकी अग्रवाल, आशु चौहान, मोहित चौहान, अवनीश अग्रवाल, हिरदेश अग्रवाल, अशोक रस्तोगी, राहुल अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, मोहित शर्मा, शोभित शर्मा, राजेंद्र चौहान, अंकित गुप्ता, संजय गर्ग, पुनीत अग्रवाल, प्रवीण प्रजापति आदि मौजूद रहे।

### 22 किलो पॉलिथीन पकड़ी, 7 हजार जुर्माना वसूला



**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** शहर को पॉलिथीन मुक्त बनाने के लिए पालिका ने अभियान छेड़ दिया है। पालिका की टीम ने सुबह से ही कई दुकानों पर छापामार कार्रवाई की है। प्रतिबंधित पॉलिथीन जप्त करते हुए जुर्माना वसूला है। इसके साथ ही दुकानदारों को पॉलिथीन का प्रयोग न करने की हिदायत देते हुए थैले का प्रयोग करने की अपील की है। पॉलिथीन का प्रयोग करने पर कठोर कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा के निर्देशन में नगर के शेरपुर चुंगी पर पालिका द्वारा अभियान चलाया गया। विभिन्न दुकानदारों, व्यापारियों से कुल 22 किलो प्रतिबंधित पॉलीथिन जब्त की गई। सात हजार रुपये जुर्माना वसूला गया। अभियान से नगर के समस्त दुकानदारों, व्यापारियों एवम ठेले-फल वालों में हड़कंप मचा हुआ है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अवधेश कुमार वर्मा ने सभी दुकानदारों को बताया कि प्रतिबंधित पॉलीथीन का उपयोग हमारे वातावरण के लिए कितना खतरनाक है। अभियान में मुख्य रूप से विशाल शर्मा, कृष्ण कुमार, संजीव कुमार, अमर सिंह आदि मौजूद रहे।

### दिव्यांगों के चिन्हांकन के लिए ब्लॉकों में लगेंगे कैंप

**अमरोहा, अमृत विचार :** डीएम निधि गुप्ता वत्स ने दिव्यांग बच्चों के चिन्हाकन एवं पुनर्वासन के दृष्टिगत जिले स्तर पर गठित समिति के माध्यम से किए जाने वाले कार्यों से संबंधित बैठक आयोजित की। डीमए ने कहा कि दिव्यांग बच्चों को उनकी आवश्यकता अनुसार सहायक उपकरण चिकित्सा सुविधा शिक्षण प्रशिक्षण विद्यालयों में प्रवेश व सरकार की अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी शिखा शर्मा ने कहा की 15 अगस्त 2025 तक दिव्यांग बच्चों के चिन्हाकन के लिए ब्लॉक स्तर पर शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान के रूप में इस कार्य को किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो। यह सुनिश्चित हो कि कोई भी दिव्यांग वंचित न रहे। कैम्प में चिकित्सकीय परीक्षण, दिव्यांग प्रमाण पत्र बनाने, उनकी आवश्यकता के अनुरूप सहायक उपकरण जैसे ट्राईसाईकिल, वैसाखी, ब्हीलचेयर एवं कान की मशीन, एमआर किट, स्मार्ट केन, हाथ की कोहनी या कंधा से हाथ कटने पर कृत्रिम हाथ एवं पैर के घुटने या जांग से पैर कटने पर कृत्रिम पैर, पैरों में पोलियो होने पर कैलिपर सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।

## एक नजर

### ट्रैक्टर से कुचलकर कुत्ते की मौत, तहरीर दी

**कुढफतेहगढ़ /चंदौसी, अमृत विचार :** थाना कुढफतेहगढ़ क्षेत्र के गांव पैगारफातपुर में गुरुवार की सुबह गांव का एक किशोर तेज गति से ट्रैक्टर चला रहा था। ट्रैक्टर का पहिया कुत्ते के ऊपर चढ़ गया जिससे कुत्ते की मौत हो गई। कुत्ता के मालिक बिजनेस ने ट्रैक्टर चला रहे किशोर के खिलाफ तहरीर दी है।

### कलर बेल्ट अपग्रेडेशन टेस्ट

**बहजोई ,अमृत विचार :** जनपद संभल जूडो एसोसिएशन द्वारा एसबीएम जूडो एकेडमी में कलर बेल्ट अपग्रेडेशन टेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के 40 बच्चों ने प्रतिभाग किया। एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय गरी,गोविंद वशिष्ठ, हरी तरुण, अखिलेश आदि मौजूद रहे।

# किशोरी ले जा रहे युवक को पकड़कर पीटा

## आरोपी बोला, एक मौलाना ने उसे ऐसा करने को कहा था, किशोरी को ले जाकर बेच देता

संवाददाता, मंडी धनौरा

- एएसपी बोले- पुलिस कर रही मामले की जांच
- बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा

**अमृत विचार :** किशोरी को ले जा रहे युवक को किशोरी के परिजनों और ग्रामीणों ने पकड़कर जमकर पिटाई कर दी। आरोपी ने कहा कि मदरसे के मौलाना ने उसे ऐसा करने की सलाह दी थी। उसने किशोरी को ले जाकर बेच देने की भी बात कही। गुरुवार को गुस्साए बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने थाने पर हंगामा काटा। पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। पुलिस आरोपी के बयानों की जांच कर रही है।

घटना थाना बछरायूं क्षेत्र के गांव की है। बुधवार की


आरोपी को ले जाती पुलिस।

रात गजरौला क्षेत्र का निवासी निजामुद्दीन गांव से एक किशोरी को ले जा रहा था। परिजनों व ग्रामीणों ने निजामुद्दीन को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी।आरोपी ने बताया कि वह किशोरी के पिता के यहां नौकरी करता था। वह किशोरी के साथ काफी समय से संपर्क में था। उसने कहा कि उसका इरादा किशोरी को ले जाकर बेचने का था। उसने बताया कि एक मदरसे के मौलाना ने उसे लड़की को ले जाने की सलाह दी थी। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है।

एएसपी अखिलेश भदौरिया ने बताया कि पीड़िता के पिता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। ग्रामीणों द्वारा बनाए गए वीडियो में आरोपी के बयानों की जांच की जा रही है। किशोरी को बेचे जाने वाले बयान की गहनता से जांच की जा रही है। जो कोई और भी दोषी होगा उस पर कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने थाने पर हंगामा किया और युवक पर कठोर कार्रवाई के साथ उसे ऐसा करने को उकसाने वालों पर भी कार्रवाई की मांग की।

## केंद्र सरकार की बताईं उपलब्धियां

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़, अमृत विचार:** थाना कुढ़फतेहगढ़ में भारतीय जनता पार्टी के छाबड़ा मंडल की बैठक में मुख्य अतिथि मंडल प्रभारी सुधीर मल्होत्रा ने केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन-धन योजना, हर घर जल योजना, मातृत्व लाभ योजना, फ्री राशन वितरण योजना, आयुष्मान योजना आदि योजनाओं की जानकारी दी। मंडल अध्यक्ष रामनरेश यादव ने भी भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताया। प्रवीण कुमार सिंह, प्रदीप चौहान, सुमित कुमार सिंह, बंटी गोस्वामी, सत्येंद्र कुमार, गजेंद्र पाल शर्मा, मुनेंद्र यादव, अंकित शर्मा, केपी पाल, कमल वीर सिंह, लाल सिंह दिवाकर, राजेंद्र सिंह, उरमान सिंह आदि मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### सपाइयों ने मनाया सांसद आदित्य का जन्मदिन



**बबराला,अमृत विचार :** सपाइयों ने सांसद आदित्य यादव के जन्मदिन पर उनके फोटो के आगे केक काट कर दीर्घायु होने की कामना की। सपा नेता अमित यादव ने कहा कि 2027 में पीडीए की सरकार बनेगी और अखिलेश यादव प्रदेश के मुख्यमंत्री होंगे तब गुन्नौर क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर विकास होगा। लकी उस्मानी, शमीम अहमद अनुराग यादव, रोहित यादव, संजय यादव, देवेंद्र सिंह, सत्यप्रकाश सिंह, राजू यादव, अक्षय यादव, राजुद्दीन अली, असगर अली, नसीम अहमद, शशिकांत वार्ष्णेय, प्रमोद गुप्ता, अंकुश गुप्ता, राजा यादव, सुमित यादव, प्रशांत वार्ष्णेय, अरमान अली सहित दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पुलिस में चयनित 40 युवाओं को किया सम्मानित



**बबराला, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस में चयनित गुन्नौर क्षेत्र के 40 युवाओं को विधायक रामखिलाड़ी सिंह यादव ने गुरुवार को अपने आवास पर सम्मानित किया। कहा कि यह युवाओं की मेहनत, अनुशासन और लगन का परिणाम है। उन्होंने युवाओं को नकारात्मकता से दूर रहने और लक्ष्य पर केंद्रित रहने की सलाह दी। चयनित युवाओं ने अपने अनुभव साझा किए और कहा कि मजबूत हौसले और निरंतर मेहनत से हर लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

### महिला ने चार लोगों पर लगाया छेड़छाड़ का आरोप

**चन्दौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव जनेटा निवासी महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया कि 5 जून की सुबह गांव के चार लोग गाली-गलौज करते हुए उसके घर में घुस गए। आरोपी बोले कि तेरे पति ने हमें जो प्लाट दिलवाया है उसमें 40 हजार रुपये की दलाली ली है। आरोप है कि एक युवक ने महिला से छेड़छाड़, मारपीट की। महिला का कहना है कि उसने दूसरे दिन तहरीर दी मगर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। अब महिला ने एसपी से गुहार लगाई है।

### मलकपुर अग्निकांड पीड़ितों को दी आर्थिक सहायता



**हसनपुर,अमृत विचार :** थाना आदमपुर क्षेत्र स्थित मलकपुर गांव में 9 जून को आग में 17 छप्परनुमा घर राख हो गए। पीड़ित परिवारों को गुरुवार को जिला पंचायत अध्यक्ष ललित तंवर, एसडीएम विभा श्रीवास्तव और महेश खड़गवंशी ने सहायता प्रदान की। प्रत्येक प्रभावित परिवार को 25-25 हज़ार रुपये की आर्थिक मदद दी। इसके अतिरिक्त राशन की व्यवस्था भी सुनिश्चित कराई। ललित तंवर ने भरोसा दिलाया कि वे शासन स्तर से भी हरसंभव मदद दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। इस भीषण अग्निकांड से कई परिवार बेघर हो गए थे और उनका भारी नुकसान भी हुआ था।

### योग करने से दूर होती हैं अनेक बीमारियां

**चन्दौसी, अमृत विचार :** जायन्ट्स ग्रुप ऑफ वूमेन पॉवर एवं वूमेन प्राइड की ओर बिंदल फार्म में 11 दिवसीय योग शिविर के दूसरे दिन बुधवार को कैंप प्रशिक्षक व ट्रैनर श्रुति अग्रवाल ने योगाभ्यास कराया। कहा कि योग से ही विभिन्न प्रकार की बीमारियों को खत्म किया जा सकता है। ग्रुप पदाधिकारी शुभा कागजी व अलका मंगल ने बताया कि शिविर शारीरिक व्यायाम नहीं, मानसिक शांति और आत्मिक जागरुकता की दिशा में एक सार्थक पहल है। शिवानी, नैना, मोनिका, निधि, रूबी, शिल्पी, मिनी, अदिति, मंजरी, दीपिका, प्रिया, रेशु, मृदुल, सारिका, मिनाली, शुचि, पूजा मौजूद रही।

### सांसद के मकान निर्माण मामले में सुनवाई 20 को

**संभल, अमृत विचार :** सपा सांसद जियाउर्रहमान बर्क द्वारा बिना नक्शे के मकान निर्माण मामले में अब एसडीएम नियत प्राधिकारी विकास चंद्र ने सुनवाई के लिए 20 जून की तिथि नियत की है। बताते चलें कि मोहल्ला दीपा सराय में बिना नक्शे निर्माण के मामले में सांसद को तीन नोटिस जारी किए जा चुके हैं और 500 रुपये का जुर्माना भी लग चुका है। इस मामले में फिर से सुनवाई के लिए तिथि नियत कर दी गई है।

## मोदी सरकार आतंकवाद का कड़ा जवाब देने को तत्पर

**बिजनौर, अमृत विचारः** केंद्र सरकार के सेवा सुशासन के 11 वर्ष पूरे होने पर प्रेस कांफ्रेंस में संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री यशवंत सैनी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर इस बात का प्रमाण है कि मोदी सरकार आतंकवाद का कड़ा जवाब देने को हमेशा तत्पर है।

भारत सरकार ने गांव-गांव में 13 करोड़ शौचालय का निर्माण कराया है वही पीएम आवास योजना में 4 करोड़ आवास दिए जा चुके हैं। गरीबों के लिए 52 करोड़ खाते बैंकों में खुलवाए, फल स्वरुप अब बिचौलियों का काम खत्म हो गया है। किसानों को डेढ़ लाख करोड रुपए सम्मान निधि के रूप में दिए जा चुके हैं। सरकार के 11 साल की उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि इसने कार्यकाल में एक भी घोटाला नहीं हुआ है। हमारा देश दुनिया की चौथी आर्थिक ताकत बनकर उभरा है। भाजपा जिला अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बॉबी, विधायक अशोक राणा, पूर्व सांसद भारतेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन त्यागी, सदस्य महिला आयोग संगीता जैन आदि भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता का लिया संकल्प

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के उपलक्ष्य में बाल श्रम के विरुद्ध जन जागरुकता गोष्ठी एवं कार्यशाला में बाल श्रम के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने तथा शासन द्वारा निर्धारित बाल श्रम उन्मूलन के लक्ष्य को पूरा करने का संकल्प लिया गया।

नगर पालिका परिषद के सभागार में कार्यशाला में सहायक श्रमायुक्त सुरेंद्र सिंह ने बाद बाल श्रम उन्मूलन के बारे में विचार रखे। अध्यक्ष आईआईए संभल कमल कौशल वार्ष्णेय ने बाल श्रम उन्मूलन के लिए सहयोग हेतु आश्वस्त किया। जिला



बच्चे को बैग देते सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार व अन्य अतिथि। ● अमृत विचार

- सिटी मजिस्ट्रेट बोले, संकल्प से बाल श्रम का होगा उन्मूलन

समाज कल्याण अधिकारी तनेज कुमार, सहायक जिला पंचायत राज अधिकारी, बाल कल्याण समिति अध्यक्ष गौरव गुप्ता, श्रम प्रवर्तन अधिकारी विनोद कुमार शर्मा, प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू सत्यविजय सिंह ने भी विचार रखे। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार ने कहा कि संकल्प लें कि हम स्वयं जिम्मेदार नागरिक की तरह जन जागरूकता की पहल करें तो बाल श्रम उन्मूलन संभव है। उन्होंने भिक्षावृत्ति की समस्या को दूर करने के सुझाव व कार्रवाई के निर्देश दिए। गौरी शंकर चौधरी ने 2 किशोरों को स्कूल बैग वितरित कराए। हेड कांस्टेबल दीपक, नवीन को पुरस्कृत किया गया। इस दौरान ललित कुमार, पुष्पेंद्र कुमार, तपन कुमार, शाहजेब अख्तर, यशदीप सौराना, विशेष कुमार, हर्ष कुमार, हैदर अली, उप निरीक्षक वसंत यादव, महिला उपनिरीक्षक आंचल सिद्धू, एहतेशाम अहमद, नाजिम सैफी, संजय कुमार पांडेय, हर्षित शर्मा, सुहेल परवेज, सिराज अहमद, बिट्टू आदि रहे।

## सीएम डैशबोर्ड पर रैंकिंग में सुधार करें

**बहजोई,अमृत विचारः** डीएम ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर विकास कार्यक्रमों की समीक्षा की।

डीएम ने कम प्रगति वाले विभाग के अधिकारियों को प्रगति बढ़ाए जाने के निर्देश दिए। अधीक्षण अभियंता को कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक में डीएम राजेंद्र पैंसिया ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी तथा जिला विद्यालय निरीक्षक एवं कृषि उपनिदेशक को प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण में रैंक खराब होने पर पीडी को चेतावनी जारी जारी करने के निर्देश दिए। विद्युत आपूर्ति में रैंक कम आने पर अधीक्षण अभियंता को चेतावनी जारी करने के निर्देश दिए।

## गुरु हरगोबिंद का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया

संवाददाता चन्दौसी

**अमृत विचारः** गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में सिखों के छठे गुरु हरगोबिंद का प्रकाश पर्व धूमधाम से मनाया गया। गुरुद्वारे में सबद कीर्तन का आयोजन किया गया।


शबद कीर्तन करता रागी जत्था।

बताया कि पहले जो पांच गुरु हुए हैं, उनके पास पांच पियाले थे, जिसमें सच, दया, धर्म, संतोष, सहनशीलता शामिल है। पांचों गुरु साहिबान ने धार्मिक जीवन जीया। परन्तु अब समय सहनशीलता का नहीं रहा। इसलिए इन गुरु साहिबान ने दो तलवारें धारण कीं। कहा कि हम परमात्मा के पीर हैं, परन्तु जरूरत पड़ी तो यह दूसरी मीरी की तलवार निकल सकती है। आक्रमण होने पर गुरु हरि गोबिंद ने चार युद्ध किए और चारों में विजय प्राप्त की। सभी युद्ध मुगल सम्राट जहांगीर से हुए थे। इस दौरान गोपाल सिंह, चरन सिंह, अवतार सिंह, महिंदर पाल सिंह, गुरबक्श सिंह, अविनाश सिंह आदि मौजूद रहे।

## हैंडपंप से पानी पीते समय करंट से युवक की मौत

**संभल/रजपुरा,अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रसूलपुर निवासी नेत्रपाल का 30 वर्षीय बेटा चरन सिंह गांव के पास सड़क किनारे ठेली लगाकर फल बेचने का काम करता था।

गुरुवार को प्यास लगने पर चरन सिंह गांव में ही सरकारी हैंडपंप पर पानी पीने पहुंचा। पानी पीते वक्त अचानक हैंडपंप में करंट उतर आया। करंट की चपेट में आने से चरन सिंह गंभीर रूप से झुलस गया। आनन फानन में परिजनों ने चरन सिंह को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रजपुरा में भर्ती कराया। चिकित्सक ने चरन सिंह को मृत घोषित कर दिया। जिस पर परिजन बिलखने लगे। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## पालिका बोर्ड की बैठक में कई प्रस्ताव किए पास


बैठक में बोलते अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल। ● अमृत विचार

**मंडी धनौरा ,अमृत विचारः** नगर पालिका बोर्ड की बैठक में नगर में पौराणिक महत्व के स्थलों के विकास हेतु वंदन योजना के अन्तर्गत प्रस्ताव रखे जाने पर चर्चा हुई।

मौहल्ला महादेव के आनन्द धाम मन्दिर का विकास कराने का प्रस्ताव पारित किया गया। जिम, व्यायामशाला, शेल्टर होम, पार्क, चौराहों के सौन्दर्यीकरण का प्रस्ताव पारित किया गया। सभासद दुलीचंद गिहार, शाने आलम, राजीव कुमार व जगत सिंह ने कई प्रस्ताव रखे। जिस पर सर्व सम्मति से सहमति प्रदान की गई। पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने शिकायतें दूर करने का आश्वासन दिया। ईओ अवधेश वर्मा, वरिष्ठ लिपिक उमेश कुमार, सोनू सिम्मी अग्रवाल, सभासद प्रशांक त्यागी, राजू बादशाह, गौरव धारीवाल, राजबाला, मंजीत कौर, नूतन रानी, सरस्वती गोयल, राजीव दीक्षित, आलम शेख, नौशाद मंसूरी, गुरुचन सिंह आदि रहे।

## डीएम के प्रावधान की अनावश्यक व्याख्या पर कोर्ट ने जताई आपत्ति

विधिसंवाददाता,प्रयागराज

- ग्राम तैमूरपुर बिजनौर में भूमि का मामला

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बिजनौर की जिला मजिस्ट्रेट द्वारा दाखिल हलफनामे पर आपत्ति दर्ज करते हुए कहा कि डीएम ने अपने हलफनामे में यूपी-राजस्व संहिता नियमावली, 2016 के तहत एक प्रावधान की अनावश्यक अनुचित व्याख्या की है। यह न्यायालय कानून जानता है। कलेक्टर ने कोर्ट को नियम 67(6) के प्रावधानों की याद दिलाकर इस न्यायालय के कानून की समझ का अपमान करने का प्रयास किया है।

कोर्ट ने माना कि उक्त नियम की प्रायोज्यता या व्याख्या के बारे में कोई विवाद नहीं था। ऐसे में हलफनामे में इस प्रावधान का हवाला देने का कोई औचित्य नहीं बनता है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति जे जे मुनीर की एकल पीठ ने ग्राम तैमूरपुर, बिजनौर में भूमि के कुछ हिस्सों पर कथित अतिक्रमण से संबंधित एक जनहित याचिका में संबंधित डीएम द्वारा दाखिल हलफनामे पर पारित किया।

मामले के अनुसार, सुनवाई करते हुए कोर्ट ने संबंधित भूमि की प्रकृति और उपयोग के संबंध में संबंधित डीएम से जवाब मांगा, जिसके अनुपालन में डीएम ने बताया कि संबंधित भूमि को राजस्व अभिलेखों में श्रेणी 6-2 (गैर कृषि उपयोग) के अंतर्गत कब्रिस्तान के रूप में दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण पाया गया था और तहसीलदार सदर, बिजनौर के समक्ष उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता, 2006 की धारा 67 के तहत 8 बेदखली मामले दाखिल किए गए थे। इस पर कोर्ट ने डीएम से एक और हलफनामे के माध्यम से लंबित बेदखली कार्यवाही की स्थिति के बारे में जानकारी मांगी। डीएम ने हलफनामा दाखिल कर बताया कि बेदखली मामलों में सुनवाई की तारीख 15 मई 2025 तय की गई है।

कोर्ट ने कड़ी आपत्ति जताते हुए कहा कि राजस्व प्राधिकरण के समक्ष अगली तारीख वही है, जो जनहित याचिका में हाईकोर्ट के समक्ष तय की गई थी। हाईकोर्ट द्वारा निगरानी किए जा रहे मामलों में तारीखों का ऐसा मेल न्यायिक निगरानी के उद्देश्य को विफल कर देगा। इसके अलावा कोर्ट ने इस बात पर जोर दिया कि हाईकोर्ट के समक्ष मामलों की सुनवाई से एक या दो दिन पहले अधीनस्थ न्यायालय या प्राधिकारियों के समक्ष सूचीबद्ध किया जाना चाहिए। कोर्ट ने भविष्य में इस प्रकार की गलतियों के प्रति सचेत रहने का निर्देश दिया।

शेड्यूलिंग में गड़बड़ी के बारे में बताते हुए डीएम ने बिना शर्त माफी मांगते हुए अपने हलफनामे में कहा कि न्यायालय की गरिमा को ठेस पहुंचाने का कोई उद्देश्य नहीं था। आश्वासन दिया कि भविष्य में गलती नहीं दोहराई जाएगी। कोर्ट ने स्पष्टीकरण को ध्यान में रखते हुए वर्तमान मामले को आगामी 4 जुलाई 2025 के लिए सूचीबद्ध कर दिया।

Admission Open
Session 2025-26
BIUCOP BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
BIU COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • M. Pharma (Pharmaceutics) (2 Years)
• B. Pharma (4 Years) • M. Pharma (Pharmacology) (2 Years)
• M. Pharma (Pharmaceutical Chemistry) (2 Years)
• M. Pharma ( Pharmacognosy) (2 Years)
ROHILKHAND COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years) • B. Pharma (4 Years)
Rohilkhand Medical College & Hospital Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
KESHLATA COLLEGE OF PHARMACY
Affiliated by :- Pharmacy Council of India (PCI), New Delhi
• D. Pharma (2 Years)
Mob : 9457672942
Keshlata Hospital Campus, Delapeer Road, Bareilly (Uttar Pradesh)
BIU College of Management
• M.H.A. (2 Years) • M.P.H. (2 Years)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
biucollegeofpharmacy@gmail.com, rohilkhandcollegeofpharmacy@gmail.com
biucollegeofmanagement@gmail.com, keshlatacollegeofpharmacy@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

FOPS BAREILLY Towards Professional Excellence
BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY, BAREILLY
Faculty of Paramedical Sciences
Approved by : Uttar Pradesh State Medical Faculty, Lucknow
Courses
■ BMLT/BMLS (Intake-80 Seats)
■ BRIT (Intake-80 Seats)
■ BPT (Intake-40 Seats)
■ B.Sc. Optometry (Intake-40 Seats)
■ BOTT (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Clinical Embryology (Intake-40 Seats)
■ MPT (Intake-20 Seats)
■ MMLS (Intake-20 Seats)
Admission Open
Session 2025-26
FACULTY OF FORENSIC SCIENCES
Courses
■ B.Sc. Forensic Sciences (Intake-40 Seats)
■ M.Sc. Forensic Sciences (Intake-20 Seats)
ROHILKHAND MEDICAL COLLEGE AND HOSPITAL
Courses
■ Diploma in X-Ray (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Lab Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Radiotherapy Technician (Intake-30 Seats)
Rohilkhand College of Paramedical Sciences
Courses
■ Diploma in Dialysis Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in M.R.I. Technician (Intake-30 Seats)
■ Diploma in Emergency & Trauma Care Technician (Intake-30 Seats)
■ Certificate in Sanitation (Intake-30 Seats)
Contact Details
For Registration online : www.biu.edu.in
Offline : Admission Cell Administrative Block BIU +91-9105500202, 9105500404
E-mail I'd : facultyofparamedicalsciences@gmail.com,
bareillyrcps@gmail.com, rcpsbareilly@gmail.com
Address
Bareilly International University, Rohilkhand Medical College & Hospital Campus
Pilibhit By pass Road, Bareilly-243006 (U.P.)

## एक नजर

### अंबेडकरनगर में आज लाभार्थी किसानों को चेक देंगे मुख्यमंत्री योगी

**अमृत विचार, लखनऊ :** दुर्घटना में किसी किसान की मृत्यु-दिव्यांगता आदि होने पर आश्रितों/परिवारों के लिए मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना संबल बनी है। वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत अब तक प्रदेश के सभी 75 जिलों में 11690 लोगों के आवेदन स्वीकृत किए गए हैं। इन्हें योगी सरकार द्वारा 5 अरब, 61 करोड़, 86 लाख, 28 हजार 200 रुपये की सहायता देगी। मुख्यमंत्री योगी शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के तहत शुक्रवार को अंबेडकर नगर के शिवबाबा मैदान में जिले के 431 लोगों को सहायता राशि का चेक प्रदान करेंगे। इसमें 408 लोगों को पांच लाख रुपये की सहायता प्रदान की जाएगी। 10 लोगों को ढाई लाख, एक किसान परिवार को 1.25 लाख व 12 लाभार्थियों को एक-एक लाख रुपये की सहायता राशि का डेमो चेक प्रदान किया जाएगा।

### बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में यूपी सरकार की हुई सराहना

**अमृत विचार, लखनऊ :** श्रम मंत्री अनिल राजभर ने स्विट्जरलैंड की राजधानी जिनेवा में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय श्रम सम्मेलन में बाल श्रम पर आयोजित एक महत्वपूर्ण सत्र में भाग लिया। इसमें अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने सभी प्रकार के बाल श्रम को समाप्त करने की सख्त आवश्यकता पर बल दिया। बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की। मंत्री अनिल राजभर ने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर की स्कूली शिक्षा प्रदान करने का एक उत्कृष्ट उदाहरण बताया।

# प्रदेश भर में जारी रहा बिजली संकट

## बिजली की मांग और बढ़ी, अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- हर हाल में दुरुस्त की जाए बिजली आपूर्ति : अध्यक्ष

**अमृत विचार :** भीषण गर्मी के कहर के बीच प्रदेश में बिजली की मांग और बढ़ गई है। अधिकतम मांग 31,457 मेगावाट दर्ज की गई। बिजली की मांग के शीघ्र 32 हजार मेगावाट तक पहुंचने के आसार बन गए हैं। इस बीच, स्थानीय खराबी के कारण राजधानी समेत प्रदेश भर में बिजली संकट जारी रहा। उप्र. पावर कॉरपोरेशन के अध्यक्ष डॉ. आशीष कुमार गोयल ने गर्मी को देखते हुए अधिकारियों को बेहतर बिजली आपूर्ति के लिये कड़े निर्देश दिये।

शक्ति भवन में समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष ने कहा कि अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमण करें और बिजली बाधित होने की जानकारी संचार माध्यमों से साझा करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी और कार्मिक फोन जरूर 'रिसीव' करें, कहीं भी विवाद की स्थिति न बनने पाये। वरिष्ठ अधिकारी बिजली बाधित होने पर मौके पर पहुंचें। उन्होंने कहा कि बिजली चोरी रोकने के लिए प्रयास तेज किये जाएं। उपभोक्ता सेवा 1912 पर दर्ज होने वाली शिकायतों पर शीघ्र कार्रवाई की जाए। अध्यक्ष ने कहा कि गर्मी और लू के इस मौसम में सामान्य 'शटडाउन' न लिए जाएं। बिजली कटौती न की जाए। कहीं भी ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त होने, तार गिरने व ट्रिपिंग जैसी समस्याओं का बिना विलंब निस्तारण किया जाए। उन्होंने कहा कि पारेषण व वितरण के अधिकारी परस्पर सामंजस्य स्थापित कर कार्य करें, जिससे पारेषण के कारण बिजली आपूर्ति बाधित न होने पाये।

### कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार

**अमृत विचार, लखनऊ :** प्रदेश में मॉनसून 15 जून तक दस्तक दे सकता है, लेकिन इससे पहले इन दिनों भीषण गर्मी पड़ रही है। हर दिन तापमान नया रिकॉर्ड बना रहा है। इस बीच मौसम विभाग के अनुसार, पश्चिम उत्तर प्रदेश में अगले 2-3 दिन काफी कठिन हो सकते हैं। यहां तेज गर्मी और लू चलने की पूरी संभावना है। तापमान और बढ़ सकता है, इसलिए लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। आईएमडी के मुताबिक, पूर्वी उप्र. में शुक्रवार से मौसम में बदलाव हो सकता है। पूर्वी यूपी के कई जिलों में हल्की से तेज बारिश के आसार हैं। इससे तापमान में गिरावट आएगी और गर्मी से राहत मिलेगी। वहीं, मौसम विभाग का यह भी कहना है कि फिलहाल मॉनसून बंगाल और महाराष्ट्र में है, लेकिन 15 जून तक उत्तर प्रदेश में भी दस्तक देगा, जिससे गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद है। जिन जिलों में लू की चेतावनी दी है, उनमें जालौन, हमीरपुर, महोबा, बांदा, चित्रकूट, कानपुर देहात, एटा, आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, हाथरस, औरैया, झांसी, मथुरा, ललितपुर और अलीगढ़ जिले शामिल हैं।

## कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 से

**अमृव विचार, लखनऊः** कैलाश मानसरोवर यात्रा 15 जून से शुरू होगी। पर्यटन मंत्री हरी झंडी दिखाकर जत्थे को रवाना करेंगे। उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम लिमिटेड द्वारा कैलाश मानसरोवर यात्रा भवन में ठहरने वाले तीर्थयात्रियों के लिए समुचित व्यवस्था की गई है। आगंतुकों को शुद्ध सात्विक भोजन परोसने की व्यवस्था भू-तल पर स्थित भोजनालय में होगी।

यात्रियों के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षित योग गुरुओं के सानिध्य में योग कराया जाएगा। भजन संध्या का आयोजन भी होगा। यूपीएसटीडीसी द्वारा यात्रा भवन परिसर में तीर्थयात्रियों के लिए आध्यात्मिक और सनातन साहित्य उपलब्ध करायी गई है।

# दिव्यांगों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल देने का बढ़ेगा दायरा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** योगी सरकार ने दिव्यांगजनों के सशक्तीकरण के लिए अपनी प्रतिबद्धता को और मजबूत करने की योजना बनाई है। भारत सरकार की सहायता प्राप्त दिव्यांगजन सशक्तीकरण (एडिप) योजना के तहत मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल और सहायक उपकरणों के वितरण को आने वाले समय में और व्यापक स्तर पर ले जाया जाएगा।

हाल ही में प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में 100 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल वितरित करने के बाद, सरकार अब इस पहल को विस्तार देने की तैयारी में है। मांग और पात्रता के आधार पर सभी पात्र दिव्यांगजनों को यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए व्यापक सर्वेक्षण और सत्यापन प्रक्रिया को तेज किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने कहा कि अर्जुन पोर्टल पर लाभार्थियों की सूची को और सटीक बनाने के लिए डिजिटल तकनीक का उपयोग बढ़ाया जाएगा, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित होगी और डुप्लीकेसी की संभावना खत्म होगी। इसके लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल के लिए 2 करोड़ रुपये और सहायक उपकरणों के लिए 37.40 करोड़ रुपये के बजट का उपयोग प्रभावी ढंग से करने की रणनीति तैयार की जा रही है।

# साइबर ठगों के अंतर्राष्ट्रीय गिरोह का खुलासा, 15 गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ के पीजीआई क्षेत्र से गिरोह चला रहा था ठगी का धंधा
- 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड बरामद

**अमृत विचार :** अंतर्राष्ट्रीय साइबर ठगी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। यह गिरोह श्रीलंका, सिंगापुर, दुबई से भारत में संचालित हो रहा था।

डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक, पुलिस को बुधवार शाम को सूचना मिली कि पीजीआई इलाके में शामिया मेल रोड स्थित एक अपार्टमेंट के पेंटा हाउस में कुछ संदिग्ध गतिविधियां चल रही है। जानकारी मिलने के बाद साइबर क्राइम थाने, साइबर क्राइम सेल और पीजीआई पुलिस की संयुक्त टीम बनाई गई। टीम ने पेंटा हाउस में दबिश दी।

मौके से 15 युवक पकड़े गये। उनके पास से 70 मोबाइल, 12 लैपटॉप, 115 एटीएम कार्ड, 25 चेकबुक, 53 पासबुक, 38 सिम कार्ड व फर्जी दस्तावेज मिले।

**ये आरोपी पकड़े गये :** डीसीपी क्राइम कमलेश दीक्षित के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में लखीमपुर के पलिया स्थित सैय्यदपुर का हरिप्रीत सिंह, बिहार के सिवान स्थित मैरवा का अभिषेक कुमार राजभर, आशीष कुमार, सिवान के हुसैनगंज का मन्नू कुमार, रितेश सिंह, इप्तेखार अली, शुभम सोनी, सोनू अली, छपरा स्थित सहाजिदपुर का रवि सिंह, करन कुमार, विकास कुमार, रितेश सिंह, संजीव कुमार और मध्यप्रदेश के भोपाल स्थित खजुरी नाका का मनीष कुमार और देवरिया के खामपार का संदीप कुमार शामिल है।

# कानपुर-मथुरा में बनेंगे एकीकृत सरकारी कार्यालय

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा करते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

- मुख्यमंत्री ने की मथुरा-वृंदावन और कानपुर की 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मथुरा और कानपुर में जिला व मंडल स्तरीय सभी सरकारी कार्यालयों को एक ही परिसर में स्थापित करने के निर्देश दिए है। कहा कि इन दोनों नगरों में इंटीग्रेटेड कॉम्प्लेक्स का निर्माण कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन परिसरों में अधिवक्ताओं के लिए उपयुक्त चैम्बर, पार्किंग की समुचित व्यवस्था, भोजनालय (फूड कोर्ट) और अन्य नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। इससे अनेक कार्यालयों के चक्कर लगाने की समस्या से भी मुक्ति मिलेगी।

मुख्यमंत्री गुरुवार को मथुरा-वृंदावन और कानपुर महानगर के लिए तैयार 'विजन 2030' योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारी तथा मथुरा और कानपुर प्रशासन के अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान दोनों नगरों से संबंधित प्रस्तुतिकरणों का विस्तृत अवलोकन किया गया।

मथुरा-वृंदावन के संदर्भ में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रत्येक वर्ष करोड़ों श्रद्धालुओं के आगमन से यातायात और सार्वजनिक सुविधाओं पर भारी दबाव पड़ता है, जिससे निपटने के लिए दीर्घकालीन नगर नियोजन की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र की सांस्कृतिक और धार्मिक गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए समेकित अधोसंरचना विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर भी सृजित किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि मथुरा और कानपुर नगरों का यह समग्र विकास 'विकसित भारत 2047' के संकल्प को साकार करने का सशक्त माध्यम बनेगा।

# भाजपा को सत्ता से बाहर करेगा लोकमोर्चा

## स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा- नौ दलों का गठबंधन मिलकर करेगा काम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



लखनऊ में आयोजित प्रेस कांफ्रेस के दौरान सहयोगी दलों के प्रमुखों के साथ अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी प्रसाद मौर्य।

**अमृत विचार :** अपनी जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा कि समान विचारधारा वाले नौ दलों का गठबंधन लोकमोर्चा 2027 में भाजपा को सत्ता से बाहर करने का कार्य करेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था फेल हो चुकी है। हर वर्ग के लोग त्रस्त हो रहे हैं, ऐसे में भाजपा का सत्ता से बाहर किया जाना जरूरी है। मौर्य गुरुवार को एक होटल में आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि नौ दलों के प्रमुखों ने उन्हें प्रदेश का भावी मुख्यमंत्री घोषित किया है, वह सभी दलों को साथ में लेकर कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि सभी दल स्वतंत्र तौर पर अपने आयोजन करेंगे, इस बीच लोकमोर्चा के नेतृत्व में संयुक्त कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। उन्होंने मोर्चा की सरकार बनने पर सामाजिक न्याय, आर्थिक न्याय व राजनीतिक न्याय सुनिश्चित करने के लिए हिस्सेदारी आधारित 'कॉमन मिनिमम प्रोग्राम' के तहत कार्य करेगा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मोर्चा में शामिल राष्ट्रीय समानता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मोती लाल शास्त्री, सम्यक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजामणि सुव्वैया राय, जनसेवा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनेश ठाकुर, पॉलिटिकल जस्टिस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश सिद्दार्थ, सर्वलोकहित समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सत्य नारायण मौर्य, स्वतंत्र जनता राज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम कोरी, सबका दल यू के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद लोधी व लोकतंत्र सुरक्षा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद राजकुमार सैनी मौजूद रहे।

## 38 एफआरयू में रेडियोलॉजिस्ट तैनात मिलेगी अल्ट्रासाउंड की सुविधा

**अमृत विचार, लखनऊ :** विभिन्न जिलों में निष्क्रिय एफआरयू (फर्स्ट रेफरल यूनिट) में अल्ट्रासाउंड एवं एलएसएए प्रशिक्षण प्राप्त 38 डॉक्टरों को तैनात किया गया है। जिसके बाद गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड के लिए भटकना नहीं पड़ेगा।

स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. रतन पाल सिंह सुमन ने गुरुवार को बताया कि पीएमएस में रेडियोलॉजिस्टों की कमी है, इसलिए एमबीबीएस डॉक्टरों को अल्ट्रासाउंड का प्रशिक्षण दिलाया जाता है। उक्त क्रम में संभल के असमोली सीएचसी पर तैनात डॉ.संदीप सिंह को जिला चिकित्सालय में तैनात किया गया है।

इन्होंने एलएसएएस का प्रशिक्षण लिया है। इसी प्रकार डॉ.अर्चना यादव को बरेली गवर्मेंट हेल्थ स्कूल से हटाकर संभल के जिला चिकित्सालय में स्थानान्तरित किया गया, इसके अलावा डॉ.उत्कर्ष त्रिपाठी को ललितपुर के सीएचसी मडावरा में तैनात किया गया है। कुल 38 डॉक्टरों को प्रशिक्षण के बाद दूसरे एफआरयू में तैनात किया गया है।

# दाखिला न लेने पर धरोहर राशि होगी जब्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में पीजी में दाखिले के लिए दिशा निर्देश जारी

**अमृत विचार :** प्रदेश में स्थित मेडिकल कॉलेजों एवं डेंटल कॉलेजों में स्नातकोत्तर पाठयक्रमों में दाखिले के लिए कवायद शुरू हो गयी है। इसके लिए एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को नीट पीजी 2025 परीक्षा देनी होगी। प्रथम काउंसिलिंग में आवंटित सीट पर दाखिला न लेने पर कोई नुकसान नहीं पड़ेगा, मगर दूसरी व तीसरी काउंसिलिंग में सीट आवंटन के बाद दाखिला न लेने की सूरत में अभ्यर्थी द्वारा जमा धरोहर राशि जब्त कर ली जाएगी। आरक्षण के नियमानुसार निर्धारित सीटों पर एमडी, एमएस, डिप्लोमा, डीएनबी और एमडीएस में दाखिले मिलेंगे।

चिकित्सा शिक्षा प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने दाखिलों को लेकर शासनादेश किया है। शासनादेश के अनुसार, 31 मार्च 2025 तक इंटर्नशिप पूरी करने वाले अभ्यर्थी ही नीट पीजी परीक्षा में शामिल हो सकेंगे, नीट पीजी परीक्षा में प्राप्तांकों की मेरिट सूची बनेंगी, जिसके आधार पर अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग के बुलाया जाएगा और रिक्त सीटों के सापेक्ष उन्हें सीट आवंटित की जाएगी। साथ ही एमडी, एमएस, डिप्लोमा व डीएनबी की काउंसिलिंग में प्रतिभाग वहीं अभ्यर्थी करेंगे जिनकी इंटर्नशिप 31 जुलाई 2025 को पूर्ण हो चुकी होगी।

उक्त काउंसिलिंग में केवल राजकीय कोटे की सीटें ही शामिल की जाएंगी, जबकि अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़, बनारस हिन्दू विश्वविद्यालय, एम्स रायबरेली एवं एम्स गोरखपुर से एमबीबीएस व बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को छोड़कर राज्य के अन्य सभी मेडिकल कॉलेजों, डेंटल कॉलेजों से एमबीबीएस, बीडीएस उत्तीर्ण अभ्यर्थी अर्ह होंगे।

शासनादेश के अनुसार, पीजी की कुल सीटों में 21 प्रतिशत सीटें अनुसूचित जाति के अभ्यर्थियों के लिए, दो प्रतिशत अनुसूचित जन जाति, 27 प्रतिशत पिछड़ा वर्ग और 10 प्रतिशत सीटें ईडब्लूएस श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए आरक्षित होंगी।

# जनता की संतुष्टि ही बनेगी जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सभी डीएम के कार्यों की हो रही नियमित मॉनिटरिंग, योजनाओं का हो रहा जमीनी मूल्यांकन

**अमृत विचार :** जनता की संतुष्टि ही अब यूपी के जिलाधिकारियों की कार्यशैली का प्रमाणपत्र होगी। मुख्यमंत्री कार्यालय से सभी जिलों के डीएम के प्रशासनिक कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग हो रही है। साथ ही केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के वास्तविक प्रभाव का जमीनी मूल्यांकन भी किया जा रहा है। ऐसे में सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में टॉप टेन में आने को लेकर सभी जिलों के डीएम के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ी है।

दरअसल, रैंकिंग के लिए कुल 10 नंबर निर्धारित है। कुल निर्धारित अंकों में से अधिकतम अंक पाने के आधार पर ही जिलों की रैंकिंग तय की जाती है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर यह डैशबोर्ड तैयार किया गया है। ताकि योजनाओं का लाभ समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से जनता तक पहुंचे और जमीनी स्तर पर प्रशासन की जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। हाल ही में राज्य सरकार ने अप्रैल 2025 के लिए सीएम डैशबोर्ड की नवीनतम रैंकिंग जारी की है। इसमें यूपी के टॉप 10 आईएएस अधिकारियों की सूची जारी की गई, जो जनसेवा में समर्पण के लिए टॉप पर रहे हैं। इसमें महराजगंज के जिलाधिकारी संतोष कुमार शर्मा टॉप पर रहे हैं। वहीं, इस सूची में आईएएस राजेश कुमार पांडेय, आईएएस दुर्गा शक्ति नागपाल समेत कई नाम शामिल हैं। बता दें कि यह रैंकिंग जनसुनवाई, कानून-व्यवस्था, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, राजस्व सुधार और समग्र विकास कार्यों के आधार पर तैयार की गई है।

### सीएम डैशबोर्ड रैंकिंग में जगह बनाने को बढ़ी प्रतिस्पर्धा

जिलाधिकारियों में प्रतिस्पर्धा का आलम समझना हो तो उदाहरण के तौर पर लखीमपुर जिले को लिया जा सकता है। बीते दिनों सीएम डैशबोर्ड में लखीमपुर के पिछड़ने के पीछे चार विभागों के अफसरों की लापरवाही सामने आई थी। स्वास्थ्य, समाज कल्याण, बेसिक शिक्षा विभाग और राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन में लापरवाही की वजह से जनपद की रैंक गिर गई थी। राजस्व वसूली में भी जिला काफी पिछड़ गया था। डीएम को संबंधित अफसरों को चेतावनी जारी करनी पड़ी थी। हालांकि ताजा रैंकिंग में कानून व्यवस्था और महिला सुरक्षा के मोर्चे पर लखीमपुर का कार्य सराहनीय रहा और इस बार रैंकिंग में तीसरा स्थान हासिल कर ही लिया। वहीं, बरेली डीएम अविनाश सिंह ने भी शहरी योजनाओं और इंफ्रास्ट्रक्चर विकास में अग्रणी रहते हुए टॉप टेन में जगह बनायी। इसी तरह श्रावस्ती, कुशीनगर, ललितपुर, हरदोई और मुजफ्फरनगर जैसे कुछ अन्य जिले भी इस बार अलग-अलग मोर्चों पर सफल होकर जनता को संतुष्ट करने में कामयाब रहे।


## वर्ग पहेली- 460

**बाएं से दाएं**

4. दुकानों पर चाय की प्रचलित मात्रा में कटौती करके दी जाने वाली चाय, आधा कप चाय।
5. वह व्यक्ति या संस्था जो वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबंध करती है, बिक्री प्रबंधक, (डिस्ट्रीब्यूटर)।, वितरण करने वाला, बांटने वाला।
6. (पुराण) पिता या पितृतुल्य व्यक्ति- पिता
7. एक प्रकार का बाजा, झांझ।, 1. झालने (अर्थात धातु की चीजों को टाँका लगाकर जोड़ने) की क्रिया या भाव 2. गंध, स्वाद आदि की तीव्रता, स्वाद का चरपरापन या तीक्ष्णता।

**ऊपर से नीचे**

1. 1. सृष्टि, संसार जगत, 2. भीड़-भाड़, जनसमूह 3. उत्पन्न या सृजन करना 4. प्राकृतिक संघटन।
2. नियमित न होने का भाव, नियम का उल्लंघन।
3. 1. विचित्र क्रिया या व्यापार, अलौकिक घटना 2. कथावस्तु में घटनाओं का क्रम; किसी नाटक की पूरी कथावस्तु।, संविधान बनाने वाला।
5. वन, जंगल, बियावान, कानन अरण्य।
6. पहाड़ी ब्राह्मण समाज में एक कुलनाम या सरनेम।




### वर्ग पहेली -459 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 प | ल | ■ | 2 उ | ट | 3 ज |
| शु | ■ | ■ | ता | ■ | ग |
| दे | ■ | 4 यु | व | ती | ■ |
| 5 व | शी | ■ | ला | ■ | 6 का |
| वा | ■ | 7 उ | प | ता | प |
| 8 द | ह | क | न | ■ | टि |
| ■ | ■ | ठा | ■ | 9 रें | क |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 13 जून, शुक्रवार 2025 संवत-2082, शक संवत 1947 मास-आषाढ़, पक्ष-कृष्ण पक्ष, द्वितीया-15.18 तक तत्पश्चात तृतीया।

### आज का पंचांग




**दिशाशूल**- पश्चिम। **ऋतु**- ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मिथुन, कर्क, तुला, धनु, कुम्भ, मीन।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-पूर्वाषाढा 11.21 तक तत्पश्चात उत्तराषाढा।

**मेष** — आज धार्मिक क्रियाकलापों में आपका मन लगेगा। पुराने अनुभवों का लाभ मिलेगा। समाज में आपकी मजबूत छवि निर्मित होगी। उधार दिया हुआ धन आपको वापस प्राप्त होगा। बच्चों को लेकर कुछ चिंता अवश्य रहेगी। जीवनसाथी का भाग्य आपका काफी सहयोग करेगा।

**वृष** — आज भ्रामक तथ्यों में पड़कर आप गलत दिशा में जा सकते हैं। इसीलिए आज कोई नया काम न करें। आपको कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट को लेकर काफी परेशान होना पड़ सकता है। हृदय रोगियों को समस्या हो सकती है। अध्यात्मिक चिन्तन के लिए दिन काफी उपयुक्त है।

**मिथुन** — आज कार्यक्षेत्र में आपका प्रदर्शन शानदार रहेगा। व्यापार में अपनी शैली में परिवर्तन लायेंगे। लंबी दूरी की यात्रा के लिए जा सकते हैं। किसी नजदीकी व्यक्ति की बात आपको आहत कर सकती है। सोशल मीडिया में आप गम्भीर मुद्दों पर आपनी राय रख सकते हैं।

**कर्क** — आज अविवाहित लोग विवाह को लेकर थोड़े चिन्तित हो सकते हैं। हर बात को गहराई से लेना उत्तम होगा। आज काम की काफी अधिकता रहने वाली है। अपनी योजनाओं को सफलता पूर्वक क्रियान्वित कर पायेंगे। आज किसी को भी धन उधार न दें वरना वापस मिलने में समस्या होगी।

**सिंह** — आज सामाजिक कार्यों में आप बढ़-चढ़कर भाग लेंगे। प्रेम संबंधों को लेकर आप भावुक होंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में थोड़ी समस्या होगी। बच्चों को लेकर आज अत्यन्त प्रसन्न रहेंगे। व्यापार में आ रही बाधा दूर होगी। ऑफिस के वातावरण में सुकून रहेगा।

**कन्या** — आज क्रोध के कारण आपके नजदीकी संबंध खराब हो सकते हैं। स्वास्थ्य थोड़ा ऊपर नीचे होता रहेगा। पुराने रोग दोबारा उभरने की आशंका है। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो आपके स्वाभिमान को चोट करता हो। रियल एस्टेट से जुड़े लोगों के लिए दिन शुभ नहीं है।

**तुला** — आज कार्यक्षेत्र में राजनीति का वातावरण रहेगा। लेकिन आप काफी समझदारी से इसका सामना करेंगे। प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता मिल सकती है। प्रेम संबंधों को परिवार की स्वीकृति मिलने की संभावना है। करियर में आगे बढ़ने के नये विकल्प आपके सामने आयेंगे।

**वृश्चिक** — आज आप धन को लेकर थोड़ा परेशान हो सकते हैं। बैंक से जुड़े काम में धीमापन रहेगा। प्रेम संबंधों में निकटता का अनुभव करेंगे। महिलाओं को गले में खराश की समस्या हो सकती है। आज आपका मन थोड़ा उदास रहेगा। बिना मांगे किसी को सलाह न दें।

**धनु** — आज कई दिनों से रुका हुआ कार्य प्रारम्भ हो सकता है। व्यापार में आ रही समस्याओं को दूर करने में सफल रहेंगे। ऑनलाइन माध्यमों का काफी अच्छी तरह से उपयोग कर पायेंगे। नौकरीपेशा लोगों को उच्च अधिकारियों की सलाह से लाभ होगा।

**मकर** — आज अति आत्मविश्वास के कारण आप बड़ी गलतियां कर सकते हैं। घरेलू कलह के कारण अशान्ति रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मधुर रहेंगे। जॉब में आपको अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ेगा। पेट में रोग उत्पन्न हो सकते हैं।

**कुंभ** — आज जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता हो सकती है। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। व्यापारी अपने कार्यक्षेत्र में कुछ परिवर्तन करवा सकते हैं। मैन्यूफैक्चरिंग से जुड़े कारोबारियों को अचानक बड़े ऑर्डर मिलने की संभावना है।

**मीन** — आज कार्यक्षेत्र में गुप्त शत्रुओं की पहचान होगी। लोग आपके विचारों को काफी अहमियत देंगे। नई संपत्ति खरीद सकते हैं। जॉब में काम का दबाव बढ़ सकता है। आपके व्यक्तित्व में कुछ परिवर्तन देखने को मिलेगा। अपने सभी कार्यों को बेहतर तरीके से अन्जाम देंगे।

## सुडोकू -7

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 7 | | | 6 | | | 3 |
| 6 | | | | 3 | | 4 | 1 | |
| 1 | | | 2 | | 8 | | 9 | |
| 5 | | 9 | | | | 8 | | 2 |
| | 7 | | 4 | | 3 | | | 6 |
| | 8 | 6 | | 7 | | | | 1 |
| 4 | | | 8 | | | 5 | | |
| | 9 | | 1 | | | | 2 | |

### सुडोकू - 6 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | 9 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 | 2 | 4 |
| 6 | 1 | 2 | 7 | 9 | 4 | 8 | 5 | 3 |
| 2 | 7 | 9 | 4 | 6 | 1 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 5 | 6 | 3 | 7 | 9 | 4 | 1 | 2 |
| 1 | 4 | 3 | 2 | 8 | 5 | 6 | 9 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 4 | 8 | 7 | 6 | 5 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 6 | 2 | 4 | 1 |
| 5 | 6 | 4 | 1 | 2 | 7 | 3 | 8 | 9 |

| बाजार | सेंसेक्स | निफ्टी |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 81691.98 | 24888,20 |
| गिरावट | 823.16 | 253.20 |
| प्रतिशत में | 1.00 | 1.01 |



अमृत विचार
www.amritvichar.com
मुरादाबाद, शुक्रवार, 13 जून 2025

## एक नजर

### ओला के कृत्रिम ने अपना एआई असिस्टेंट कृति पेश किया

**नई दिल्ली।** ओला समूह की एआई इकाई कृत्रिम ने गुरुवार को अपना खुद का एआई असिस्टेंट कृति पेश किया। इसे कैब बुकिंग, खानपान का सामान ऑर्डर करने, बिल भुगतान, तस्वीरें बनाने और गहन शोध जैसे कार्यों को पूरा करने के लिए विकसित किया गया है। कंपनी का दावा है कि 'कृति' भारत का पहला एआई असिस्टेंट है जो चैटबॉट की निष्क्रिय प्रतिक्रियाओं से आगे बढ़कर निर्देशित कार्य को अपने स्तर पर पूरा करने और उन्नत तार्किक क्षमताओं की पेशकश करता है।

### बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने ब्याज दर में 0.5 % की कटौती की

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ऑफ महाराष्ट्र (बीओएम) ने रेपो आधारित कर्ज पर ब्याज दर में 0.50 प्रतिशत की कटौती की है। इस कटौती से रेपो दर से जुड़े घर, कार, शिक्षा और अन्य खुदरा कर्ज सस्ते होंगे।

# प. एशिया में तनाव, सेंसेक्स 823 अंक टूटा

## निफ्टी 25,000 अंक से नीचे फिसला, वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख से बाजार को नुकसान

**मुंबई, एजेंसी**



स्थानीय शेयर बाजार में गुरुवार को गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 823 अंक लुढ़क गया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 25,000 अंक से नीचे आ गया। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच वैश्विक स्तर पर कमजोर रुख के बीच बाजार नुकसान में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 823.16 अंक यानी एक प्रतिशत की गिरावट के साथ 81,691.98 अंक पर बंद हुआ।

कारोबार के दौरान एक समय यह 991.98 अंक तक का गोता लगा गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 253.20 अंक यानी 1.01 प्रतिशत टूटकर 24,888.20 अंक पर बंद हुआ। इसके साथ, पिछले छह कारोबारी सत्रों से निफ्टी में जारी तेजी थम गयी। विदेशी संस्थागत निवेशकों की पूंजी निकासी ने भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित किया। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में टाटा मोटर्स, टाइटन, इटर्नल (पूर्व में जोमैटो), पावर ग्रिड, टाटा स्टील, लार्सन एंड टुब्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और हिंदुस्तान यूनिलीवर प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। दूसरी तरफ लाभ में रहने वाले शेयरों में बजाज फिनसर्व, एशियन पेंट्स और टेक महिंद्रा शामिल हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट लि. के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में गिरावट का रुख चौतरफा होता जा रहा है। मूल्यांकन संबंधी चिंताएं और पश्चिम एशिया में तनाव के कारण कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से निवेशक जोखिम लेने से बच रहे हैं। उन्होंने कहा, अमेरिका, कई प्रमुख व्यापार साझेदारों पर एकतरफा शुल्क वृद्धि पर विचार कर रहा है। इससे भी अनिश्चितता बढ़ने की आशंका है।

### निवेशकों को 5.98 लाख करोड़ का नुकसान

**नई दिल्ली।** शेयर बाजारों में कमजोरी के रुख के चलते गुरुवार को निवेशकों की संपत्ति 5.98 लाख करोड़ रुपये घट गई। बीएसई सेंसेक्स में एक प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट से बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 5,98,759.27 करोड़ रुपये घटकर 4,49,58,383.92 करोड़ रुपये (5,260 अरब डॉलर) रह गया। बीएसई पर 2,729 शेयरों में गिरावट आई, जबकि 1,282 शेयरों में तेजी आई और 140 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ।

# भारत, यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के लिए गैर-टैरिफ बाधाओं को दूर करना महत्वपूर्ण: गोयल

**स्टॉकहोम (स्वीडन), एजेंसी**



● उद्योग मंत्री ने कहा- एफटीए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) के लिए गैर-शुल्क बाधाओं का समाधान ढूंढना महत्वपूर्ण है और दोनों पक्ष इन मुद्दों के समाधान के लिए सक्रियता से काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों पक्ष प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते के लिए वार्ता को अंतिम रूप देने के काफी करीब हैं।

गोयल ने यहां पत्रकारों से कहा, महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। आधे से अधिक खंड तैयार हैं। विषय-वस्तु के संदर्भ में, मैं कहूंगा कि हम बाजार पहुंच के लिए करीब 90 प्रतिशत तैयार हैं। जिन महत्वपूर्ण मुद्दों पर ध्यान दिया जाना है, वे हैं.. गैर-शुल्क बाधाएं और यूरोपीय संघ तथा भारत के बीच व्यापार को कैसे सहज, आसान व बेहतर बनाया जाए। उन्होंने कहा कि भारत और यूरोपीय संघ दोनों पक्षों की कंपनियों के लिए कारोबार को सुचारू बनाने के समाधान ढूंढने के लिए सक्रिय रूप से चर्चा कर रहे हैं। मंत्री ने कहा, देश जब तक यह नहीं समझते कि व्यापार में अत्यधिक विनियमन एवं बाधाओं का जवाब, जवाबी कार्रवाई से दिया जाएगा तब तक सभी को नुकसान होगा। हम विनियमन को समाप्त करने, विनियमन की उच्च लागत, इन विनियमों के कारण उत्पन्न होने वाली गैर-शुल्क बाधाओं और मुक्त व्यापार में आने वाली बाधाओं का समाधान खोजने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### विश्वसनीय साझेदारों के साथ लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार

**स्टॉकहोम (स्वीडन)।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत, अपने विश्वसनीय व्यापारिक साझेदारों के साथ गुणवत्ता मानकों से संबंधित नियमों के क्रियान्वयन पर पारस्परिक रूप से लाभकारी व्यवस्था के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि भारत देश में गुणवत्तापूर्ण वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए क्यूसीओ (गुणवत्ता नियंत्रण आदेश) को क्रियान्वित कर रहा है। गोयल ने कहा कि घरेलू व आयातित वस्तुओं के लिए नियम, मानक तथा प्रक्रिया समान हैं और भारत घरेलू विनिर्माताओं एवं विदेशी आपूर्तिकर्ताओं के बीच कोई भेदभाव नहीं करता है।

# भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में ला सकता है बड़ा बदलाव

**सैन फ्रांसिस्को (अमेरिका), एजेंसी**



● डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने दी जानकारी

डेटाब्रिक्स के सीईओ व सह-संस्थापक अली घोडसी ने कहा कि भारत का डिजिटल बुनियादी ढांचा विकास में एक बड़ा बदलाव ला सकता है, जिसने देश को अधिकतर अन्य देशों से आगे रखा है।

डेटाब्रिक्स डेटा + एआई समिट 2025' पर बुधवार को आयोजित संवाददाता सम्मेलन ने घोडसी ने कहा कि भारत ऐसे समय में उन्नति कर रहा है जब कई अन्य क्षेत्रों एवं देशों में मंदी एक चिंता का विषय है। घोडसी ने भारत के बारे में द्वारा पूछे गए एक सवाल पर कहा, पिछले दशक में भारत ने व्यापक डिजिटल बुनियादी ढांचा खड़ा किया है जो एक बड़ा बदलाव ला सकता है। हमारे यहां या दूसरे देशों में भी ऐसा नहीं है। भारत अब दुनिया के अधिकतर दूसरे देशों की तुलना में डिजिटल बुनियादी ढांचे के मामले में आगे है।

# छह साल के निचले स्तर पर पहुंची खुदरा महंगाई

**नई दिल्ली, एजेंसी**



● खाद्य कीमतों में नरमी से मई में 2.82 प्रतिशत पर आई

सब्जियों एवं फलों की कीमतों में नरमी आने से मई महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर छह साल के निचले स्तर 2.82 प्रतिशत पर आ गई। बृहस्पतिवार को जारी आधिकारिक आंकड़ों में यह जानकारी दी गई। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति अप्रैल में 3.16 प्रतिशत और मई, 2024 में 4.8 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में खाद्य मुद्रास्फीति 0.99 प्रतिशत रही, जो एक साल पहले के समान महीने के 8.69 प्रतिशत के मुकाबले काफी कम है। मई, 2025 की खाद्य मुद्रास्फीति का यह आंकड़ा अक्टूबर, 2021 के बाद सबसे कम है। एनएसओ ने कहा, मई, 2025 में मुख्य मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से दालों एवं इसके उत्पादों, सब्जियों, फलों, अनाज एवं इसके उत्पादों, घरेलू सामान और सेवाओं, चीनी एवं कन्फेक्शनरी और अंडे की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव के कारण है।

### भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह में 200 से अधिक कार विनिर्माता लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारत ऊर्जा भंडारण सप्ताह (आईईएसडब्ल्यू) में 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माता और अंतरराष्ट्रीय इलेक्ट्रिक वाहन कंपनियों के हिस्सा लेने की उम्मीद है। उद्योग निकाय इंडिया एनर्जी स्टोरेज अलायंस (आईईएसए) आठ जुलाई से 10 जुलाई तक नई दिल्ली के यशोभूमि कन्वेंशन एंड एक्सपो सेंटर में आईईएसडब्ल्यू के 11वें संस्करण की मेजबानी करेगा। 200 से अधिक घरेलू यात्री कार विनिर्माताओं और अंतरराष्ट्रीय ईवी विनिर्माताओं के आने का अनुमान है। जिससे भारत के वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनने के दृष्टिकोण को बल मिलेगा।

### कोल इंडिया के कर्मियों के लिए ड्रेस कोड जुलाई से होगा लागू

**नई दिल्ली।** कोल इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित कर दिया है जिसे जुलाई से लागू किया जाएगा। निदेशक मंडल ने हाल ही में हुई बैठक में अपने कर्मचारियों के लिए एक समान ड्रेस कोड लागू करने का निर्णय लिया।

जुलाई से पुरुष कर्मचारी गहरे नीले रंग की पैंट और आसमानी रंग की शर्ट पहनेंगे। वहीं महिला कर्मचारियों को हल्के आसमानी रंग का कुर्ता तथा गहरे नीले रंग की सलवार व दुपट्टा या गहरे नीले रंग के बॉर्डर वाली हल्के आसमानी रंग की साड़ी व गहरे नीले रंग का ब्लाउज पहनना होगा।

### ग्लोबल जेंडर गैप इंडेक्स 2025 में भारत 131वें स्थान पर पहुंचा

**नई दिल्ली।** डब्ल्यूईएफ की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025 में भारत पिछले साल की तुलना में दो स्थान फिसलकर 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर पहुंच गया है। गुरुवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, मात्र 64.1 प्रतिशत के स्कोर के साथ भारत दक्षिण एशिया में सबसे निचली रैंक वाले देशों में से एक है। पिछले साल भारत 129वें स्थान पर था। वैश्विक लैंगिक अंतराल सूचकांक में लैंगिक समानता को चार प्रमुख आयामों-आर्थिक भागीदारी व अवसर, शैक्षिक उपलब्धि, स्वास्थ्य व जीवन रक्षा, तथा राजनीतिक सशक्तीकरण के आधार पर आंका जाता है। भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र प्रदर्शन में +0.3 अंकों का सुधार हुआ। भारत में जिन आयामों में समानता बढ़ी है, उनमें से एक आर्थिक भागीदारी और अवसर है, जहां इसका स्कोर +.9 प्रतिशत अंक बढ़कर 40.7%हो गया है। जबकि अधिकांश संकेतक मूल्य समान रहे हैं, अनुमानित अर्जित आय में समानता 28.6 से बढ़कर 29.9 प्रतिशत हो गई।

## राष्ट्रीय

# महिलाओं को 33% आरक्षण देने को प्रतिबद्ध

## केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में महत्वपूर्ण बताया

**नागपुर, एजेंसी**



नागपुर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी।

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार लोकसभा तथा विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए प्रतिबद्ध है। मोदी सरकार के 11 वर्षों के कार्यकाल को देश के इतिहास में बहुत महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे पहले के 60 वर्षों में विभिन्न क्षेत्रों में जो नहीं हो सका, उसे वर्तमान सरकार ने हासिल किया है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर नागपुर में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इस वर्ष के अंत तक देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत घटकर नौ प्रतिशत पर आ जाएगी, जिससे निर्यात को बढ़ावा मिलेगा तथा कारोबार और उद्योगों के विकास में मदद मिलेगी। महिला आरक्षण के मुद्दे पर पूछे गए एक सवाल के जवाब में गडकरी ने कहा, महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देना हमारी प्रतिबद्धता है और हमने इस संबंध में निर्णय भी लिया है। सितंबर 2023 में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने महिला आरक्षण विधेयक - नारी शक्ति वंदन अधिनियम - को अपनी मंजूरी दी थी, जिसका उद्देश्य लोकसभा और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करना है। ऐसी खबरें हैं कि मोदी सरकार 2029 के लोकसभा चुनावों से पहले महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण लागू कर सकती है। उन्होंने देश में सड़क अवसंरचना विकास पर आईआईएम बैंगलोर, आईआईटी कानपुर और आईआईटी चेन्नई द्वारा किए गए एक अध्ययन का हवाला दिया, जिसमें कहा गया है कि देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत जो पहले 16 प्रतिशत थी, वह घटकर 10 प्रतिशत हो गई है। उन्होंने इसे एक बेहतर उपलब्धि बताया और कहा कि इससे देश के जीडीपी की वृद्धि में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, हमारे देश की 'लॉजिस्टिक्स' लागत 16 प्रतिशत थी, जबकि चीन की आठ प्रतिशत और अमेरिका तथा यूरोपीय देशों की 12 प्रतिशत थी।


### ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत ने दो लाख साइबर हमलों को विफल किया: मनोहर लाल

**श्रीनगर।** केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान एक सप्ताह में भारत की बुनियादी ऊर्जा अवसंरचना को निशाना बनाकर किए गए लगभग दो लाख साइबर हमलों को देश ने विफल कर दिया। मनोहर लाल ने यहां पत्रकारों से कहा, प्रौद्योगिकी में प्रगति के बाद से यहां- साइबर हमले या साइबर अपराध- जैसे नए खतरे सामने आए हैं। इनमें वृद्धि हुई है, लेकिन सरकार ने इसपर काम किया है और हमारी साइबर सुरक्षा ने ऐसे सभी खतरों को लगभग रोक दिया है। वह भाजपा-नीत केंद्र सरकार के 11 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

# सोनम के मायके के बाहर सन्नाटा, पड़ोसी भी चाहते हैं दोषियों को मिले सजा-ए- मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश), एजेंसी**

राजा रघुवंशी हत्याकांड



इंदौर के गोविंद नगर खारचा इलाके की एक संकरी गली में सोनम रघुवंशी के मायके के उस घर के बाहर इन दिनों सन्नाटा पसरा है जो महीना भर पहले रिश्तेदारों की आवाजाही के बीच शादी की रौनक से गुलजार था। सोनम (25) को मेघालय में हनीमून के दौरान अपने पति राजा रघुवंशी (29) की साजिशन हत्या में शामिल होने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

सोनम पर आरोप है कि उसने अपने कथित प्रेमी राज कुशवाहा (20) के साथ मिलकर भाड़े के तीन हत्यारों के जरिये अपने पति की हत्या कराई ताकि उसे रास्ते से हटाया जा सके। राजा रघुवंशी हत्याकांड के पांचों आरोपी फिलहाल मेघालय पुलिस की हिरासत में हैं जिनसे पूछताछ के जरिये इस वारदात की कड़ियां जोड़ी जा रही हैं। चश्मदीदों ने बताया कि देश भर में चर्चा का केंद्र बने इस मामले में सोनम की गिरफ्तारी के बाद उसके मायके के घर का दरवाजा अधिकांश समय बंद रहता है। राजा रघुवंशी हत्याकांड में मेघालय पुलिस के खुलासे के बाद सोनम के मायके के आस-पास रहने वाले लोगों को शुरुआत में हैरानी हुई। हालांकि, जैसे-जैसे इस मामले की परतें खुलती जा रही हैं, इस वारदात को लेकर उनका आक्रोश बढ़ता जा रहा है। सोनम के परिवार को पिछले कई बरस से जानने वाले विनोद श्रीवास्तव ने कहा,राजा रघुवंशी के साथ बहुत बड़ा अन्याय हुआ है। रघुवंशी हत्याकांड की जो कहानी सामने आई है, उससे हमारे इलाके का नाम खराब हुआ है।

मैं चाहता हूं कि इस मामले के सभी दोषियों को सजा-ए-मौत दी जाए ताकि आइंदा कोई ऐसे जुर्म को अंजाम देने की जुर्रत न कर सके। श्रीवास्तव ने बताया, मैं सोनम को बचपन से देखता आ रहा हूं। मुझे वह एक आम व्यक्ति की तरह ही लगी, पर यह कोई कैसे जान सकता है कि किसी महिला के मन में क्या चल रहा है?

### अभिनेता ने ली सेल्फी



बेंगलुरु में बॉलीवुड अभिनेता विद्युत जामवाल ने अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर जागरूक करने और संयुक्त राष्ट्र नशा विरोधी दिवस पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्रों के साथ सेल्फी ली। एजेंसी

## एक नजर

### छत्तीसगढ़ में तीन नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

नारायणपुर। छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले में पिछले तीन दिन में दो महिला नक्सली समेत तीन इनामी नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार को पूर्व बस्तर डिवीजन में कंपनी नंबर छह में सक्रिय नक्सली भीमा उर्फ ढोलू उर्फ दिनेश पोड़ियाम (40) ने सुरक्षाबलों के सामने आत्मसमर्पण कर दिया। उन्होंने बताया कि उस पर 10 लाख रुपये का इनाम घोषित है।

### ईपीएफओ ने तीन दिन में 50 प्रतिशत दावों को निपटाया

**नई दिल्ली।** सेवानिवृत्ति कोष निकाय ईपीएफओ ने चालू वित्त वर्ष में अब तक दावा करने के तीन दिन के ही भीतर लगभग 50 प्रतिशत दावों का निपटारा किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। इस अधिकारी ने पांच जून तक के आंकड़ों का जिक्र करते हुए कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने एक अप्रैल, 2025 से पांच जून, 2025 के बीच तीन दिन के भीतर कुल 68.96 लाख दावों का निपटारा किया है।

### पुलिस पर टिप्पणी के मामले में कोर्ट ने तेलंगाना के मुख्यमंत्री को किया बरी

**हैदराबाद।** तेलंगाना की एक अदालत ने पुलिस पर टिप्पणी करने के मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी को बृहस्पतिवार को बरी कर दिया । पुलिस के खिलाफ कथित तौर पर टिप्पणी करने के लिए 2023 में उनके खिलाफ यह मामला दर्ज किया गया था ।

सांसद -विधायक अदालत ने अपने फैसले में कहा कि आरोपी को भारतीय दंड संहिता के तहत दर्ज मामले में दोषी नहीं पाया गया। फैसले में कहा गया, इसलिए आरोपी को बरी किया जाता है। अपने खिलाफ मामले में रेड्डी इस साल दो बार अदालत के सामने पेश हुए थे।

### आरएसएस नेता की हत्या मामला : एनआईए ने एक और आरोपी के खिलाफ आरोपपत्र किया दाखिल

**नई दिल्ली।** एनआईए ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों द्वारा केरल में आरएसएस नेता श्रीनिवासन की हत्या से संबंधित मामले में एक और आरोपी के खिलाफ गुरुवार को आरोपपत्र दाखिल किया।

अधिकारियों ने बताया कि केरल के एर्णाकुलम स्थित विशेष एनआईए अदालत के समक्ष दायर पूरक आरोपपत्र में रफीक एम एस पर तत्कालीन भारतीय दंड संहिता और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की विभिन्न धाराओं के तहत आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने बताया कि इस मामले में 64वें आरोपी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया गया। एनआईए ने कहा गया है कि हत्या की साजिश 2047 तक भारत में इस्लामी शासन स्थापित करने के पीएफआई के एजेंडे का हिस्सा थी। अब तक इस मामले में 71 आरोपियों की पहचान कर ली है।

# बेंगलुरु भगदड़: हाईकोर्ट ने आरसीबी के विपणन प्रमुख और तीन अन्य को रिहा करने के दिए निर्देश

**बेंगलुरु, एजेंसी**



कर्नाटक उच्च न्यायालय ने चार जून को बेंगलुरु में मची भगदड़ के सिलसिले में गिरफ्तार रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) विपणन प्रमुख निखिल सोसले और तीन अन्य लोगों को बृहस्पतिवार को रिहा करने का आदेश दिया। इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी।

उच्च न्यायालय से राहत पाने वाले अन्य लोगों में सुनील मैथ्यू, किरण कुमार एस और कार्यक्रम आयोजक कंपनी 'डीएनए एंटरटेनमेंट नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड' के शमंत एनपी माविनाकेरे शामिल हैं। उन्हें छह जून को गिरफ्तार किया गया था। न्यायालय ने गिरफ्तार किये गये लोगों से अपना पासपोर्ट जमा करने को कहा है। आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की पहली खिताबी जीत का जश्न मनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के दौरान चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर मची भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गयी थी। न्यायमूर्ति एसआर कृष्ण कुमार ने 11 जून को दलीलें सुनने के बाद सोसले की याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। सोसले और अन्य याचिकाकर्ता फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) ने नौ जून को सोसले और गिरफ्तार अन्य तीन लोगों को स्थानीय मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष पेश किया और नौ दिन की हिरासत मांगी थी लेकिन अदालत ने उच्च न्यायालय के फैसले का इंतजार करते हुए मामले की सुनवाई को टाल दिया था।

### एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले एनसीसी सदस्यों को राजनाथ ने किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने एवरेस्ट पर्वत शिखर पर चढ़ाई करने और वहां सफलतापूर्वक तिरंगा फहराने वाले एनसीसी के अभियान दल के सदस्यों को गुरुवार को सम्मानित किया। दस एनसीसी कैडेट (पांच पुरुष और पांच महिला), चार अधिकारी, जूनियर कमीशन प्राप्त दो अधिकारी, एक महिला कैडेट प्रशिक्षक और 10 गैर-कमीशन अधिकारियों ने 18 मई को दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर चढ़ने की उपलब्धि हासिल की। रक्षामंत्री ने कर्नल अमित बिष्ट के नेतृत्व वाली टीम के अदम्य साहस, धैर्य और देशभक्ति का सम्मानित किया।

# मीठी नदी सफाई घोटाला: डिनो मोरिया ईडी के समक्ष हुए पेश

**मुंबई, एजेंसी**

● 65 करोड़ के घोटाले के मामले में की गई पूछताछ

बॉलीवुड अभिनेता डिनो मोरिया मीठी नदी की सफाई से जुड़े 65 करोड़ रुपये के घोटाले की धन शोधन जांच के सिलसिले में ईडी के समक्ष बृहस्पतिवार को पेश हुए।

एक अधिकारी ने बताया कि ईडी ने पूछताछ के लिए मोरिया को तलब किया था और वह पूर्वाह्न करीब साढ़े 10 बजे दक्षिण मुंबई के बैलार्ड एस्टेट स्थित संघीय एजेंसी के कार्यालय पहुंचे। आधिकारिक सूत्रों ने पूर्व में बताया था कि ईडी ने छह जून को मुंबई और केरल के कोच्चि में 15 से अधिक जगहों पर छापेमारी की थी। इन परिसरों में बांद्रा (पश्चिम) इलाके में डिनो मोरिया का घर, उनके भाई सैंटिनो से जुड़े परिसर, बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) के कुछ अधिकारी और ठेकेदारों के परिसर शामिल थे। सूत्रों के मुताबिक, बीएमसी को गाद निकालने के उपकरण मुहैया कराने वाली कंपनियों में शामिल 'मैटप्रॉप टेक्निकल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड' कोच्चि में स्थित है इसलिए वहां छापेमारी की गई।

### बिहार में ग्राम प्रधान मनरेगा के तहत 10 लाख तक योजनाओं को दे सकेंगे मंजूरी

**पटना।** बिहार सरकार ने गुरुवार को घोषणा की है कि मुखिया (ग्राम प्रधान) अब महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत 10 लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकेंगे और इसके लिए उन्हें किसी प्रशासनिक स्वीकृति की आवश्यकता नहीं होगी। अब तक मुखिया मनरेगा योजना के तहत पांच लाख रुपये तक की योजनाओं को मंजूरी दे सकते थे। मुख्यमंत्री नीतीश के नेतृत्व वाली राजग सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं के पदाधिकारियों के भत्ते और अन्य लाभों में भी पर्याप्त वृद्धि की घोषणा की।

# भारत की सीनियर और ए टीम आज से टकराएंगी

## इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज से पहले भारत की अंतिम तैयारी, मौजूदा फॉर्म व गेंदबाजी संयोजन पर रहेगी नजर



रविंद्र जडेजा

बेकेनहैम (केंट), एजेंसी

इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैच की सीरीज से पहले भारत की सीनियर टीम और भारत ए के बीच शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले चार दिवसीय अभ्यास क्रिकेट मैच में टीम प्रबंधन सही संयोजन तैयार करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। इस मैच में कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा के प्रदर्शन पर निगाह रहेगी और भारतीय टेस्ट टीम की अंतिम एकादश में जगह बनाने के लिए इन दोनों के बीच दिलचस्प मुकाबला होने की संभावना है।

यह मैच 20 जून से हेडिंग्ले में इंग्लैंड के खिलाफ होने वाले पहले टेस्ट मैच से पहले सीनियर टीम का एकमात्र अभ्यास मैच होगा। किसी भी सीरीज से पहले इस तरह के मैच टीम की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण होते हैं। मुख्य कोच गौतम गंभीर के नेतृत्व में भारतीय टीम ने यह मैच खाली स्टेडियम में खेलने का विकल्प चुना है ताकि विपक्षी टीम को उनकी रणनीति की भनक नहीं लग सके। यूरोपीय फुटबॉल क्लब लंबे समय से ऐसा करते रहे हैं। भारतीय क्रिकेट टीम ने ऑस्ट्रेलिया के पिछले दौरे में भी ऐसा किया था।

भारत के गेंदबाजी कोच मोर्ने मोर्कल ने बुधवार को कहा था कि यह मैच भारत की तैयारी की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है क्योंकि सामान्य अभ्यास सत्रों से एक दिन में 90 ओवर गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण करने की क्षमता विकसित करना मुश्किल होता है। इस चार दिवसीय मैच को आधिकारिक तौर पर प्रथम श्रेणी का दर्जा प्राप्त नहीं है। इसमें यदि कोई बल्लेबाज सस्ते में आउट हो जाता है तो उसे दूसरा मौका मिलता है।इस मैच से भारतीय टीम प्रबंधन को मैच की परिस्थितियों में अपने खिलाड़ियों विशेष कर गेंदबाजों का आकलन करने का अच्छा मौका मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी कि गेंदबाज़ चाहे वह स्पिनर हो या तेज गेंदबाज वास्तविक मैच में अपेक्षित लय में हों।

हेडिंग्ले के लिए एकमात्र विशेषज्ञ स्पिनर को चुनने के लिए गंभीर को कुछ माथापच्ची करनी होगी। जडेजा का विदेश में बल्लेबाजी रिकॉर्ड अच्छा रहा है लेकिन अगर भारत को 20 विकेट हासिल करने हैं तो फिर कुलदीप की भूमिका महत्वपूर्ण हो जाएगी। कुलदीप यहां की परिस्थितियों में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के अच्छे सहयोगी साबित हो सकते हैं। जडेजा बनाम कुलदीप अंतिम एकादश के लिए सबसे बड़ी पहेली है जिसे गंभीर और कोचिंग स्टाफ को सुलझाना होगा।



कुलदीप यादव

**20** जून से हेडिंग्ले में होगा मुकाबला पांच टेस्ट मैच खेले जाएंगे

इसी तरह इस मैच से कोचों और कप्तान शुभमन गिल को यह देखने का मौका मिलेगा कि आकाश दीप की फुल लेंथ या प्रसिद्ध कृष्णा की बैक ऑफ द लेंथ में से कौन सी गेंद इन परिस्थितियों में बेहतर काम करती है। छह महीने बाद लाल गेंद से मैच खेलने वाले बुमराह को कई स्पैल में गेंदबाजी करने और अपनी फिटनेस को परखने का मौका मिलेगा। पीठ के निचले हिस्से में लगी चोट से वापसी के बाद से उन्होंने सिर्फ आईपीएल खेला है।

# दौरा यादगार बनाने के लिए हर गेंद पर चुनौती पेश करें

बेकेनहैम (इंग्लैंड), एजेंसी



● भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह

भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने अपनी टीम से अपने 'कम्फर्ट जोन' (सहज स्थिति) से बाहर निकलने का सुझाव दिया।

उन्होंने कहा संन्यास ले चुके स्टार खिलाड़ियों विराट कोहली, रोहित शर्मा तथा आर अश्विन की अनुपस्थिति में इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज को 'यादगार' बनाएं। भारत 2007 के बाद इंग्लैंड में अपनी पहली सीरीज जीतने के इरादे से उतरेगा। दोनों टीम के बीच पांच मैच की टेस्ट सीरीज 20 जून को लीड्स में पहले टेस्ट के साथ शुरू होगी।

गंभीर ने 'बीसीसीआई.टीवी' से अश्विन, रोहित और कोहली के हाल ही में संन्यास का जिक्र करते हुए कहा इस दौरे को देखने के दो तरीके हैं। एक तो यह कि हम अपने तीन सबसे अनुभवी खिलाड़ियों के बिना हैं या हमें देश के लिए कुछ खास करने का यह अभूतपूर्व अवसर मिला है। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज ने कहा कि वह शुभमन गिल की अगुआई वाली मौजूदा टीम में कुछ खास हासिल करने के लिए 'जुनून और प्रतिबद्धता' महसूस कर सकते हैं।

उन्होंने कहा जब मैं इस समूह को देखता हूं तो मुझे कुछ खास करने की भूख, जुनून और प्रतिबद्धता दिखती है। अगर हम त्याग करते हैं, अगर हम अपनी सहज स्थिति से बाहर आते हैं, अगर हम हर दिन नहीं बल्कि हर सत्र, हर घंटे और हर गेंद पर चुनौती पेश करना शुरू करते हैं तो मुझे लगता है कि हम इसे एक यादगार दौरा बना सकते हैं। गंभीर ने इंग्लैंड दौरे पर पूरी टीम का स्वागत किया और बी साई सुदर्शन से शुरुआत करते हुए कुछ सदस्यों की विशेष सराहना की। गंभीर ने उम्मीद जताई कि तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह टेस्ट क्रिकेट में भी अपना प्रभाव छोड़ेंगे।

## एक नजर

### लगातार 35 घंटे गोल्फ खेलकर बनाया नया 'विश्व रिकॉर्ड'

**न्यूयॉर्क :** न्यूयॉर्क के एक गोल्फर ने लगातार सबसे अधिक घंटे गोल्फ खेलने का रिकॉर्ड बनाने का दावा किया है। उन्होंने लॉन्ग आइलैंड के एक कोर्स पर रविवार शाम से मंगलवार सुबह तक लगातार 35 घंटे गोल्फ खेली। केलेची एजीही नाम के इस खिलाड़ी ने शुरू में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाने के लिए 24 घंटे खेलने की योजना बनाई थी, लेकिन कुछ घंटों बाद उन्हें पता चला कि मई में नॉर्वे के एक कोर्स पर एक ब्रिटिश गोल्फर लगातार 32 घंटे खेला था। उन्होंने बताया कि उनकी बहन ने इंटरनेट पर सर्च करते समय 32 घंटे का रिकॉर्ड देखने के बाद उन्हें फोन किया था।

### पहली रग्बी प्रीमियर लीग का आयोजन 15 जून से मुंबई में

**नई दिल्ली :** पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। इस लीग के आयोजकों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। जीएमआर स्पोर्ट्स के सीईओ और इस प्रतियोगिता के प्रमोटर सत्यम त्रिवेदी ने बताया कि इस लीग का आयोजन 15 से 29 जून तक मुंबई के अंधेरी स्थित मुंबई फुटबॉल एरेना में किया जाएगा। भारत में पहली बार आयोजित की जा रही इस लीग में छह फ्रेंचाइजी दिल्ली रेड्ज, हैदराबाद हीरोज, कलिंगा ब्लैक टाइगर्स, चेन्नई बुल्स, मुंबई ड्रीमर्स और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स भाग लेंगी। इस लीग का प्रारूप रग्बी 7 होगा, जिसे ओलंपिक खेल के रूप में मान्यता प्राप्त है। पारंपरिक रग्बी यूनियन प्रारूप के विपरीत रग्बी 7 प्रारूप में मैदान पर प्रत्येक टीम के सात खिलाड़ी होते हैं तथा सात सात मिनट के दो हाफ होते हैं।

### रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के बाद पोलैंड के कोच ने इस्तीफा दिया

**वारसॉ (पोलैंड) :** पोलैंड की राष्ट्रीय फुटबॉल टीम के कोच मिशल प्रोबिएरज़ ने स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के साथ विवाद के कुछ दिनों बाद मुख्य कोच के पद से इस्तीफा दे दिया है। पोलैंड फुटबॉल संघ द्वारा जारी बयान में प्रोबिएरज ने कहा मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि वर्तमान स्थिति को देखते हुए राष्ट्रीय टीम के हित में सबसे अच्छा निर्णय मुख्य कोच के पद से मेरा इस्तीफा है।

### भारतीय गोल्फर दीक्षा ने हुलेनकोर्ट में पार-72 का कार्ड खेला

**हुलेनकोर्ट (बेल्जियम) :** भारतीय गोल्फर दीक्षा डागर ने हुलेनकोर्ट वुमेन ओपन के पहले दौर में इवन पार 72 का कार्ड खेला। इस प्रतियोगिता में खेल रही सात भारतीयों में शामिल दीक्षा ने तीन बोगी के मुकाबले तीन बर्डी लगाये। अन्य भारतीयों में अवनि प्रशांत ने सात होल के खेल के बाद एक अंडर का स्कोर किया है जबकि अमनदीप द्राल और स्नेहा सिंह एक समान दो ओवर 74 के कार्ड के साथ संयुक्त 67वें स्थान पर है। त्वेसा मलिक और वाणी कपूर संयुक्त रूप से 106वें स्थान पर है। इन दोनों ने एक समान 76 के कार्ड खेले हैं। हिताक्षी बख्शी 79 के कार्ड के साथ संयुक्त 128वें स्थान पर है।



लंदन के क्वींस क्लब में एचएसबीसी चैंपियनशिप के चौथे दिन डायना श्नाइडर के खिलाफ मैच के दौरान एक अंक जीतने के बाद केटी बौल्टर प्रतिक्रिया व्यक्त करती हुईं। ● एजेंसी

# दक्षिण अफ्रीका पहली पारी में 138 रन पर ढेर

आईएसएसएफ विश्व कप

लंदन, एजेंसी

कप्तान कैट कमिंस के छह विकेट की बदौलत दक्षिण अफ्रीका को 138 रन पर ढेर करने के बाद ऑस्ट्रेलिया ने आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को यहां दूसरी पारी में चाय तक दो विकेट 32 रन बनाकर अपनी कुल बढ़त 106 रन तक पहुंचाई।

कमिंस (28 रन पर छह विकेट) की तूफानी गेंदबाजी के सामने दक्षिण अफ्रीका की टीम 57.1 ओवर में सिर्फ 138 रन पर सिमट गई जिससे पहली पारी में 212 रन बनाने वाले ऑस्ट्रेलिया को 74 रन की बढ़त मिली। मिचेल स्टार्क ने भी 41 रन देकर दो विकेट चटकाए। डेविड बेडिंघम 111 गेंद में छह चौकों की मदद से 45 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। कप्तान तेम्बा बावुमा ने 36 रन की पारी खेली। कमिंस की तूफानी गेंदबाजी के सामने हालांकि दक्षिण अफ्रीका ने अपने पांच विकेट सिर्फ 12 रन जोड़कर गंवाए। ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में भी शुरुआत खराब रही और उसने सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा (06) और कैमरन ग्रीन (00) के विकेट गंवा दिए हैं। चाय के विश्राम के समय सलामी बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन 16 जबकि अनुभवी स्टीव स्मिथ चार रन बनाकर खेल रहे थे। ख्वाजा को कागिसो रबाडा (15 रन पर दो विकेट) ने विकेटकीपर काइल वेरेने के हाथों कैच कराया जबकि ग्रीन ने इसी तेज गेंदबाज की गेंद पर वियान मुल्डर को कैच थमाया। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ने आसमान के छाए बादलों के बीच सुबह के सत्र में 78 रन जोड़े और बावुमा (36) के रूप में एकमात्र विकेट गंवाकर वापसी की कोशिश की। दक्षिण अफ्रीका ने दिन की शुरुआत चार विकेट पर 43 रन से की। बावुमा ने स्टार्क पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि बेडिंघम ने भी इस तेज गेंदबाज की गेंद को बाउंड्री के दर्शन कराए। बावुमा ने स्टार्क और हेजलवुड पर चौका मारने के बाद कमिंस की गेंद को दर्शकों के बीच पहुंचाया लेकिन फिर कवर्स में लाबुशेन को कैच दे बैठे।





ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा को आउट करने का जश्न मनाते हुए। ● एजेंसी

● ऑस्ट्रेलिया ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 32 रन बनाए, कुल बढ़त 106 रन की हुई

**दक्षिण अफ्रीका पहली पारी**

**138/10** (57.4 ओवर)

| | |
|---|---|
| ऐडन मारक्रम बो स्टार्क | 00 |
| रेयान रिकल्टन का ख्वाजा बो स्टार्क | 16 |
| वियान मुल्डर बो कमिंस | 06 |
| तेम्बा बावुमा का लाबुशेन बो कमिंस | 36 |
| ट्रिस्टन स्टब्स बो हेजलवुड | 02 |
| डेविड बेडिंघम का कैरी बो कमिंस | 45 |
| काइल वेरेने पगबधा बो कमिंस | 13 |
| मार्को यानसेन का एवं बो कमिंस | 00 |
| केशव महाराज रन आउट | 07 |
| कागिसो रबाडा का वेबस्टर बो कमिंस | 01 |
| लुंगी एनगिडी नाबाद | 00 |

**गेंदबाजी :** स्टार्क 13-3-41-2, हेजलवुड 15-5-27-1, कमिंस 18.1-6-28-6, लियोन 8-3-12-0, वेबस्टर 3-0-20-0

# भारत अच्छी तैयारी के साथ आया होगा : ब्रेंडन

**लंदन :** इंग्लैंड के मुख्य कोच ब्रेंडन मैकुलम का मानना है कि भारत पांच टेस्ट मैच की सीरीज के लिए अच्छी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ यहां आया होगा, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि उनके खिलाड़ी इस बात को अच्छी तरह से समझते हैं कि एक टेस्ट टीम के रूप में हम कहां पहुंचना चाहते हैं। भारत अपने नए विश्व टेस्ट चैंपियनशिप चक्र की शुरुआत 20 जून से लीड्स में इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की सीरीज के साथ करेगा।

मैकुलम ने स्काई स्पोर्ट्स क्रिकेट से कहा वह शानदार क्रिकेट खेलने वाला देश है, जो बड़ी उम्मीदों के साथ यहां आया होगा और हम उनकी चुनौती के लिए तैयार हैं। इंग्लैंड ने हाल ही में छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज में वेस्टइंडीज़ का सफाया किया। अब उनका ध्यान लाल गेंद के प्रारूप पर है क्योंकि वे भारत और इस साल के अंत में होने वाली एशेज की तैयारी कर रहे हैं। मैकुलम ने कहा यह महत्वपूर्ण है कि खिलाड़ी तरोताजा रहें। हम जानते हैं कि टेस्ट टीम के रूप में हमें कहां पहुंचना है। इंग्लैंड की टीम में तेज गेंदबाज मार्क वुड नहीं होंगे, जो चोट के कारण कम से कम पहले तीन टेस्ट से बाहर हो गए हैं। जोफ्रा आर्चर भी शुरुआती टेस्ट से बाहर रहेंगे।



# भारत प्रो लीग हॉकी में गोल खारिज होने से अर्जेंटीना से हारा



जीत का जश्न मनाते हुए अर्जेंटीना के खिलाड़ी। ● एजेंसी

एम्सटेलवीन (नीदरलैंड), एजेंसी

एफआईएच प्रो लीग हॉकी

● अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले

● भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है

भारत का आखिरी मिनटों में पेनल्टी पर किया गया गोल नाटकीय परिस्थितियों में खारिज कर दिया गया और फिर जुगराज सिंह गोल करने में विफल रहे जिससे टीम को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोपीय चरण में बृहस्पतिवार को अर्जेंटीना से 1-2 से हार का सामना करना पड़ा।

भारतीय टीम की इस दौरे पर यह चार मैचों में चौथी हार है। ड्रैग फ्लिकर जुगराज ने चौथे मिनट में ही मैच के पहले पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई लेकिन टॉमस डोमेने (नौवें और 49वें मिनट) ने पेनल्टी कॉर्नर से दो गोल करके अर्जेंटीना को जीत दिला दी। चौथे और अंतिम क्वार्टर में 1-2 से पिछड़ने के बाद भारत को अंतिम हूटर से दो मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक मिला और जुगराज ने गेंद को अर्जेंटीना के गोल पोस्ट के अंदर डाल दिया।

अर्जेंटीना ने इस आधार पर वीडियो रेफरल मांगा कि स्ट्रोक लेते समय जुगराज का बायां पैर गेंद से काफी आगे था। वीडियो अंपायर ने अर्जेंटीना के पक्ष में फैसला सुनाया लेकिन भारत की अगुवाई कर रहे कप्तान हार्दिक सिंह ने रेफरी से यह जांचने के लिए कहा कि क्या जुगराज के स्ट्रोक लेने से पहले अर्जेंटीना के गोलकीपर टॉमस सैंटियागो गोल-लाइन से आगे थे। इस बार भारत को वीडियो अंपायर से अनुकूल फैसला मिला। जुगराज को स्ट्रोक फिर से लेने की अनुमति दी गई, लेकिन इस बार सैंटियागो ने उनके शॉट को बचा लिया। नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह उंगली की चोट के कारण बाहर है ऐसे में हार्दिक ने भारत की अगुआई की। अर्जेंटीना को आठ पेनल्टी कॉर्नर मिले, जबकि भारत को सिर्फ तीन मिले। भारत को इससे पहले बुधवार को इसी प्रतिद्वंद्वी से 3-4 से हार का सामना करना पड़ा था। भारत प्रो लीग के इस यूरोपीय चरण के दौरान ओलंपिक चैंपियन नीदरलैंड से 1-2 और 2-3 से हार गया था। यह भारत का यहां चौथा और आखिरी मैच था और अब वे शनिवार को मजबूत ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए बेल्जियम के एंटवर्प की यात्रा करेंगे।

# विंबलडन पुरस्कार राशि में बढ़ोतरी

**लंदन :** इस साल विंबलडन में कुल पुरस्कार राशि सात फीसदी इजाफे के साथ बढ़कर रिकॉर्ड 53.5 मिलियन पाउंड हो जाएगी। 2024 में 50 मिलियन पाउंड की पुरस्कार राशि 2015 में प्रस्तावित 27 मिलियन पाउंड से दोगुनी है।

बीबीसी की एक खबर के अनुसार, कार्लोस अल्काराज़ और बारबोरा क्रेजिकोवा ने पिछले साल क्रमशः पुरुष और महिला एकल खिताब जीतने के लिए 2.7 मिलियन पाउंड जीते थे जबकि इस साल के विजेताओं को तीन मिलियन पाउंड मिलेंगे, जो 11 प्रतिशत ज्यादा होंगे। इसी तरह पहले दौर में बाहर होने वाले खिलाड़ियों को 66 हजार पाउंड मिलेंगे, जो 10 फीसदी की वृद्धि है।

# सिफत कौर ने जीता कांस्य पदक

म्यूनिख, एजेंसी

आईएसएसएफ विश्व कप



सिफत कौर सामरा। ● एजेंसी

● 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में मिली सफलता

शीर्ष भारतीय निशानेबाज सिफत कौर सामरा ने बृहस्पतिवार को यहां आईएसएसएफ विश्व कप में महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच कांस्य पदक जीता। महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन स्पर्धा में मौजूदा विश्व रिकॉर्ड धारक 23 वर्षीय सिफत ने आठ निशानेबाजों के फाइनल में 453.1 अंक बनाए।

नॉर्वे की जीनेट हेग ड्यूस्टेड ने 466.9 अंक के साथ स्वर्ण पदक जीता जबकि स्विट्जरलैंड की एमिली जैगी ने 464.8 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में अंकुश जाधव फाइनल में जगह बनाने में नाकाम रहे। वह छह सीरीज के क्वालीफिकेशन में 631.7 अंक के साथ 11वें स्थान पर रहे। उमामहेश मादिनेनी ने 632.3 अंक के साथ सातवां स्थान हासिल किया लेकिन वह फाइनल में जगह बनाने के पात्र नहीं थे क्योंकि वह केवल रैंकिंग अंक के लिए चुनौती पेश कर रहे थे। आर्जुन 629.1 अंक के साथ 43वें जबकि संदीप सिंह 628.3 अंक के साथ 53वें स्थान पर रहे। एमिली 590 अंक के साथ क्वालीफिकेशन में नौवें स्थान पर रहीं थी लेकिन फाइनल में जगह बनाने में सफल रहीं क्योंकि शीर्ष आठ में शामिल दो निशानेबाज केवल रैंकिंग अंक के लिए निशानेबाजी कर रहीं थी। पंजाब की रहने वाली सिफत ने क्वालीफिकेशन में नीलिंग, प्रोन और स्टैंडिंग के तीन चरण में कुल 592 अंक हासिल करके दूसरा स्थान हासिल किया।

# रग्बी जल्द बनेगा करियर का बेहतर विकल्प : बोस

नई दिल्ली, एजेंसी



राहुल बोस। ● एजेंसी

● राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस ने कहा तीन-चार वर्षों हो सकता है बड़ा बदलाव

भारत में पेशेवर रग्बी अभी तक आर्थिक तौर पर व्यवहार्य करियर विकल्प नहीं बन पाया है, लेकिन इसके राष्ट्रीय महासंघ के अध्यक्ष राहुल बोस का मानना है कि रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) अगले तीन से चार वर्षों में इस मामले में बड़ा बदलाव ला सकती है।

'इंग्लिश ऑगस्ट', 'मिस्टर एंड मिसेज अय्यर' और 'चमेली' जैसी फिल्मों में अपने अभिनय की छाप छोड़ने वाले 57 साल के बोस ने भारत के लिए रग्बी के 17 मैच खेले हैं। वह पिछले दो दशकों से अधिक समय से भारत में इस खेल का चेहरा रहे हैं। जीएमआर स्पोर्ट्स के समर्थन से भारत में पहली रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) का आयोजन 15 जून से मुंबई में किया जाएगा। इसमें छह फ्रेंचाइजी टीम भाग लेंगी। दो सप्ताह तक चलने वाली इस लीग में भारतीय खिलाड़ियों को खुद को बेहतर बनाने के मौके के साथ 50,000 रुपये से 5.5 लाख रुपये तक के अनुबंध भी मिल रहे हैं। बोस ने पीटीआई को दिये विशेष साक्षात्कार में कहा लीग के लिए खिलाड़ियों की नीलामी में शीर्ष खिलाड़ी को साढ़े पांच लाख में खरीदा गया। क्या यह किसी के लिए वित्तीय रूप से व्यवहार्य खेल हो सकता है? निश्चित रूप से आने वाले तीन से चार साल में ऐसा संभव है।

'रग्बी इंडिया' भी राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों को 60,000 से एक लाख रुपये का भुगतान करता है। कुछ समय पहले तक इस इस खेल का शासी निकाय खिलाड़ियों को कोई भुगतान करने की स्थिति में नहीं था ऐसे में इसे बड़े बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है। बोस ने कहा हमारा खेल सबसे गरीब लोगों द्वारा खेला जाता है। हमारे राष्ट्रीय शिविर में जगह बनाने वाले खिलाड़ी 60,000 से एक लाख रुपये तक कमाते हैं। ऐसे में अगर तीन लाख रुपये तक की सालाना कमाई कर पा रहे हैं तो छोटे शहरों या गांव में इससे आजीविका चल सकती है। बोस ने बताया, ''मैं यह बिल्कुल नहीं कह रहा हूं कि यह रकम पर्याप्त है। हमें उनके हाथों में जितना संभव हो उतना पैसा देने की जरूरत है।

रग्बी इंडिया के प्रमुख इस बात से खुश हैं कि देश में 1600 से अधिक पंजीकृत खिलाड़ियों में से उनका महासंघ बड़ी संख्या में खिलाड़ियों को वित्तीय रूप से मदद करने की स्थिति में है।

# जोरदार धमाका... विमान के उड़े परखचे, सड़क पर बिखर गईं लाशें

## विमान गिरने से तहस-नहस हुआ मेडिकल कॉलेज का आवासीय परिसर, कई हिस्सों में लगी आग

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद हवाई अड्डे से लंदन के लिए टेकऑफ करते ही चालक दल को एहसास हो गया कि विमान और उसमें सवार यात्री गंभीर खतरे से घिर गए हैं। फौरन एटीसी (हवाई यातायात नियंत्रक) को आपात संदेश भेजा गया, लेकिन कुछ करने लायक समय नहीं बचा था। कुछ ही पलों के अंदर विमान नीचे आते-आते बीजे मेडिकल कॉलेज की इमारत से टकराया। जोरदार धमाके के साथ विमान के परखचे उड़ गए। इसी के साथ विमान में बैठे यात्रियों की लाशें सड़क पर इधर-उधर बिखर गईं।

विमान के गिरने के बाद मेडिकल कॉलेज की इमारत से आग की लपटों के बीच काले धुएं के गुबार उठने लगे। मौके पर मंजर बेहद दिल दहलाने वाला था। कहीं कोई जला शव पड़ा था तो कहीं किसी यात्री के शरीर के टुकड़े हो गए थे। विमान दुर्घटना के बाद बचाव के लिए प्रशासनिक मशीनरी को सक्रिय होने में करीब आधे घंटे का समय लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक सबसे पहले हादसे में जीवित बचे लोगों की तलाश की गई लेकिन काफी देर तक एक भी जीवित यात्री की



घटनास्थल पर पीड़ित परिवार की सदस्य।

तलाश कामयाब नहीं हो सकी।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि विमान बहुत नीचे उड़ रहा था और यह सरकारी चिकित्सा महाविद्यालय से संबद्ध चिकित्सकों के आवासीय परिसर पर गिरा। उन्होंने कहा, वहां कई पांच मंजिला इमारतें हैं, जिनका इस्तेमाल चिकित्सकों के आवास के तौर पर होता है। वहां रहने वाले कई लोग घायल हो गए। हादसे के तुरंत बाद इमारतों में भी आग लग गई। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि परिसर में खड़ी कई कार और वाहन भी आग की चपेट में आ गए। अग्निशमन दल के पहुंचने तक इमारतों और वाहनों से लपटें उठती रहीं।

### टेक ऑफ करते ही पायलट ने की मेडे कॉल बैक किया तो नहीं दिया जवाब

**अहमदाबाद।** एअर इंडिया विमान के पायलट ने हादसे से ठीक पहले अति आपात संदेश (मेडे कॉल) अहमदाबाद एटीसी को भेजा था। नागर विमानन महानिदेशालय डीजीसीए के बयान के मुताबिक इसके बाद एटीसी की ओर से की गई कॉल पर विमान के पायलट की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी गई। डीजीसीए ने बताया कि विमान की कमान कैप्टन सुमित सभरवाल के पास थी, उनके साथ फर्स्ट ऑफिसर क्लाइव कुंदर थे। कैप्टन सुमित सभरवाल एलटीसी हैं और उन्हें 8200 घंटों का अनुभव है। सह पायलट को 1100 घंटों के उड़ान का अनुभव है। डीजीसीए ने एक बयान में बताया कि एटीसी के अनुसार, विमान ने अहमदाबाद से रनवे 23 से भारतीय समयानुसार एक बजकर 39 मिनट पर उड़ान भरी। इसने एटीसी को अति आपात कॉल (मेडे कॉल) किया, लेकिन उसके बाद एटीसी की कॉल का पायलट ने कोई जवाब नहीं दिया।

**मुख्य पायलट कैप्टन सुमित सभरवाल को था 82,00 घंटों का अनुभव**

**को पायलट क्लाइव कुंदर भी 11,00 घंटे की भर चुके थे उड़ान**

### क्या है मेडे कॉल...

मेडे का मतलब होता है कि विमान और यात्रियों की जान संकट में है और उसे आपातकालीन मदद की जरूरत है। इसलिए पायलट को आपात स्थिति में तीन बार मेडे बोलने को कहा जाता है। मेडे का इस्तेमाल इसलिए किया जाता है क्योंकि अगर पायलट सीधे बता दे कि विमान में कोई गंभीर दिक्कत है तो यात्रियों में डर फैल सकता है।



हादसे के बाद घटनास्थल पर युद्धस्तर पर बचाव कार्यों में जुटे राहत कर्मी।



घटनास्थल पर टूटा पड़ा बोइंग विमान का एक पहिया।



विमान के टकराकर गिरने के बाद कई इमारतों में आग लग गई, जिसे बुझाने के लिए अग्निशमन कर्मियों को कई घंटे तक मशक्कत करनी पड़ी।

### घटनास्थल का खौफनाक मंजर...



विमान हादसे में मारे गए एक यात्रा का शव ले जाते स्वास्थ्यकर्मी।



हादसे के बाद घटनास्थल पर बिखरा विमान का मलबा।

## बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह और बीएसएफ की दो टीम पहुंची

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में बृहस्पतिवार को एअर इंडिया का विमान दुर्घटनाग्रस्त होने बाद मौके पर बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ की छह टीम और बीएसएफ की दो टीम मौके पर भेजी गई हैं।

एनडीआरएफ के एक अधिकारी ने बताया कि बल की दो टीम अहमदाबाद हवाई अड्डे के निकट घटनास्थल पर पहुंच गई हैं, जबकि चार अन्य टीम भी वहां पहुंच रही हैं। बीएसएफ के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के फ्रंटियर मुख्यालय से दो टीम भी दुर्घटना स्थल पर भेजी गई हैं। हवाई अड्डे को सुरक्षा प्रदान करने वाले सीआईएसएफ के जवान, स्थानीय अग्निशमन और पुलिस अधिकारियों के साथ दुर्घटना स्थल पर पहुंचने वाले शुरुआती बचावकर्मियों में शामिल हैं।

- सीआईएसएफ, फायर ब्रिगेड और पुलिस के जवान भी बचाव के लिए मौके पर पहुंचे

### अहमदाबाद और दिल्ली में बनाए गए नियंत्रण कक्ष

**नई दिल्ली।** सहायता कार्यों की निगरानी और समन्वय के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। दुर्घटना संबंधी विवरण के लिए 011-24610843, 9650391859 नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। अहमदाबाद में नियंत्रण कक्ष का नंबर 9978405304 / 079-23251900 है। हवाई अड्डे पर हेल्पलाइन 9974111327 स्थापित किया गया है। एअर इंडिया का यात्री हॉटलाइन नंबर 1800 5691 444 है। 011-24610843/9650391859 पर दिल्ली नियंत्रण कक्ष तथा परिचालन नियंत्रण कक्ष अहमदाबाद से 9978405304/079-23251900 पर संपर्क किया जा सकता है।

### हादसे के बाद ब्रिटिश उच्चायोग सक्रिय

**नई दिल्ली।** विमान हादसे के बाद भारत स्थित ब्रिटिश उच्चायोग ने कहा कि वह तथ्यों का तत्काल पता लगाने और सहायता प्रदान करने के लिए स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर काम कर रहा है। विमान के 242 यात्रियों में 169 भारतीयों के अलावा 53 ब्रिटिश, सात पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक शामिल हैं। ब्रिटिश उच्चायोग ने आधिकारिक 'एक्स' हैंडल पर कहा, हमारी संवेदनाएं उन सभी लोगों के साथ हैं जो प्रभावित हुए हैं।

### बोइंग कंपनी के शेयर हुए धड़ाम

**वाशिंगटन।** विमान विनिर्माता कंपनी बोइंग के विमान के हादसे का शिकार होने की खबर आने के बाद कंपनी के शेयर बाजार खुलने से पहले के कारोबार में करीब नौ प्रतिशत लुढ़क गया। बोइंग ने कहा कि वह एयर इंडिया के बेड़े में शामिल अपने विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बारे में जानकारी जुटाने में लगी है।

### देश प्रभावित लोगों के साथ खड़ा : मुर्मू



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अहमदाबाद विमान दुर्घटना को हृदय विदारक आपदा बताते हुए गुरुवार को कहा कि राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में प्रभावित लोगों के साथ खड़ा है। राष्ट्रपति मुर्मू ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि वह इस दुखद विमान दुर्घटना के बारे में जानकर बहुत व्यथित हैं। उन्होंने कहा कि यह हृदय विदारक आपदा है। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं प्रभावित लोगों के साथ हैं। राष्ट्र इस अवर्णनीय दुख की घड़ी में उनके साथ खड़ा है।

### विमान हादसे का दृश्य भयावह : स्टॉर्मर



**लंदन।** ब्रिटिश प्रधानमंत्री केअर स्टॉर्मर ने गुरुवार को अहमदाबाद से लंदन जाने वाले एअर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने पर शोक व्यक्त किया है। इस विमान में 53 ब्रिटिश नागरिक भी सवार थे। स्टॉर्मर ने कहा कि कई ब्रिटिश नागरिकों को लेकर लंदन आ रहे विमान के अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त होने का दृश्य भयावह है। इस अत्यंत दुखद समय में मेरी संवेदनाएं यात्रियों और उनके परिवारों के साथ हैं।

### पहले भी हो चुके कई विमान हादसे

- 01जनवरी 1978 को एयर इंडिया की उड़ान संख्या 855 का बोइंग 747 विमान मुंबई से उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों बाद अरब सागर में गिर गया। विमान के सभी 213 यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की मृत्यु हो गई थी।
- 23 जून 1985 को टोरंटो से दिल्ली आ रहे एयर इंडिया की उड़ाना संख्या 182 के विमान सम्राट कनिष्क को खालिस्तानी आतंकवादियों ने आयरलैंड तट के पास बम विस्फोट से उड़ा दिया। विमान में सवार सभी 329 लोगों की मौत हो गई।
- 14 फरवरी 1990 को बेंगलुरु में एयरबस ए320 विमान लैंडिंग के दौरान रनवे से आगे निकलकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया । हादसे में 92 लोगों की मृत्यु हो गई थी।
- 12 नवम्बर 1996 को हरियाणा के चरखी दादरी में दो विमान हवा में ही टकरा गए थे। एक विमान सऊदी एयरलाइंस और दूसरा कज़ाकिस्तान एयरलाइंस का था। इस हादसे में दोनों विमानों में सवार सभी 349 लोगों की मौत हो गई ।
- 22 मई 2010 को दुबई से मैंगलोर लौट रहे एयर इंडिया एक्सप्रेस का बोइंग 737 विमान के रनवे से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने से 158 लोगों की मौत हो गई।
- 07 अगस्त 2020 को केरल के कोझिकोड एयरपोर्ट पर एयर इंडिया एक्सप्रेस का वंदे भारत मिशन पर गया विमान दुबई से लौट रहा विमान रनवे से फिसल का दो हिस्सों में टूट गया। इस हादसे में 21 लोगों की जान चली गई।
- 17 जुलाई 2000 को अलायंस एयर के विमान के पटना के रिहायशी इलाके में गिरने से 56 यात्रियों की मौत हो गई थी।

# इरान पर हमला करने की तैयारी में इजरायल

## अमेरिका खुफिया एजेंसी का अलर्ट, इजरायल कर चुका है सैन्य अभियान की पूरी तैयारी

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका की खुफिया एजेंसियों ने संकेत दिया है कि इजरायल, ईरान के परमाणु प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर हमला करने की तैयारी कर रहा है। 'सीबीएस न्यूज' की रिपोर्ट के मुताबिक कई स्रोतों ने पुष्टि की है कि अमेरिकी प्रशासन को ईरान में सैन्य अभियान शुरू करने के लिए इजरायल की पूरी तैयारी के बारे में सूचित किया गया है।

इजरायली अधिकारियों और व्हाइट हाउस के प्रवक्ताओं ने हालांकि इस पर टिप्पणी करने से इनकार किया है। इससे पहले बुधवार को अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने मध्य पूर्व से अमेरिकी सैन्य आश्रितों के स्वैच्छिक प्रस्थान को मंजूरी दे दी।

- अमेरिका ने अपने कर्मचारियों को दूतावास छोड़ने का आदेश दिया

गैर-आवश्यक अमेरिकी दूतावास के कर्मचारियों और उनके आश्रितों को भी ईरान छोड़ने का आदेश दिया गया है। ईरान के संयुक्त राष्ट्र मिशन ने कल ही 'एक्स' पर अमेरिका पर इजरायली अपराधों को बढ़ावा देने का आरोप लगाया।

'एसोसिएटेड प्रेस' ने ईरानी रक्षा मंत्री अजीज नसीरज़ादेह के हवाले से कहा, यदि हम पर संघर्ष थोपा जाता है, तो प्रतिद्वंद्वी के हताहतों की संख्या निश्चित रूप से हमसे अधिक होंगे और उस स्थिति में अमेरिका को इस क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए, क्योंकि उसके सभी ठिकाने हमारी पहुंच में हैं और हम बिना किसी हिचकिचाहट के उन सभी को निशाना बनाएंगे।

### उकसाया तो इजरायल पर बरसाएंगे मिसाइलें: ईरान

**तेल अवीव/तेहरान।** ईरान ने कहा है कि अगर कोई उकसावे की कार्रवाई की गई तो वह इजरायल पर मिसाइल दागेगा। 'न्यूयॉर्क टाइम्स' की रिपोर्ट का हवाला देते हुए रूस की न्यूज एजेंसी स्पूतनिक ने कहा है कि ईरानी सेना और सरकार संभावित इजरायली हमले का जवाब देने की योजना बनाने को लेकर बैठक कर चुकी हैं। एक वरिष्ठ ईरानी अधिकारी ने चेतावनी दी कि इजरायल पर बिना किसी हिचकिचाहट के सैकड़ों बैलिस्टिक मिसाइलों की बौछार की जाएगी। ईरानी अधिकारियों ने अमेरिका के सेंट्रल कमांड के प्रमुख जनरल माइकल ई. कुरिल्ला की टिप्पणियों पर भी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

### परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा ईरान: आईएईए

**वियना।** संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था के शासी निकाय ने बृहस्पतिवार को पाया कि ईरान 20 वर्षों में पहली बार अपने परमाणु दायित्वों का पालन नहीं कर रहा है । इस कदम के कारण तनाव बढ़ सकता है व इस वर्ष के अंत में ईरान पर संयुक्त राष्ट्र के प्रतिबंधों को पुन: लागू करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। ईरान ने तत्काल प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि वह एक सुरक्षित स्थान पर एक नयी संवर्धन सुविधा स्थापित करेगा और अन्य उपायों की भी योजना बनाई जा रही है। ईरान के विदेश मंत्रालय और परमाणु ऊर्जा संगठन ने एक संयुक्त बयान में कहा, इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान के पास इस राजनीतिक प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया देने के अलावा कोई विकल्प नहीं है।

## ईरान और अमेरिका वार्ता का छठा दौर रविवार को

**मस्कट।** ओमान ने गुरुवार को घोषणा की कि वह रविवार को यहां अमेरिका और ईरान के बीच छठे दौर की अप्रत्यक्ष वार्ता की मेजबानी करेगा। ओमान के विदेश मंत्री सैय्यद बद्र बिन हमद बिन हमूद अलबुसैदी ने 'एक्स' पर यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ओमान की मदद से ईरानी और अमेरिकी प्रतिनिधिमंडलों की ईरान के परमाणु कार्यक्रम और अमेरिकी प्रतिबंधों को हटाने के संदर्भ में गत अप्रैल से अब तक मस्कट में तीन और रोम में दो अप्रत्यक्ष वार्ता आयोजित की गयी है। हाल के दिनों में अमेरिकी प्रशासन ने ईरान यूरेनियम संवर्धन को पूरी तरह से बंद कर देने की बार-बार मांग की है जिसे ईरान ने दृढ़ता से खारिज कर दिया है।

# लॉस एंजिलिस में प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें जारी, कई गिरफ्तार

लॉस एंजिलेस, एजेंसी

अमेरिका के लॉस एंजिलेस में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच जारी हिंसक झड़पों के बीच पुलिस ने प्रदर्शनकारियों के एक समूह की घेराबंदी कर उनमें से कुछ को गिरफ्तार कर लिया है। अंत में सभी को इस चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया कि अगर वे वापस आए तो उन्हें हिरासत में ले लिया जाएगा।

संवाद एजेंसी रिया नोवोस्ती के एक संवाददाता ने बताया कि जब पुलिस प्रदर्शनकारियों को घेर रही थी, तब कई पत्रकार भी वहां मौजूद थे। स्थानीय समयानुसार रात 8:50 बजे तक एक हेलिकॉप्टर निषिद्ध क्षेत्र के ऊपर मंडराता रहा, जहां प्रदर्शनकारी कर्फ्यू के बावजूद रैली कर रहे थे। इससे पहले दिन में पुलिस ने कर्फ्यू



एक प्रदर्शनकारी ने कूड़ेदान के सामने अमेरिकी झंडा लहराया।

क्षेत्र के बाहर सैकड़ों प्रदर्शनकारियों के एक समूह के खिलाफ रबर की गोलियों का इस्तेमाल किया, जिसके बाद प्रदर्शनकारी पीछे हट गए लेकिन तितर-बितर नहीं हुए।

गौरतलब है कि सात जून को दंगे उस समय भड़के, जब अमेरिकी आव्रजन और आईसीई ने अवैध प्रवासियों की पहचान करने के लिए बड़े अभियान के तहत छापेमारी शुरू की। प्रदर्शनकारियों के साथ झड़पें राज्य के लिए संभावित संघीय निधि कटौती की रिपोर्ट के बीच भड़की। बाद में व्हाइट हाउस ने घोषणा की कि दो हज़ार नेशनल गार्ड सैनिक शहर में प्रवेश करेंगे।

## मुंबई में नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ में सुरक्षा गार्ड गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के परेल इलाके की एक सोसायटी में तैनात सुरक्षा गार्ड को तीन नाबालिग लड़कियों से छेड़छाड़ के आरोप में पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार किया । अधिकारियों ने आज यह जानकारी दी।

पुलिस ने बताया कि सुरक्षा गार्ड ने सोसायटी में रहने वाली तीन लाबालिग लड़कियों के साथ कथित तौर पर छेड़छाड़ की। दो लड़कियों की उम्र 11 वर्ष और एक की 10 वर्ष है। बाद में पता चला कि आरोपी आदतन अपराधी है और उसने पहले भी नाबालिग लड़कियों के साथ छेड़छाड़ की थी। इस संबंध में भोईवाड़ा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गयी जिसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने सुरक्षागार्ड के खिलाफ पॉक्सो अधिनियम, 2012 और कई संबंधित धाराओं सहित विभिन्न कानूनी प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

## रूस के यूक्रेन पर हमले में तीन की मौत

कीव, एजेंसी

रूसी सेना द्वारा ड्रोन एवं अन्य हथियारों से यूक्रेन पर किए गए हमले में तीन लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। यूक्रेन के साथ युद्ध विराम स्वीकार करने के लिए अंतरराष्ट्रीय दबाव के बावजूद भी रूस ने यह हमला किया।

यूक्रेन की वायुसेना के अनुसार, रूस ने रात भर में यूक्रेन पर 63 ड्रोन एवं अन्य हथियारों से हमला किया। इसने कहा कि वायु रक्षा प्रणाली ने 28 ड्रोन नष्ट कर दिए जबकि 21 अन्य को रोक लिया गया। यूक्रेन की पुलिस ने बताया कि रूसी आक्रमण का केंद्र रहे पूर्वी डोनेट्स्क क्षेत्र में पिछले 24 घंटे के भीतर दो लोग मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि दक्षिणी खेरसॉन क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा 14 अन्य घायल हो गए। यह क्षेत्र आंशिक रूप से रूसी सेना के कब्जे में है। खारकीव क्षेत्र के प्रमुख ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात भर हुए रूसी ड्रोन हमलों में चार बच्चों सहित 15 लोग घायल हो गए।

खारकीव शहर के मेयर इहोर तेरेखोव ने कहा कि रूसी ड्रोन ने आवासीय जिलों, शैक्षिक सुविधाओं और अन्य नागरिक बुनियादी अवसंरचना को निशाना बनाया। रूसी सेना ने हाल के दिनों में ड्रोन और मिसाइल से कई बार हमले किए हैं।

# अफगानों को सामान पैक करने के लिए 45 मिनट

तोरखम (अफगानिस्तान), एजेंसी

आदेश स्पष्ट और निर्विवाद था, लेकिन समयसीमा चौंकाने वाली थी। 'आपको केवल 45 मिनट में अपना सामान पैक करना है और हमेशा के लिए पाकिस्तान को छोड़ देना है।'

ईंट की फैक्ट्री में नौकरी करने वाला 42-वर्षीय अफगान शेर खान अपनी नौकरी के बाद घर आया। उसने दरवाजे पर सादे कपड़ों में खड़े पुलिसकर्मी को देखा। वह सोच रहा था कि एक घंटे से भी कम समय में वह कैसे सबकुछ समेट

- पाकिस्तान ने बिना मोहलत दिए भारी संख्या में विदेशियों को किया निर्वासित

सकता था और अपने जन्म के देश को छोड़ सकता था। उसने अपने सुखद जीवन के लिए जो कुछ भी बनाया था, पलक झपकते ही वह सब उससे छीन लिया गया। उसने एवं उसकी पत्नी ने अपने और अपने नौ बच्चों के लिए रसोई का कुछ सामान तथा कुछ कपड़े लिए और बाकी सब कुछ पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में अपने घर पर छोड़ कर चले गए।

पाकिस्तान में जन्मे शेर खान उन लाखों अफगानों में से एक हैं, जिन्हें अब निष्कासित कर दिया गया है। पाकिस्तान का कहना है कि देश में अवैध रूप से रह रहे विदेशियों पर अक्टूबर 2023 में शुरू की गई राष्ट्रव्यापी कार्रवाई के कारण अब तक लगभग 10 लाख अफगान नागरिक देश छोड़कर जा चुके हैं। पाकिस्तान का कहना है कि लाखों लोग अब भी वहां रह रहे हैं और वह चाहता है कि वे लोग चले जाएं।

अफगान सीमा के पार तोरखम में धूल भरे शरणार्थी शिविर में खड़े शेर खान ने कहा, हमारा सब कुछ तो पीछे छूट गया। हमने (वर्षों से) उन चीज़ों को इकट्ठा करने की बहुत कोशिश की, जो हमारे पास सम्मान के साथ थीं। यह शिविर निष्कासित शरणार्थियों के लिए पहला पड़ाव था। पाकिस्तान ने इस साल की शुरुआत में अफगानों के यह देश छोड़ने या निर्वासन के लिए कई समय सीमाएं तय की थीं। अफगान नागरिक कार्डधारकों को 31 मार्च तक राजधानी इस्लामाबाद और रावलपिंडी शहर छोड़ना था, जबकि पंजीकरण प्रमाण वाले लोग 30 जून तक रह सकते थे।